मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 291

जयपुर

मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

# महानगर टाइम्स

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।

facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com

जयपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर, 2025

जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जयपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का किया दौरा, स्थानीय लोगों-जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

# जोधपुर-बीकानेर को वंदे भारत और जैसलमेर को नई रेल सेवा का तोहफा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजस्थान को बड़ी रेल सौगात देते हुए जोधपुर और बीकानेर को दिल्ली से जोड़ने वाली वंदे भारत ट्रेनों के साथ-साथ जैसलमेर के लिए एक नई ओवरनाइट एक्सप्रेस ट्रेन की घोषणा की। रेल मंत्री ने गुरुवार को जयपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों का दौरा करते हुए इनके विकास की गति पर संतोष जताया। इसके साथ ही कुछ मार्गदर्शन और सलाह भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शहरवासियों को दी।

रेलमंत्री वैष्णव ने गुरुवार को गांधी नगर रेलवे स्टेशन के अवलोकन के दौरान मीडिया से बातचीत में बताया कि हमने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक से चर्चा की है कि किस तरीके से राजस्थान के लिए नई गाड़ियां लाई जा सकें। जोधपुर से दिल्ली नई वंदे भारत की तैयारी अच्छी है। इसे जल्द शुरू किया जाएगा। बीकानेर से दिल्ली नई वंदे भारत पर भी चर्चा हुई है। उसकी भी तैयारी चल रही है।

रेल मंत्री ने बताया कि जैसलमेर को पर्यटन हब के रूप में और विकसित करने पर विचार किया जा रहा है। जैसलमेर राजस्थान की एक बड़ी विरासत है, वहां का टूरिस्ट स्टेशन और बेहतर कैसे हो, इस विषय पर चर्चा हुई है। हम दिल्ली से जैसलमेर के लिए एक ओवरनाइट गाड़ी चलाने का प्रयास कर रहे हैं। इसका सभी कोणों से विश्लेषण किया जा रहा है। जल्द ही प्रस्ताव मंत्रालय में लाकर इस ट्रेन को शुरू किया जाएगा। इस दौरान जयपुर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर भी मौजूद रहे।



### ‘जयपुर के स्टेशनों के नाम के आगे लगे जयपुर’

रेलमंत्री वैष्णव ने कहा कि जयपुर में हमारे बहुत सारे रेलवे स्टेशन हैं, उनके नाम में क्या परिवर्तन कर सकते हैं। क्या जयपुर नाम जोड़ें, जिससे बाहर से आने वाले यात्रियों को स्टेशन पहचानने में आसानी हो सकेगी। उदाहरण के तौर पर जयपुर का गांधीनगर रेलवे स्टेशन को क्या जयपुर गांधीनगर नाम दिया जाए। इससे समझना आसान हो सके कि यह गुजरात का है या राजस्थान का। इसी प्रकार खातीपुरा रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर क्या जयपुर खातीपुरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं जयपुर के नागरिकों और यहां के जनप्रतिनिधियों से निवेदन करूंगा कि इस बारे में सभी को बैठकर निर्णय करना चाहिए।

### खातीपुरा रेलवे स्टेशन के विकास की योजना

खातीपुरा रेलवे स्टेशन के दौरे के दौरान रेल मंत्री ने कहा कि जयपुर में बड़ी मेंटेनेंस फैसिलिटी डवलपमेंट की योजना है, जहां एक साथ 12 से 18 गाड़ियों का मेंटेनेंस किया जा सकेगा। इस तरीके की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसमें वंदे भारत ट्रेन समेत कई ट्रेनों का मेंटेनेंस भी शामिल होगा। आने वाले समय में इसका फायदा यह होगा कि जयपुर से नई गाड़ियां शुरू की जा सकेंगी। रेल मंत्री ने यहां तैयार हो रहे कोच मेंटेनेंस परिसर के मॉडल का निरीक्षण भी किया।

**जयपुर के बेजोड़ शिल्प सौंदर्य का नमूना होगी रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग... पृष्ठ 2 पर।**



## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर

एक करोड़ का इनामी बालकृष्ण भी शामिल

महानगर संवाददाता

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में 1 करोड़ के इनामी मोडेम बालकृष्ण समेत 10 नक्सली मारे गए हैं। बालकृष्ण के पास ओडिशा राज्य कमेटी के सचिव की जिम्मेदारी थी। एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। मैनपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाके मटाल में ये मुठभेड़ हुई है। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान पर थे, तभी उनका सामना नक्सलियों से हो गया और दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई।



## ट्रंप समर्थक चार्ली कर्क की हत्या

ट्रंप ने की घोषणा, मिलेगा अमेरिका का सर्वोच्च सम्मान

विशेष संवाददाता

**यूटा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक और राइट विंग एक्टिविस्ट चार्ली कर्क की गुरुवार को एक प्रोग्राम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना यूटा राज्य की यूटा वैली यूनिवर्सिटी में हुई। चार्ली यहां द अमेरिकन कमबैक टूर प्रोग्राम में आए थे। कार्यक्रम के दौरान एक गोली उनके गर्दन के पास आकर लगी। ट्रंप ने ऐलान किया है कि वे चार्ली कर्क को मरणोपरांत अमेरिका का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' देंगे।

### प्रधानमंत्री के स्वागत में भगवामय हुआ काशी का माहौल

# भारत-मॉरीशस सिर्फ पार्टनर ही नहीं, बल्कि एक परिवार हैं : मोदी

महानगर संवाददाता

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन से पूरे शहर का माहौल भगवामय रहा। यहां उन्होंने मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें कई समझौते हुए। पीएम मोदी ने कहा- भारत और मॉरीशस पार्टनर नहीं, परिवार हैं। यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है।

वहीं मॉरीशस के पीएम डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा कि भारत मॉरीशस की प्रगति और विकास की यात्रा में हमेशा साथ रहा है। वाराणसी पहुंचने पर मुझे और मेरी पत्नी को मिले स्वागत से हम आश्चर्यचकित रह गए। मेरा मानना है कि किसी भी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसा स्वागत कभी नहीं मिला होगा। मुझे खुशी है कि यह आपका निर्वाचन क्षेत्र है। मैं समझ सकता हूं कि आप इतनी बड़ी जीत कैसे दर्ज करते हैं। इससे पहले पीएम मोदी पुलिस लाइन से 3 किमी लंबा रोड शो करते हुए होटल ताज पहुंचे। इस दौरान उनके स्वागत के लिए हजारों लोग सड़क किनारे खड़े रहे। काफिले पर फूल बरसाए। शंखनाद किया।



### ‘मॉरीशस की विकास की यात्रा में हमेशा साथ रहा भारत’

मॉरीशस पीएम ने कहा कि यह भारत की मेरी चौथी आधिकारिक यात्रा है। भारत मॉरीशस की प्रगति और विकास की यात्रा में हमेशा साथ रहा है। हमने राष्ट्रीय विकास के प्रमुख क्षेत्रों में भारत की उदार सहायता और विशेषज्ञता का लाभ उठाया है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचा और समुद्री सुरक्षा शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं। इन क्षेत्रों में भारत का समय पर दिया गया समर्थन मॉरीशस वासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में ठोस बदलाव ला रहा है।

### ‘मॉरीशस के साथ दृढ़ता से खड़ा भारत’

पीएम मोदी ने कहा कि मॉरीशस, भारत की ‘नेबरहुड फर्स्ट’ नीति और ‘विजन सागर’ का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। मार्च में मुझे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला। उस समय हमने अपने संबंधों को बढ़ी हुई रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया। उन्होंने कहा कि चागोस समझौता मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। भारत ने हमेशा उपनिवेशवाद और मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है। इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है। मोदी ने कहा कि आज हमने मॉरीशस की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्पेशल इकोनॉमिक पैकेज पर निर्णय लिया है। इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा। रोजगार के नए अवसर देगा। भारत के बाहर पहला जन औषधि केंद्र अब मॉरीशस में स्थापित हो चुका है। आज जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है, इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार है।

### बाबा विश्वनाथ की पूजा करेंगे, अयोध्या जाएंगे

मॉरीशस पीएम 12 सितंबर को वे बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। फिर सुबह 10:30 बजे अयोध्या रवाना होंगे, जहां रामलला का आशीर्वाद लेंगे। वे तिरुपति बालाजी भी जाएंगे। इसके अलावा मुंबई में एक व्यावसायिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले डॉ. रामगुलाम मई 2014 में भारत आए थे। तब वे प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने वाले इकलौते गैर-सार्क नेता थे।

### दोनों देशों के बीच यह हुआ समझौता

पीएम मोदी ने कहा कि भारत के आईआईटी मद्रास और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट ने यूनिवर्सिटी ऑफ मॉरीशस के साथ समझौते हुए हैं। ये समझौते रिसर्च, शिक्षा और इनोवेशन में आपसी साझेदारी को नई पायदान पर ले जाएंगे। फ्री, ओपेन, सेक्योर, स्थिर और समृद्ध हिंद महासागर हमारी साझा प्राथमिकता है। इस संदर्भ में मॉरीशस के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन की सुरक्षा और मैरीटाइम कैपेसिटी को मजबूत करने के लिए भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली-मप्र समेत 4 राज्यों से 5 संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार



सूफीयान अबूबकर नकवी | आफताब कुरैशी | कामरान कुरैशी उर्फ समर खान | अशहर दानिश | मोहम्मद हुजैफ यमन

### आईईडी बनाने का सामान जब्त, पाकिस्तान के संपर्क में थे

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सेंट्रल एजेंसियों ने टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। दिल्ली, झारखंड, तेलंगाना और मध्य प्रदेश से 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी स्पेशल सेल के एसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। पुलिस ने बताया कि झारखंड से दो, दिल्ली से एक, तेलंगाना से एक और मध्य प्रदेश से एक संदिग्ध को अरेस्ट किया गया है। संदिग्ध आतंकियों के पास से सल्फर पाउडर, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, सोडियम बाइकार्बोनेट, बॉल बियरिंगस और सेफ्टी ग्लास, रेस्पिरेटरी मास्क, सर्किट वायर, मदर बोर्ड, लैपटॉप और हथियार मिले हैं। ये सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स के संपर्क में थे।

### पुलिस ने बताया-लीडर का नाम गजवा था

एसीपी प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि ये लोग एक पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में थे। उसने इन्हें 'खिलाफत मॉडल' अपनाने को कहा था। इन्हें हमलों के लिए एक ठिकाना खोजना था। इसके अलावा और लोगों भी इससे जोड़ने का टास्क दिया था। टीम के लीडर दानिश को गजवा नाम दिया गया। उसका कोड नेम सीईओ था। ये लोग इस काम को प्रोफेशनली अंजाम दे रहे थे। ये पांचों लोग 20 से 25 साल के हैं। दानिश झारखंड से था। इसी ने बाकी लोगों को जोड़ा था। इसके बाद आफताब अंसारी था। ये मुंबई का रहने वाला है। आफताब को टारगेटेड किलिंग का काम दिया गया था। ये जब दिल्ली से वापस जाने वाला था तब इसे और इसके साथी सूफियान को अरेस्ट किया गया। इनके एक और साथी कामरान कुरैशी को मध्य प्रदेश के रायगढ़ से पकड़ा गया और एक पांचवें आदमी हुजेफा को तेलंगाना में निजामाबाद से अरेस्ट किया गया।

## पुलिसकर्मी जाति-धर्म से ऊपर उठकर काम करें: सुप्रीम कोर्ट

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के 2023 अकोला दंगों की जांच पर कहा कि वर्दी पहनने के बाद पुलिस को जाति-धर्म से ऊपर उठकर सिर्फ कानून के अनुसार काम करना चाहिए। कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया कि दंगों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल बनाएं, जिसमें हिंदू-मुस्लिम समुदाय के सीनियर ऑफिसर शामिल हों। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच 17 साल के मोहम्मद शरीफ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। शरीफ ने याचिका में कहा कि दंगों के दौरान मुझ पर हमला हुआ, लेकिन महाराष्ट्र पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की और ना ही जांच की। दरअसल महाराष्ट्र के अकोला में मई 2023 में हुए दंगों में 1 व्यक्ति की मौत हुई थी और दो पुलिसकर्मियों समेत आठ लोग घायल हुए थे।

### विधानसभा में कथित कैमरों के मामलों में कांग्रेस ने राज्यपाल से की शिकायत

# जासूसी कैमरों का एक्सेस सिर्फ स्पीकर के पास, कराई जाए जांच : जूली

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** विधानसभा में कैमरों के जरिए विपक्षी सदस्यों की कथित जासूसी के मामले को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मिला और मामले की जांच की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, वरिष्ठ विधायक राजेंद्र पारीक, मुख्य सचेतक रफीक खान, विधायक अमित चाचाण और अमीन कागजी शामिल थे।

जूली ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय जब सीपी जोशी विधानसभा अध्यक्ष थे, तब यूट्यूब के जरिए लाइव प्रसारण के लिए कैमरे लगाए थे, वे भी 360 डिग्री के विजुअल देते थे, लेकिन अब उनके साथ विधानसभा में लगे तमाम कैमरे बदल दिए गए हैं। जूली ने दावा किया कि टेंडर में साफ लिखा है कि दो ऑडियो रिकॉर्डिंग वाले कैमरे लगाए हैं। सदन में जो अपग्रेड कैमरे लगे हैं, उनका एक्सेस विधानसभा के पास है। जब लाइव टेलिकास्ट होता है तो पूरे राजस्थान और पूरे देश में उसे देखा जा सकता है, लेकिन जो दो स्पाई कैमरे लगे हैं, उनका एक्सेस केवल विधानसभा स्पीकर के पास है और उसका सिस्टम उनके रेस्ट रूम में लगा हुआ है। जूली ने कहा कि पूरे मामले की जांच के लिए ज्वाइंट कमेटी बनाई जाए। इसमें सत्तापक्ष के साथ विपक्षी सदस्यों को भी शामिल किया जाए। साथ ही अन्य दलों और निर्दलीय विधायकों के साथ हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस को भी कमेटी में शामिल किया जाना चाहिए। जूली ने कहा कि हमारी मांग है कि तुरंत विधानसभा को सील कर जांच की जाए, ताकि कैमरों की अदला-बदली नहीं हो सके और रिकॉर्डिंग का एक्सेस दूसरी जगह नहीं जा सके।



### काठमांडू में तख्तापलट | नेपाल में अंतरिम पीएम के लिए जेन-जी दो ग्रुपों में बंटा, प्रदर्शनकारियों में झड़प और पत्थरबाजी, लोगों ने एयरपोर्ट में छिपकर बचाई जान

# एक गुट ने सुशीला कार्की को बताया भारत समर्थक, कहा-हमें मंजूर नहीं

विशेष संवाददाता

**काठमांडू।** नेपाल में अंतरिम पीएम के नाम को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। गुरुवार को इसे लेकर जेन-जी दो ग्रुप में बंट गया। इसके बाद सेना मुख्यालय के बाहर दोनों गुटों में हाथापाई हो गई। इसमें कई युवक घायल हो गए।

प्रदर्शनकारियों के एक गुट ने अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की के नाम को खारिज कर दिया है। गुट का आरोप है कि सुशीला कार्की भारत समर्थक हैं और उन्हें यह स्वीकार नहीं हैं। गुट मांग कर रहा है कि काठमांडू मेयर बालेन शाह पीएम बने। अगर बालेन नहीं बनते हैं तो धरान मेयर हरका सम्पांग उनके पीएम उम्मीदवार होंगे। गौरतलब है कि पीएम के नाम को लेकर सेना मुख्यालय में 2 दिन से प्रदर्शनकारी गुटों के साथ बातचीत चल रही है। एक गुट बातचीत को सेना मुख्यालय की जगह राष्ट्रपति भवन में करने की मांग कर रहा है। काठमांडू में तख्तापलट के दो दिन बाद गुरुवार को जेन-जी नेता सामने आए। अनिल बनिया और दिवाकर दंगल ने कहा कि युवाओं ने यह विरोध-प्रदर्शन बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर किया है। हमारा मकसद संविधान नहीं, संसद भंग करना है। वहीं आर्मी ने एहतियातन राजधानी और उससे सटे इलाकों में तीसरे दिन कर्फ्यू जारी रखा है। नेपाल हिंसा में अब तक 34 मौतें हुई है, जबकि 1500 से ज्यादा लोग घायल हैं।

**144 लोग सुरक्षित निकाले:** आंध्रप्रदेश आईटी मंत्री नारा लोकेश ने गुरुवार को बताया कि काठमांडू से 144 तेलुगु लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। इन लोगों को एक स्पेशल विमान से विशाखापत्तनम और तिरुपति लाया गया।




### अभी पीएम पद के 4 प्रमुख दावेदार

पीएम केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद नेपाल में अंतरिम सरकार बनाने की तैयारी में राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, सेना प्रमुख और जेन-जी नेताओं के बीच बैठक हुई हैं। अंतरिम पीएम के लिए सुशीला कार्की, बालेन्द्र शाह, कुलमान घीसिंग और हरका सम्पांग के नाम आगे हैं। सेना ने कहा है कि इस राजनीतिक संकट का समाधान और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। नई कार्यकारी सरकार के पास तय समय में चुनाव कराने की जिम्मेदारी होगी।

### मोदी जी को नमस्कार करती हूं : कार्की



हिंसा से जूझ रहा नेपाल धीरे-धीरे शांति की ओर बढ़ रहा है। पूर्व चीफ जस्टिस सुशीला कार्की नेपाल की अंतिरम सरकार की प्रमुख बनने के लिए रजामंद हो गई हैं। नेपाल की कमान संभालने से पहले ही कार्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। कार्की ने कहा कि मैं मोदीजी को नमस्कार करती हूं, मुझ पर मोदीजी का बहुत अच्छा प्रभाव है। मैं उनकी कार्यशैली से प्रभावित हूं। भारत ने नेपाल की बहुत मदद की है। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि वे इस जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं। नेपाल में हालिया मूवमेंट की अगुवाई कर रहे जेन-जी ग्रुप ने मुझ पर विश्वास जताया है कि मैं भले ही छोटी अवधि के लिए, लेकिन सरकार की अगुवाई करूं। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता उन लोगों का सम्मान करने की होगी, जिन्होंने प्रदर्शनों में अपनी जान खोई है। कार्की ने कहा कि हमारा पहला काम प्रोटेस्ट के दौरान मारे गए लोगों के परिवार वालों के लिए कुछ करने का होगा।

### सीमा पर 3 दिन बाद ऑयल ट्रकों की आवाजाही शुरू

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत और नेपाल बॉर्डर से तीन दिनों बाद पहला ट्रक गुजरा। अभी सिर्फ ऑयल टैंकरों को ही नेपाल जाने की इजाजत दी जा रही है। नेपाल में चल रहे प्रदर्शनों और अशांति की वजह से सीमा पर हालात नाजुक हैं। पिछले तीन दिनों से ट्रक सीमा पर फंसे हुए थे। दरअसल प्रदर्शनों की वजह से नेपाल में तेल की बहुत कमी हो गई थी, इसलिए इन तेल टैंकरों को छोड़ा गया है।

### जयपुर के सैकड़ों पर्यटक फंसे, बस पर हुआ पथराव

नेपाल में तख्तापलट के लिए हुई हिंसा की बीच जयपुर से गए 500 से ज्यादा पर्यटकों की जिंदगी मुश्किल में पड़ गई है। काठमांडू एयरपोर्ट और आसपास के होटलों-धर्मशालाओं में ये लोग सेना और सुरक्षाबलों की निगरानी में ठहरे हुए हैं। स्थिति इतनी खराब है कि कई बुजुर्ग यात्रियों की तबीयत बिगड़ चुकी है और खाने-पीने की किल्लत ने उन्हें भूखे मरने की नौबत तक ला दिया है। हालांकि सरकार ने प्रयास तेज कर दिए हैं। गुरुवार को ही पर्यटकों की वापसी की संभावना बढ़ गई है। 8 सितंबर को जयपुर से गए यात्रियों की एक बस पर काठमांडू में हुड़दंगियों ने हमला कर दिया। बस पर पथराव हुआ, एक यात्री घायल हो गया। हमलावर अंदर घुसे और यात्रियों को धमकाकर वापस होटल भेज दिया। इसके बाद से सभी यात्री सहमे हुए हैं। करीब 200 लोग काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट परिसर में ही फंसे हुए हैं। वहां सेना तैनात है और यात्रियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। खाने-पीने का सामान तीन गुना दाम में मिल रहा है।

### रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया रेलवे स्टेशनों के विकास कार्य का निरीक्षण

# जयपुर के बेजोड़ शिल्प सौंदर्य का नमूना होगी रेलवे स्टेशन की बिल्डिंग





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अनुसार जयपुर जंक्शन और अन्य स्थानीय स्टेशनों का विकास साकार हो रहा है। गुरुवार को रेलमंत्री ने जयपुर जंक्शन के द्वितीय प्रवेश द्वार, खातीपुरा स्टेशन और गांधी नगर रेलवे स्टेशनों के नवीनीकरण कार्य की प्रगति में स्थानीय शिल्पकला सौंदर्य को देखकर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि जयपुर की शिल्पकला और राजस्थान के झरोखों की बारीकी इन स्टेशनों को खूबसूरती प्रदान कर रहे हैं। आने वाले समय में यह बिल्डिंग अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध होंगी और जयपुर के गौरव का विषय बनेंगी।

### जयपुर जंक्शन का द्वितीय एंट्री गेट अत्यंत सुंदर, मोबाइल से ली फोटो

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जयपुर जंक्शन के पुनर्विकसित निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने रेल मंत्री जयपुर जंक्शन पहुंचे। यहां जंक्शन के द्वितीय प्रवेश द्वार कि विकास कार्य का निरीक्षण किया। यहां विकास कार्यों का लगभग अस्सी फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है, जिससे द्वितीय प्रवेश द्वार की सुंदरता उभरकर सामने आ रही है। इस द्वार पर एंट्री के साथ अंदर बुकिंग काउंटर, लिफ्ट, प्रतीक्षालय, बेसमेंट आदि बनकर तैयार है। सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हैं। इस मौके पर रेलवे के अधिकारियों ने उन्हें विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी दी। रेल मंत्री ने कहा कि यह पूरे जयपुर के लिए गौरव की बात है कि स्टेशन के सेकंड एंट्री गेट के पुनर्निर्माण का कार्य तेजी और सुचारु चल रहा है। स्टेशन के सेकंड एंट्री गेट के पुनर्निर्माण से जो रूप निखर कर आया है, यह हम सबके लिए गौरव का क्षण है। प्रधानमंत्री ने जिस भावना के साथ स्टेशनों के पुनर्निर्माण का कार्य प्रारंभ करवाया उसी के अनुसार स्टेशन का रूप निखर कर आया है।

### फाटक, इंडस्ट्री और फेंसिंग से मुक्त शहरों की है योजना

रेल मंत्री ने जयपुर जंक्शन पर पत्रकार वार्ता में कहा कि रेलवे में सुविधाओं को और विकसित करने की योजना है। इंडस्ट्री के लिए कार्गो और मल्टीपरपज टर्मिनल्स विकसित करने की योजना है। इसके साथ ही रेलवे ट्रैक के दोनों ओर ज्यादा से ज्यादा फेंसिंग की दिशा में भी कदम उठाए जा रहे हैं। राजस्थान के बड़े शहरों को रेलवे फाटक से मुक्त करने का निर्णय लिया गया है। आने वाले दो से तीन महीने में पूरे प्रदेश का प्लान तैयार कर मंगवाया गया है। सभी जोन इसमें शामिल होंगे और प्लान को सेंशन किया जाएगा। आने वाले सालों में जनता को फाटकों की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

## भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है नाथुला विजय दिवस : माथुर



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** 59वें नाथुला विजय दिवस के अवसर पर चूरू जिले की रतनगढ़ तहसील के गांव कुसुमदेसर में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की भव्य और ऐतिहासिक मूर्ति सिक्किम में नाथूला दर्रे पर लगाई गई। अनावरण समारोह में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर एवं सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेमसिंह तमांग के साथ ही पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ भी शामिल हुए।

कार्यक्रम में सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने कहा कि नाथुला विजय दिवस भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। यह मेरा सौभाग्य और गर्व है कि आज के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उपस्थित हूं, विशेषकर तब जब 1967 के युद्ध के नायक लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह उसी राजस्थान राज्य से हैं, जहां से मैं स्वयं आता हूं। उनका साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है।

समारोह को सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने संबोधित करते हुए कहा यह कार्यक्रम लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की वीर गाथाओं को पुनर्जीवित करने की और उनकी वीरगाथा को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। साथ ही समारोह में 17 माउंटेन डिविजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल एमएस राठौड़ (एसएम, वीएसएम) द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।

### राष्ट्रवाद की सोच रखने वाले लोगों के लिए होगा मार्गदर्शक : राठौड़

इस अवसर पर राठौड़ ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह का यह मूर्ति अनावरण कार्यक्रम हिंदुस्तान की सैन्य विरासत को अमरतत्व देने का ऐतिहासिक कार्य है। यह आने वाले समय में हमारे वीर सैनिकों के साथ-साथ राष्ट्रवाद की सोच रखने वाले हर नागरिक के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगा। यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। मैं नाथूला की इस वीर भूमि पर खड़ा हूं, जहां हिमालय की बर्फीली चोटियों के बीच भारत के सबसे निर्भीक लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की प्रतिमा का अनावरण हो रहा है। राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि अमेरिका के जनरल जॉर्ज पैटर्न और सगतसिंह को पढ़ता हूं तो मैं यह कह सकता हूं कि सगतसिंह का शौर्य, पराक्रम, सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता अद्वितीय थी। उनका विपरीत परिस्थिति में यह कहना कि मातृभूमि की मैं एक इंच भूमि भी बिना लड़े नहीं दूंगा। उनके मातृभूमि के प्रेम को दर्शाता है।

## सीएम के पुत्र ने गोसेवा कर मनाया जन्मदिन

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के ज्येष्ठ पुत्र अभिषेक शर्मा ने अपने अनुज डॉ. कुणाल शर्मा तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शिव विहार कॉलोनी मुहाना स्थित निराश्रित जन सेवार्थ ओमाश्रय सेवाधाम में अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर ओमाश्रय संस्थापक यशपाल यश ने निराश्रित जन सेवा यज्ञ एवं संस्कारित पीढ़ी निर्माण कार्यों की जानकारी दी। सचिव डॉ. प्रमोद पाल ने बताया कि संचालन सहयोगी भगवान दास गर्ग ने दोनों भाइयों को साफा, डॉ. प्रमोद पाल ने भगवा दुपट्टा, राजेश गुप्ता ने माला तथा पवन आर्य, संजय गुप्ता, वीरेंद्र आर्किटेक्ट, अनिल मंगल ने सेवा सम्मान का स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम में दोनों भाइयों ने प्रभुजनों को भोजन प्रसादी वितरण की। वहीं अभिषेक शर्मा ने हरा चारा खिलाकर गोसेवा तथा प्रभुजनों को ग्यारह हजार रुपए, 50-50 कंबल, बेडशीट, फल तथा क्रॉकरी के सैट भेंट किए। इस मौके पर भाजपा भांकरोटा मंडल पदाधिकारी निर्मल शर्मा, पार्षद मुकेश काका सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से भाजपा देश-प्रदेश में करेगी आयोजन

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प और जीएसटी की राहत रहेगा सेवा पखवाड़े का केंद्र

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी देश-प्रदेश में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी की दरों में की गई कमी से मिली राहत इस पखवाड़े के मुख्य बिंदु रहेंगे। सेवा पखवाड़े को लेकर गुरुवार को पार्टी की ओर से जयपुरड्ड में प्रदेशस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और जीएसटी की नई व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।





### प्रधानमंत्री ने किए ऐतिहासिक काम : सीएम

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की संगठन में कार्यकर्ता से देश के प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा हमें सिखाती है कि राष्ट्र प्रथम की चिंता, निष्ठा, परिश्रम और सेवाभाव एक साथ आते है तो असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो ऐतिहासिक कार्य किए वो अभूतपूर्व हैं। सेवा पखवाड़े के दौरान भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पौधरोपण करेगा। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल जयंती और 2 अक्टूबर को शास्त्री जयंती मनाएंगे। उन्होंने कहा कि शास्त्रीजी के जय जवान जय किसान नारे के साथ, मोदीजी के जय जवान जय किसान और अटलजी के जय विज्ञान जय अनुसंधान मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा ने जीएसटी रिफॉर्म्स को लेकर कहा कि इससे गरीब, व्यापारी, उद्योगपति को लाभ मिलेगा, जनता का जीवन आसान बनेगा, व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने धर्मांतरण बिल को लेकर विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती है और तुष्टिकरण के आधार पर चलती है। कांग्रेसी नेताओं को इस बिल से बहुत दर्द है, अब यह बिल तो पास हो गया, इनको यह दर्द हमेशा झेलना पड़ेगा। कांग्रेसी नेता विधानसभा में लगातार गतिरोध पैदा करते रहे, विधानसभा में बोलने के बजाय इनके नेता सोशल मीडिया पर बयानबाजी करते हैं। ये वे लोग हैं, जो जाति, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की बात करते हैं, लेकिन ये अब चलेगा नहीं।

### गांधी के साथ शास्त्री जयंती भी मनाएंगे : अग्रवाल



कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि 2 अक्टूबर को हम महात्मा गांधी का जन्मदिन मनाकर पूरा कर देते हैं, लेकिन इस बार भाजपा ने लाल बहादूर शास्त्री की जयंती को भी देशभर में मनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि देशभर में गांधीजी की प्रतिमाएं मिल जाएंगी, लेकिन शास्त्रीजी की प्रतिमाएं नहीं मिलेंगी, यह कांग्रेस का षड्यंत्र है। जिस नाम के साथ गांधी या नेहरू जुड़ा हुआ नहीं होता है, ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस का इको सिस्टम इस देश में स्थापित ही नहीं होने देता। भाजपा प्रभारी डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़े को मनाने का मुख्य उद्देश्य पार्टी के साथ अधिक से अधिक नए लोगों को जोड़ना है। इसके लिए हमारे जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जाना होगा। फिर चाहे विधायक हो, सांसद हो या अन्य जनप्रतिनिधि। सभी को इन आने वाले कार्यक्रमों में स्वयं की भागीदारी बढ़-चढ़कर निभानी होगी, तब ही नया कार्यकर्ता भाजपा के साथ जुड़ेगा।

### ये काम होंगे सेवा पखवाड़े में

भाजपा 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से 2 अक्टूबर गांधी एवं शास्त्री जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी। सेवा पखवाड़े में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, नमो मैराथन, प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व पर संगोष्ठियां, दीनदयाल जयंती पर पौधरोपण, विशिष्ट व्यक्तियों का बहुमान, सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ विकसित भारत विषय आधारित चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रदेश में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, अलवर और कोटा जैसे नगरों में मोदी विकास मैराथन का आयोजन होगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। पंडित दीनदयाल जयंती पर पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

### हर कार्यकर्ता जुड़े सेवा पखवाड़े से : राठौड़



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक रूप से मनाएगी। इसमें हमारे सभी कार्यकर्ताओं को अपना शत-प्रतिशत योगदान देना होगा। फिर चाहे वो रक्तदान शिविर हो, स्वच्छता अभियान हो, चिकित्सा शिविर हो, संगोष्ठियां हों या अन्य गतिविधियां, सभी में हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। भाजपा के कार्यकर्ता को स्व विवेक से सेवा पखवाड़े में कार्य करना चाहिए। कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और पदाधिकारियों ने युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची के साथ युवा मैराथन के पोस्टर और टी-शर्ट का विमोचन किया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान मंच पर उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी, प्रेमचंद बैरवा, केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सांसद दामोदर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, ओमप्रकाश भडाणा, संतोष अहलावत, सह संयोजक कुलदीप धनकड़, डॉ. अपूर्वा सिंह उपस्थित रहे। सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रदेश संयोजक संतोष अहलावत ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। दामोदर अग्रवाल ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने जीएसटी नेक्स्ट रिफॉर्म्स विषय पर प्रस्तावना रखी।

### कम उपस्थिति पर अग्रवाल नाराज

इससे पहले सुबह उद्घाटन सत्र में प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल ने कार्यशाला में अनुपस्थित रहने वालों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही। कार्यशाला में कुछ सांसद, विधायक और जिलाध्यक्ष नहीं पहुंचे। इस पर अग्रवाल ने कहा कि क्यों ना इन लोगों को बदल दिया जाए। जो पार्टी का काम नहीं करना चाहता, उसकी पार्टी में भी जगह नहीं होनी चाहिए। प्रभारी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से कहा कि इन लोगों में से जो लोग बिना बताए अनुपस्थित हुए हैं। उनसे लिखित में नहीं आने का कारण पूछा जाना चाहिए।

## दूसरे चरण में अब तक हेरिटेज निगम ने 67 वार्डों में करवाई फोगिंग



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बारिश के बाद जलभराव के चलते बढ़ने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए निगम शहरभर में जलभराव वाले स्थानों, कच्ची बस्तियों और कॉलोनियों में फोगिंग करवा रहा है।

हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों और वार्डों में हूपर के माध्यम से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करवाया जा रहा है। स्वास्थ्य शाखा की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल ने बताया कि निगम के सभी वार्डों में सघन अभियान चलाकर नालियों, सड़क तथा घरों में जमा पानी में दवाई का छिड़काव करवाया जा रहा है। आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है। निगम की स्वास्थ्य शाखा ने दूसरे चरण में अब तक 67 वार्डों में फोगिंग कराई है। वार्ड के स्वास्थ्य निरीक्षक भी कालोनियों में जलभराव वाली जगहों पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करवाकर सफाई व्यवस्था बना रहे हैं।

### पहले चरण में 20 दिन चला अभियान, बारिश के बाद दूसरा चरण शुरू

निगम हेरिटेज की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया अग्रवाल ने बताया कि हेरिटेज निगम की ओर से कीटनाशक दवाओं के छिड़काव का पहला चरण 28 जुलाई को शुरू हुआ था। इस दौरान प्रतिदिन सुबह और शाम की दो पारियों में छह वार्डों को कवर किया गया, जिसमें जलभराव वाले स्थानों पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया गया। दूसरा चरण 22 अगस्त से शुरू किया जा चुका है। इसके अलावा आमजन की आवश्यकता अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर भी गंदगी होने या गंदा पानी इकट्ठा होने पर फोगिंग कराई जा रही है। शुक्रवार को वार्ड 73 से 80 तक में दो पारियों में फोगिंग कराई जाएगी।

# दीपावली से पहले 22 करोड़ की लागत से जयपुर की आठ हजार किमी सड़क सुधारेगा जेडीए



### अब तक हुई सामान्य से 87.73 फीसदी अधिक बारिश

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक क्लाइमेट बदलने के चलते राजस्थान जैसे सूखे प्रांत में अब औसत से ज्यादा बारिश होने लगी है। जयपुर में इस मानसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश हुई। एक जून से 9 सितंबर तक जिले में 905 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जयपुर जिले में सामान्य से 87.73 फीसदी अधिक बारिश हुई। जयपुर में एक जून से 30 सितंबर तक सामान्य बारिश 511.93 मिमी है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार इस सीजन में 1 जून से अब तक (8 सितंबर तक) कुल 693.1 मिमी बरसात हो चुकी है, जबकि मानसून अभी विदा नहीं हुआ है। बीते साल अब तक 624.28 मिमी बारिश हुई थी। साल 1917 के मानसून सीजन में राजस्थान में कुल 844.2 मिमी बरसात दर्ज हुई थी, जो राजस्थान में अब तक की सर्वाधिक बरसात होने का रिकॉर्ड है। मानसून के इस सीजन में पिछले तीन माह में सबसे ज्यादा बरसात जुलाई में हुई है। जून में 125.3, जुलाई में 290 और अगस्त में 184 मिमी बरसात दर्ज हुई, जबकि 1 से 8 सितंबर तक 94 मिमी बरसात हो चुकी है।

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बारिश से खस्ताहाल राजधानी की सड़कों की दशा दीपावली से पूर्व सुधारी जाएगी। इसके लिए जेडीए करीब 22 करोड़ रुपए खर्च करेगा। जयपुर में करीब 8000 किमी लंबी सड़क का जाल फैला हुआ है।

जेडीए के अनुसार जयपुर में 229 मुख्य और 1968 सड़कें डीएलपी वाली हैं। 583 किमी लंबी 229 मुख्य सड़कों पर 1887 गड्ढे और 2431 किमी डीएलपी की 1968 सड़कों पर 168 गड्ढे चिह्नित किए गए हैं। इसके अलावा कॉलोनियों और कच्ची बस्तियों की सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी।

जयपुर में तीन विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के लिए 500 किमी लंबी सड़कों को खोदा गया है। इन विभागों द्वारा काटी गई सड़कों को जेडीए दुरुस्त करेगा। राजस्थान विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पीएचईडी विभाग के अलावा सीवर लाइन डालने के लिए 782 किमी सड़क काटी जाएगी। बारिश से पहले या बारिश के दौरान अब तक इन विभागों द्वारा जयपुर में करीब 500 किमी सड़क खोद रखी है। इसके अलावा टोरंटो कंपनी द्वारा गैस पाइप लाइन डालने के लिए जयपुर में 278 किमी सड़क काटी जाएगी। अब तक कंपनी द्वारा 136 किमी सड़क काटी जा चुकी है। हालाकि सड़क खोदने के बाद दुरुस्त करने का काम टोरंटो कंपनी द्वारा ही किया जा रहा है।

### बारिश के दौरान भरे थे गड्ढे, तेज बारिश से फिर उखड़े

सूत्रों के अनुसार बारिश के दौरान जेडीए और निगम ने अभियान चलाकर सड़कों के गड्ढे भरने का काम किया था। इस दौरान जेडीए और निगम ने बड़ी संख्या में गड्ढों को भरा था, लेकिन एक बार फिर राजधानी में तेज बारिश का दौर शुरू होने से जेडीए और निगम की मेहनत बह गई और सड़कों पर फिर से गहरे गड्ढे बन गए।

### इनका कहना है...

दीपावली से पहले जयपुर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। बारिश का दौर मंद पड़ गया है। ऐसे में सड़कों की मरम्मत का काम तेज गति से किया जा रहा है। जयपुर के सभी जोनों की सड़कों की मरम्मत पर करीब 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च होगी। **-अजय गर्ग,** डायरेक्टर इंजीनियरिंग, जेडीए

# जर्जर भवनों पर लगातार गरज रहा बुल्डोजर, 5 भवन तोड़े, 4 सीज

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** शहर में जर्जर भवनों को लेकर हेरिटेज निगम प्रशासन की लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही। निगम के किशनपोल जोन की ओर से सुभाष चौक इलाके में पांच भवनों के जर्जर हिस्से ध्वस्त किए गए। इस दौरान निगम की इंजीनियरिंग विंग ने जेसीबी की मदद भी ली। वहीं चार अन्य जर्जर भवनों को अस्थाई रूप से सीज किया। निगम प्रशासन ने भवन मालिक को सख्त नोटिस भी दिया कि अगर 24 घंटे में भवन की मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया या अपने स्तर पर नहीं गिराया तो निगम की ओर से जर्जर भवन को ध्वस्त कर दिया जाएगा। कार्रवाई के दौरान अधिशासी अभियंता लक्ष्मी नारायण मीणा, सहायक अभियंता मोहम्मद इमरान, कनिष्ठ अभियंता विजेंद्र मीणा सहित निगम के अन्य इंजीनियर मौजूद रहे।

इस संबंध में किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि निरीक्षण के बाद सात भवनों को ध्वस्त करने के लिए उपयुक्त माना गया, वहीं सात भवनों की मरम्मत के लिए भवन मालिकों को नोटिस दिया गया। ऐसे में जोन की इंजीनियरिंग विंग टीम ने बुधवार को दो भवनों के जर्जर हिस्से को ध्वस्त किया। वहीं गुरुवार को सुभाष चौक इलाके के रामकुमार धाबाई की गली में पांच जर्जर भवनों को मजदूरों और जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। वहीं चार अन्य जर्जर भवनों को अस्थाई रूप से सीज किया गया। जोन उपायुक्त ने बताया कि कमेटी को अन्य जर्जर भवनों के मामलों को भी रेफर किया जाएगा। कमेटी की रिपोर्ट के बाद बाकी जर्जर भवनों का मौका निरीक्षण कर नियमानुसार ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।



# प्रदेश में 17 से फिर शुरू होगा बारिश का दौर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में आगामी एक सप्ताह मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 17 सितम्बर से प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विभाग ने सितम्बर से दूसरे सप्ताह में प्रदेश के पूर्वी हिस्से में सामान्य से ज्यादा और पश्चिम में सामान्य के आस-पास बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। प्रदेश में गुरुवार को मौसम शुष्क रहा। इससे प्रदेश के पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जयपुर में गुरुवार को मौसम शुष्क रहा। तेज धूप के खिलने के साथ छितराए बादलों के बीच मध्यम गति की हवाएं चली। इससे जयपुर के दिन के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकांश भागों में आगामी दिनों में पश्चिमी हवाएं प्रभावित होने तथा बारिश की गतिविधियों में लगातार कमी जारी रहने की प्रबल संभावना है। राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। दक्षिण-पूर्वी व पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में 17 सितंबर से पुनः मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। 19 से 25 सितम्बर के दौरान पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में सामान्य से अधिक बारिश, पश्चिम राजस्थान में सामान्य के आस-पास बारिश होने की संभावना है। प्रथम सप्ताह और द्वितीय सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास रहने की संभावना है। वहीं बीसलपुर बांध से गुरुवार को तीन गेट खोलकर पानी छोड़ा गया। त्रिवेणी 4.20 मीटर पर बह रही है।

# समय पर गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने गुरुवार को लाल डूंगरी दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न कचरा ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कचरा ट्रांसफर स्टेशन के सिविल निर्माण कार्य में धीमी गति होने पर डॉ. निधि पटेल ने नाराजगी जाहिर की और निगम अधिकारियों को समय पर गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। पटेल ने बताया कि लाल डूंगरी दिल्ली रोड पर मॉडर्न कचरा ट्रांसफर स्टेशन बनाया जा रहा है। इसका मैकेनिज्म पार्ट बनकर तैयार हो गया है। अब यहां पर सिविल कार्य चल रहा है, जिसे जल्द पूरा करने के निर्देश संबंधित कांट्रेक्टर को दिए हैं। हेरिटेज निगम के प्रोजेक्ट शाखा अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि मॉडर्न कचरा ट्रांसफर स्टेशन पूर्णतया कवर ट्रांसफर स्टेशन रहेगा। इसके बनने के बाद हूपर के द्वारा यहां वेस्ट सामग्री लाई जाएगी, जिसे जमीन पर गिराए बिना ही दो कैप्सूल नुमा कंटेनर में डाल दिया जाएगा। फिर कंटेनर गाड़ी से जुड़कर सीधा निगम के प्लांट पर चला जाएगा। इस ट्रांसफर स्टेशन के बनने के बाद शहर को कचरा मुक्त बनाने में और मदद मिलेगी।

**सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया दौरा :** निगम आयुक्त पटेल ने जामडोली क्षेत्र के विजयपुरा मालपुरा चौड़ में बने रहे निगम के एसटीपी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के लिए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। हेरिटेज निगम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा ने बताया कि 30 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। इसका 70 फीसदी कार्य हो चुका है। इस दौरान अधीक्षण अभियंता चरण सिंह मीणा, अधिशाषी अभियंता सुबोध कुमार सहित अन्य निगम अधिकारी इंजीनियर मौजूद रहे।

# शहीद वनकर्मियों के परिवार को अब एक करोड़ की सहायता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय वनकर्मी शहीद दिवस के मौके पर वन मंत्री संजय शर्मा ने घोषणा की कि अब शहीद वनकर्मियों के परिवार को 20 लाख के बजाय 1 करोड़ की मदद दी जाएगी। साथ ही राज्य के हर जिला मुख्यालय पर शहीद स्मारक बनाए जाएंगे। मंत्री ने जलमहल के सामने स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में वनकर्मियों के बलिदान को याद करते हुए यह घोषणा की।

संजय शर्मा ने कहा कि वनकर्मी जंगलों की रक्षा करते हुए और बजरी माफियाओं से लड़ते हुए अपनी शहादत देते है। वे अपनी जान की परवाह किए बगैर काम करते हैं, इसलिए सरकार वन कर्मचारियों के लिए कुछ पॉलिसी लेकर आई है। जंगल की सुरक्षा करते हुए जान देने वाले वनकर्मी को पहले 20 लाख रुपए मिलते थे अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा से शहीद को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।

वन मंत्री ने कहा कि जिस तरह से जयपुर में वन कर्मियों के लिए शहीद स्मारक बना हुआ है, ऐसा ही प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर वन शहीद स्मारक बनाया जाएगा।

### प्रदेश में बाघों की संख्या में हुई सुखद वृद्धि

शर्मा ने बाघ संरक्षण में मिली सफलता की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में बाघों की संख्या में सुखद वृद्धि हुई है। पहले हम दूसरे राज्यों से बाघ लाते थे, लेकिन अब आने वाले वर्षों में हम दूसरे राज्यों को बाघ भेजने की स्थिति में होंगे। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में वनों की रक्षा करते हुए लगभग 22 वन कर्मी शहीद हो चुके हैं। शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया और सभी को वनों की रक्षा का संकल्प लेने का संदेश दिया गया। इस मौके पर वन मंत्री शर्मा, वन विभाग के एसीएस आनंद कुमार, चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन शिखा मेहरा और पीसीसीएफ पवन उपाध्याय आदि ने शहीद वन कर्मियों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## रेल ट्रेक स्टार्टअप से प्रभावित हुए रेलमंत्री

# लघु उद्योग भारती कार्यक्रम में दो प्रतिभाओं को तुरंत दिया मौका



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रतिभा का सम्मान करते हुए लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में आयोजित आइडियाथॉन कार्यक्रम में दो प्रतिभाओं की परियोजनाओं की प्रशंसा ही नहीं की, बल्कि उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए भी निर्देश दिए।

लघु उद्योग भारती के कार्यक्रम में एसकेआईटी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों छात्र तन्मय व्यास और चारू की मेगा सेफ परियोजना का विशेष अवलोकन किया। यह स्टार्टअप रेलवे ट्रेक के विभिन्न कार्यों का विश्लेषण करके एआई के माध्यम से ट्रेकी गति को बेहतर बनाने के लिए विकसित किया गया है। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां प्रदर्शित प्रोजेक्ट का अवलोकन किया और तीन प्रमुख प्रविष्ठियों को सराहा। इन तीनों को आगे के लिए पर्याप्त अवसर देने के लिए भी निर्देश दिए। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री और तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी उपस्थित रहे।

### भारती को 5000 ट्रेनिंग पार्टनर की मान्यता

इस मौके पर मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि जयपुर स्थित लघु उद्योग भारती कौशल विकास केंद्र को 5000 इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रोनिक प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तरीय ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में मान्यता दी जाएगी। इसी उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किए जा रहे हैं। इस मौके पर उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार आईस्टार्ट डिपार्टमेंट के माध्यम से लघु उद्योग भारती के साथ एमओयू पर कार्य करेगा। कार्यक्रम में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर मौजूद रहे।

# घूमर फेस्टिवल का भव्य आयोजन 15 नवंबर को

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और महिला सशक्तिकरण को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से राजधानी जयपुर में 15 नवंबर को पहली बार घूमर फेस्टिवल 2025 का आयोजन किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री दीया कुमारी के निर्देशन में आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र सोनी ने घूमर फेस्टिवल की तैयारियों के लिए अधिकारियों को पांबद किया है ताकि यह आयोजन राजस्थान की संस्कृति और परंपराओं का भव्य प्रतीक बन सके। पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. पुनीता सिंह ने बताया कि घूमर फेस्टिवल न केवल लोकसंस्कृति का उत्सव बनेगा बल्कि महिला शक्ति को भी सशक्त संदेश देगा। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि फेस्टिवल के मुख्य कार्यक्रम स्थल के रूप में चित्रकूट स्टेडियम, पोलो ग्राउंड और भवानी निकेतन कॉलेज ग्राउंड पर विचार किया जाएगा।

### प्रतिभागियों का ऑनलाइन पंजीकरण 15 से

प्रतिभागियों का पंजीकरण पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर 15 सितम्बर से शुरू होगा। शेखावत ने बताया कि विभिन्न संस्थाओं से अधिकतम 20 प्रतिभागियों के समूह पंजीकरण की अनुमति दी जाएगी तथा पंजीकृत संस्थाओं को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। पर्यटन विभाग की ओर से फेस्टिवल का आधिकारिक गीत तैयार कराया जाएगा और 9 से 13 नवम्बर तक विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन होगा।

# बाजरा खरीद जल्द शुरू करे सरकार : रेड्डी

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** भारतीय किसान संघ ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी ने बाजरा का समर्थन मूल्य खरीद करने का चुनाव में लाभ उठाने के लिए घोषणा की थी लेकिन वह चुनाव घोषणा बन कर रह गई है। किसान संघ ने मांग की कि जल्द ही बाजरा खरीद मूल्य शुरू किया जाए।

गुरुवार को भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साई रड्डी ने कार्यालय पर प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि इसी प्रकार दूध पर मिलने वाला 5 रुपए प्रति लीटर का अनुदान दिसम्बर माह से नहीं मिल रहा है। साथ ही राज किसान पोर्टल जो किसानों से सम्बंधित अनुदान आवेदन के लिए बना है वह भी पिछले तीन माह से बंद पड़ा है। फसल बीमा योजना किसान हित में न होकर बीमा कंपनियों के हित की साबित हो रही है, इसमें सुधार होना चाहिए। रेड्डी ने केंद्र सरकार के किसान हितैषी निर्णय की सराहना की कि अमेरिका के दुग्ध व कृषि उत्पादों को भारत में बेचने की अनुमति नहीं दी गई। अमरीकी टैरिफ का भारतीय किसानों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रेड्डी ने समस्याओं का जल्द समाधान की मांग की। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष कालूराम बांगड़ा, महामंत्री डॉ. सांवरमल सोलेट, प्रांत संगठन मंत्री नीरज कुमार, प्रदेश कार्यालय मंत्री करण सिंह, प्रांत सह प्रचार प्रमुख डॉ. लोकेश कुमार चन्देल, संभाग बीज प्रमुख भूतेश कुमार कौशिक आदि मौजूद रहे।

# बीटेक अभ्यर्थियों को राहत, मेरिट में आएं तो नियुक्ति दें

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कनिष्ठ लेखाकार और तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती-2023 में मामले में बीई, बीटेक व कंप्यूटर कॉन्सेप्ट सर्टिफिकेट रखने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट में आने पर समस्त परिलाभ सहित नियुक्ति देने को कहा है। जस्टिस आनंद शर्मा ने यह आदेश अभिषेक शाह, परविन्दर कौर व अन्य की याचिकाओं को मंजूर करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की कमेटी ने 10 जून 2025 को हुई मीटिंग में यह निर्णय लिया था कि इंजीनियरिंग की किसी भी शाखा में बीई, बी.टेक की डिग्री व सीसीसी वाले अभ्यर्थी आरएससीआईटी के समकक्ष है। ऐसे में जहां पर भी आरएससीआईटी की अनिवार्यता होगी वहां पर बीई-बीटेक वालों को भी इसके समकक्ष माना जाएगा। इसलिए याचिकाकर्ताओं को भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

मामले से जुड़े आरपी सैनी ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने इस भर्ती में भाग लिया था। वे भर्ती की अंतिम कट ऑफ मेरिट में भी आ गए, लेकिन दस्तावेज सत्यापन के दौरान उन्हें नियुक्ति से यह कहते हुए वंचित कर दिया कि उनके पास आरएससीआईटी प्रमाण पत्र नहीं है। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा गया कि उनके पास इस प्रमाण पत्र से उच्च डिग्री है। इसलिए उन्हें सभी सेवा परिलाभ सहित नियुक्ति दी जाए।

# व्यक्तिगत सुधार के बिना समाज सेवा संभव नहीं : राजीव अरोड़ा



### सद्भावना सेवा सप्ताह का शुभारंभ 15 से

महानगर संवाददाता

जयपुर सद्भावना के सिपाही संगठन, साईनाथ चेरिटेबल ट्रस्ट एवं शौर्य चेरिटेबल फाउंडेशन की ओर से 15 सितंबर से सद्भावना सेवा सप्ताह आयोजित किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री राजीव अरोड़ा ने कार्यालय पर गुरुवार को कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर राजीव अरोड़ा ने कहा कि पितृ पक्ष के उत्तरार्द्ध में 15 सितंबर से शुरू हो रहे इस सप्ताह में सप्ताह पर्यंत हमारे सहयोगी मानव मात्र और मूक जीवों के हितार्थ सेवा एवं श्रमदान करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज सेवा तभी सार्थक हो सकती है जब हम पहले अपने व्यक्तिगत जीवन में सुधार लाएं और दूसरों के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करें।

# छह बीघा भूमि पर बसाई जा रही दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने 6 बीघा भूमि पर बसाई जा रही दो अवैध कॉलोनियों पर गुरुवार को बुलडोजर चलाया। इसके अलावा यातायात पुलिस, नगर निगम के साथ सामूहिक अभियान के तहत टोंक रोड से गोपालपुरा पुलिया से टोंक फाटक पुलिया तक और लता सर्किल से 200 फीट बाइपास, कालवाड़ पुलिया तक रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-14 में स्थित ग्राम जयचंदपुरा में वाटिका से चंदलाई 200 फीट रोड के पास में करीब 4 बीघा भूमि पर 'राधा विहार तृतीय' के नाम से और ग्राम वाटिका में निम्बाडी रोड पर में करीब 2 बीघा भूमि पर 'राधा विहार तृतीय' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने के लिए बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें सहित अन्य अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

# बिजली बंद आज




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दीपावली पर्व को लेकर जयपुर शहर में 12 सितंबर को बिजली लाइनों का आवश्यक सुधार किया जाएगा। इस कारण शहर के कई इलाकों में बिजली बंद रखी जाएगी।

**सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक :** हरमाड़ा जी.एस.एस से पोषित क्षेत्र हरमाड़ा, नींदड़, आपणो राजस्थान, टोडी मोड़, गायत्री नगर, बालाजी धर्म कांटा, मनीष पब्लिक स्कूल व आसपास का क्षेत्र। विद्याधर नगर क्षेत्र के अंतर्गत ए.डब्ल्यू.एच.ओ कॉलोनी, सेक्टर-1, मेटल कॉलोनी, यूडीबी बिल्डिंग, शारदा विद्या मंदिर स्कूल, सनशाइन, सिद्धार्थ, ढेहर का बालाजी व आसपास का क्षेत्र। करधनी क्षेत्र के अंतर्गत रावण गेट, करधनी ए एव बी ब्लॉक, सुनील किराना व आसपास का क्षेत्र। करणी वाटिका, प्रियांशु विहार, रिद्धि सिद्धि, मां वैष्णो नगर, शक्ति सरोवर, नारायण विहार, पुलिस कॉलोनी, सिंगारपुर, टैगोर नगर, चित्रकूट से. 5, करणी विहार थाना, राजावत मनोर एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र। गणगौरी बाजार, माउंट रोड, इंद्रपुरी कॉलोनी, मोर शॉप, केशव कॉलोनी, ब्रह्मपुरी, पोंड्रिक पार्क, विद्या विहार स्कूल, सीताराम बाजार, शंकर नगर, नगर निगम कॉलोनी, खाद फैक्ट्री, ब्रह्मपुरी टेलीफोन एक्सचेंज, प्रताप नगर, सीतारामपुरी, फकीरों की डूंगरी, जयपुर माल, मांजी साहब की छतरी, कृष्णा नगर, पुराना आमेर रोड, दशहरा कोठी, गोविंद नगर पूर्व एवं पश्चिम, मनु मार्ग, राजकीय चिकित्सालय, आमेर रोड, मंगलम आर्ट्स, नगर परिषद कॉलोनी, कंवर नगर, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जोरावर सिंह गेट, रावल जी का बाजार, चौमूं हवेली, गंगापोल राज पैलेस, सुभाष चौक, गुप्ता गार्डन, आमेर सिटी होटल, कागदीवाड़ा, मद्रासी बाबा की बगीची, जगदीश कॉलोनी, जलमहल रिसोर्ट, जल तरंग, मंगला माता मार्ग, संतोष सागर कॉलोनी, रामदासजी का रास्ता, मंगोड़ी वालों की बगीची, कृष्णा नगर, होटल इंडस, बीएसएनएल ऑफिस, ब्रह्मपुरी वाटर वर्क्स, ब्रह्मपुरी थाना, नगर निगम स्कीम नं. 1, 2, 3 एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

**दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक :** जनता मार्केट, कंवर नगर, हरिजन बस्ती, राई जी का घेर, चाणक्य मार्ग, पुराना आमेर रोड, ताल कटोरा, मोहन नगर, संतोषी माता का मंदिर, सुभाष चौक, मोती कटला स्कूल, बांदरी का नासिक, खंडार का रास्ता, कंवर नगर, जोशी कॉलोनी, पोंड्रिक पार्क, ईश्वरसिंह जी की छतरी, गोविंद देव कॉलोनी, चौगान स्टेडियम, संतोष सागर, सम्राट गेट, मंगोड़ी वाली बगीची, शनिचर का मंदिर, मनु मार्ग, सिनेमा, सुभाष चौक, दूध मंडी, चाणक्य मार्ग जलेबी चौक, चांदनी चौक, सिटी पेलेस, जंतर-मंतर, आतिश मार्केट, शार्दुल सिंह की नाल, चीनी की बुर्ज, गोविंद देव मंदिर, प्रकाश बैंड, जनता मार्केट, सब्जी मंडी ग्लोब ट्रांसपोर्ट, रामप्रकाश सिनेमा, खवास जी का रास्ता, भट्टों की गली, सिरड्योढी बाजार, बक्सी हेमराज की गली, बादल महल, बड़ी चौपड़, माणक चौक, फूटा खुर्रा, धाभाई जी का खुर्रा, फूलों का खंदा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज बाजार, सिटी पैलेस, रामगंज बाजार, लाडली जी का खुर्रा एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

**दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक :** हरमाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत हरमाड़ा घाटी, माधव नगर, ग्रीन सिटी, खोरानिया की ढाणी व आसपास का क्षेत्र। विद्याधर नगर क्षेत्र के अंतर्गत भवानी नगर, अल्का मैरिज गार्डन, सीकर रोड, न्यूरो केयर हॉस्पिटल, अग्रेसन पार्क, सेक्टर-1, एन.आर.मार्ट व आसपास का क्षेत्र। झोटवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत हरनाथपुरा, देवी नगर, कृष्णा नगर, सर्वोदय नगर, भारत माता चौक, गणेश नगर व आसपास का क्षेत्र। हाथोज मोड़, अक्षत मीडोज, आनंद पैराडाइज, श्याम नगर, ओर्बिन्दो स्कूल, गोविंद नगर, मनसा नगर, विद्युत नगर, चित्रकूट से. 8, मिडास रेजीडेंसी, महात्मा गांधी, डॉक्टर्स कॉलोनी, हीरा नगर एवं आसपास का प्रभावित क्षेत्र।

## आमजन की समस्याओं का एक ही स्थान पर होगा समाधान, 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक लगेंगे कैंप, अभी प्री-कैंप में किया जा रहा निस्तारण

# ग्रेटर नगर निगम ने जारी किया शहरी सेवा शिविरों का कार्यक्रम

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रेटर निगम की ओर से 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक शहरी सेवा मुख्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व 4 से 13 सितंबर तक प्री-कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं।

ग्रेटर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि 'शहरी सेवा शिविर-2025' मुख्य शिविर के तहत आमजन से प्राप्त विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान होगा। अभियान के तहत साफ-सफाई स्ट्रीट लाइट रिपेयर व नई लाइट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पेचवर्क, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के पट्टे (स्टेट ग्रांट, कच्ची बस्ती 69ए, कृषि भूमि), भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामान्तरण, भवन निर्माण मंजूरी, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, उप-विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना या प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, एसबीएम 2.0 के अन्तर्गत घरेलू शौचालय निर्माण के लिए आवेदन से संबंधित आदि कार्य किए जाएंगे। अभियान के तहत ग्रेटर निगम के स्तर पर अभियान की तैयारी, क्रियान्वयन मॉनिटरिंग एवं समीक्षा के लिए नोडल अधिकारी अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार एवं सहायक नोडल अधिकारी उपायुक्त मुख्यालय मुकुट सिंह को नियुक्त किया गया है।

समस्याओं को चिह्नित करने एवं प्राप्त आवेदनों का निस्तारण करने के लिए वार्डवार सुबह 9:30 बजे से 6 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### यहां लगाए जाएंगे शिविर

**मालवीय नगर जोन :** 15 सितम्बर को मालवीय नगर जोन के वार्ड 125 से 132 तक का शिविर सामुदायिक केंद्र (जेडीए), हरि मार्ग, मालवीय नगर, 23 सितम्बर को मालवीय नगर जोन के वार्ड 133, 134, 138, 139, 142, 147, 148, 149 एवं 150 का शिविर जोन कार्यालय, मालवीय नगर, 29 सितंबर को मालवीय नगर जोन के वार्ड 135, 136, 137, 140, 141, 143, 144, 145, 146 का शिविर सामुदायिक केंद्र, 80 फीट रोड, महेश नगर में आयोजित किए जाएंगे।

**मानसरोवर जोन :** 16 सितम्बर को मानसरोवर जोन के वार्ड 65, 66, 67, 68, 71, 74, 83 एवं ग्राम पंचायत मुहाना, मदाऊ, गजसिंहपुरा, जगन्नाथपुरा के सम्पूर्ण राजस्व ग्राम क्षेत्र का शिविर आनंद महल मैरिज गार्डन, पत्रकार रोड मानसरोवर, 24 सितम्बर को मानसरोवर जोन के वार्ड 69, 70, 72, 73, 75, 76, 77, 78, 79, 80, 81 एवं 82, 84, 85 का शिविर मानसरोवर जोन कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे।

**मुरलीपुरा जोन :** 17 सितम्बर को मुरलीपुरा जोन के वार्ड 1 से 7 एवं 12, 13, 14 में शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरमाड़ा, 25 सितंबर को मुरलीपुरा जोन के वार्ड संख्या 8 से 11 तक व 15 से 20 एवं 25 का शिविर मुरलीपुरा जोन कार्यालय में आयोजित किए जाएंगे।

**सांगानेर जोन :** 18 सितम्बर को सांगानेर जोन के वार्ड 86 से 94 व 96 तक का शिविर घनश्याम बगरेट स्टेडियम, सांगानेर में 2 अक्टूबर को सांगानेर जोन के वार्ड 95 व 97 से 103 तक तथा श्रीराम की नांगल, लक्ष्मीपुरा उर्फ नाटनीवाला, बीलवां कलां, प्रहलादपुरा, आशावाला, बाढ़ श्योपुर, जयसिंहपुरा बास बीलवां, सुखदेवपुरा उर्फ नोहरा, खेड़ी गोकुलपुरा, बक्सावाला, ग्वार ब्राह्मणान, श्योसिंहपुरा उर्फ कल्लावाला, बड़ी का बास, खुसर, मुरलीपुरा उर्फ मिश्रा का बाढ़ रामपुरा उर्फ कंवरपुरा सुखदेवपुरा उर्फ नाटानीवाला, मोहनपुरा (खेतापुरा), दादिया में आयोजित किया जाएगा।

**जगतपुरा जोन :** 19 सितंबर को जगतपुरा जोन के वार्ड 104 से 113 तक एवं ग्राम पंचायत गोनेर, सिरोली का संपूर्ण राजस्व ग्राम क्षेत्र का शिविर जगतपुरा जोन कार्यालय, नन्दपुरी अण्डरपास, 26 सितंबर को जगतपुरा जोन के वार्ड 114 से 124 तक एवं ग्राम पंचायत दांतली व विधानी का संपूर्ण राजस्व ग्राम क्षेत्र का शिविर जगतपुरा जोन कार्यालय नंदपुरी अंडरपास में आयोजित होगा।

**झोटवाड़ा जोन :** 20 सितम्बर को झोटवाड़ा जोन के वार्ड 43 से 51 व 53, 56 तक एवं ग्राम पंचायत बोयतावाला, निवारू, सरना डूंगर, हाथोज, मांचवा, पीथावास, सबरामपुरा के सम्पूर्ण राजस्व ग्राम क्षेत्र का शिविर मीनावाला सरकारी स्कूल (वार्ड नंबर 50) में, 27 सितंबर को झोटवाड़ा जोन के वार्ड 52, 54, 55 व 57 से 64 का शिविर चित्रकूट स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

**विद्याधर नगर जोन :** 22 सितम्बर को विद्याधर नगर जोन के वार्ड 21, 22, 23, 28, 29, 30, 31 एवं 32 से 35 का शिविर विद्याधर नगर जोन कार्यालय, अम्बाबाड़ी सर्किल में, 1 अक्टूबर विद्याधर नगर जोन के वार्ड 24, 26, 27 व 36 से 42 तक का शिविर विद्याधर नगर जोन कार्यालय, अंबाबाड़ी सर्किल में आयोजित किए जाएंगे।

# जाम से निजात के लिए सीकर शहर में नोन वेंडिंग जोन लागू

**■ सब्जी विक्रेताओं, ठेले व रेहड़ी वालों को हटाकर सुव्यवस्थित ढंग से किया पुनर्स्थापित**



महानगर संवाददाता

**सीकर।** सीकर शहर की यातायात व्यवस्था और साफ–सफाई को नई दिशा देने के लिए जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिला कलेक्टर के आदेशानुसार नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशन में गुरुवार को शहर के प्रमुख मार्गों पर नोन वेंडिंग जोन व्यवस्था लागू की गई।

इस अभियान के तहत नानी गेट, सालासर बस स्टैंड व रायजी के कुएं के आसपास अव्यवस्थित रूप से लगे सब्जी विक्रेताओं, ठेले, रेहड़ी व पटरी वालों को हटाकर सुव्यवस्थित ढंग से पुनर्स्थापित किया गया। अब सभी विक्रेताओं को रायजी के कुएं के आगे स्थित श्मशान भूमि के पास निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित रूप से लगाया गया है। इस कदम से शहर के मुख्य मार्गों पर लगने वाले जाम की समस्या खत्म होगी। बाजार क्षेत्र में स्वच्छता व सौंदर्य दोनों बरकरार रहेंगे। विक्रेताओं को भी अब सुरक्षित व सुविधाजनक स्थान पर व्यापार करने का अवसर मिलेगा। आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि नई सब्जी मंडी में पानी, बिजली, शौचालय और सफाई जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं नगर परिषद द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई केवल स्थानांतरण नहीं, बल्कि शहर को अधिक स्वच्छ, व्यवस्थित और आधुनिक बनाने की दिशा में अहम कदम है।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक बैन है, आप प्लास्टिक की थैलियों का इस्तेमाल न कर कपड़े से बने थैलों का उपयोग करें। नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि यह पूरी कार्रवाई नोन वेंडिंग जोन नीति के अंतर्गत की गई है और आने वाले दिनों में शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान राजस्व अधिकारी प्रमोद सोनी, तहसीलदार भागीरथ यादव, सहायक अभियंता प्रवीण चौधरी, शहर कोतवाल सुनील जांगिड़, सफाई निरीक्षक लक्ष्मण सिंह लद्धड़, एनयूएलएम कर्मचारी शोएब तंवर, संबंधित जोन निरीक्षक व नगर परिषद के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# हाईफा हीरो मेजर दलपत सिंह का मनाया जाएगा बलिदान दिवस

## श्रद्धांजलि सभा के साथ होगा शहीद वीरांगना सम्मान व सामाजिक जन जागृति सम्मेलन

महानगर संवाददाता



**सीकर।** विश्व पटल पर अपने शोर्य और पराक्रम के बल पर प्रथम विश्व युद्ध में इजराइल के हाईफा शहर को तुर्की व जर्मन सेना से तलवारों के बल पर स्वतंत्र कराने वाले मां भारती के अमर सपूत मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान दिवस पर 23 सितम्बर को सीकर शहर में रावणा राजपूत समाज की ओर से भव्य श्रद्धांजलि महासभा, शहीद वीरांगना सम्मान व सामाजिक जन जागृति सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि सम्मान समारोह 23 सितम्बर को सीकर शहर के राणी शक्ति रोड स्थित प्रधानजी का जाव में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेजर दलपतसिंह शेखावत ने अपनी शहादत देते हुए इजराइल के हाईफा शहर को 1918 में अपने अदम्य साहस व शौर्य के बल पर तुर्की सेना के कब्जे से स्वतंत्र करवाया था। मेजर दलपसिंह शेखावत के सम्मान में इजरायल व भारत में आज भी हर वर्ष 23 सितंबर को हाइफा दिवस मनाया जाता है। दिल्ली का तीन मूर्ति सर्किल भी इजराइल के हाइफा के शहीदों की याद में बनाया गया है। हाईफा हीरो मेजर दलपत सिंह बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर 22 सितंबर को सीकर शहर के जयपुर रोड स्थित शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। आयोजन समिति के हनुमान सिंह पालवास ने बताया कि रावणा राजपूत समाज के वीर योद्धा मेजर दलपत सिंह शेखावत के बलिदान दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सीकर के राजेंद्र विद्यालय के पीछे स्थित गोगामेड़ी प्रांगण के रावणा रापजूत समाज भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से सम्मान समारोह आयोजित करने और पूर्व सैन्य अधिकारियों व समाज की वीरांगनाओं का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह में सीकर शहर सहित जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों से समाज प्रतिनिधियों व महिला शक्ति को शामिल किया जाएगा। कार्यक्रम में इजरायल दूतावास से प्रतिनिधि पहुंचने के लिए सम्पर्क किया जाएगा। बैठक में रावणा राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष शंकर सिंह उग्रावत, धोद नगरपालिका चेयरमैन अमरसिंह, बठोट सरपंच प्रतिनिधि मोहनसिंह, बानूड़ा के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि किशोर सिंह, कांग्रेस नेता किशन सिंह चौहान, स्वरूप सिंह चौहान, पूर्व पार्षद संपत सिंह, विक्रम सिंह नेतड़वास, पूर्व प्राचार्य सुमेर सिंह तंवर, भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सिंह, युवा नेता देवेन्द्र सिंह खेजडोलिया, सज्जन सिंह निर्वाण, एडवोकेट दशरथ सिंह, रविंद्र चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में युवा शक्ति मौजूद रहे।

## आमजन को राहत देने के लिए 15 से लगेंगे शहरी सेवा शिविर

**सीकर, (म.सं.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नगर विकास न्यास सीकर क्षेत्र में शहरी सेवा शिविर-2025 (सेवा पखवाड़ा) का आयोजन प्रातः 9.30 बजे से सांय 6 बजे तक न्यास कार्यालय भवन में आयोजित किया जाएगा। नगर विकास न्यास सीकर सचिव जगदीश प्रसाद गौड़ ने बताया कि शिविर में सीसी, डामर सड़क मरम्मत व पेच वर्क के कार्य, स्ट्रीट लाईट लगाने व दुरूस्त करने, शहर के प्रमुख चौराहों, डिवाईडरों, पार्क व अन्य सार्वजनिक स्थालों का रख-रखाव व सौन्दर्यकरण कार्य, अनुमोदित योजनाओं के पट्टे, उपविभाजन पुर्नगठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृति, मोबाइल टॉवर एनओसी, लीज डीड से फ्री-होल्ड पट्टे जारी करना आदि प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। गौड़ ने बताया कि 15 से 16 सितम्बर को जगमालपुरा, भैंरूपुरा, सबलपुरा, पुरा की ढाणी, बढ़ाढर, झीगर छोटी, शास्त्री नगर, झीगर बड़ी, भादवासी, कटराथल, शिवसिंहपुरा, समर्थपुरा, 17 से 18 सितम्बर को कटराथल, शिवसिंहपुरा, समर्थपुरा, घोराणा, कुड़ली, नला का बालाजी, बालाजी–भैंरूजी नगर, हरदयालपुरा, धाबाईपुरा, पिपली नगर, दादली, राधाकिशनपुरा, दासा की ढाणी, दुला की ढाणी, खिचड़ों का बास, देवीपुरा, गोकुलपुरा, मलकेडा, बाजौर, चारण का बास, देवलानाडा, चैनपुरा, 19 से 23 सितम्बर को देवीपुरा, गोकुलपुरा, मलकेडा, बाजौर, हीरामल नगर, देवगढ़, हर्ष, पिपल्या नगर दूजोद, रामपुरा, संतोषपुरा, ढाणी नाथावतान चन्द्पुरा, बजाज ग्राम, ढाणी सालम सिंह, 24 से 25 सितम्बर को रामपुरा, संतोषपुरा, ढाणी नाथावतान, कंवरपुरा, बलरामपुरा, नानी, पालवास, चैलासी, ढाका की ढाणी, किरडोली, सबलपुरा, पुरा की ढाणी, बढ़ाढ़र, 26 से 29 सितम्बर व 1 अक्टूबर को रिव्यू कैम्प सम्पूर्ण न्यास क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा।

# 'जीवों के प्रति दयाभाव रखने से बढ़ता है शांति और सद्भाव'

महानगर संवाददाता



**फागी।** कस्बे के पार्श्वनाथ जिनालय में विराजमान आर्यिका सुरम्यमति माताजी के पावन सानिध्य में ज्ञान व धर्म की प्रभावना बह रही है। श्रद्धालु भक्ति भावना से प्रतिदिन धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा, चातुर्मास समिति के मितेश लदाना व मन्दिर समिति के कमलेश चौधरी ने बताया कि गुरुवार को पार्श्वनाथ चैत्याल्य में अभिषेक, शांतिधारा व अष्ट द्रव्यों से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद प्रवचन के दौरान माताजी ने कहा कि जिसने 18 दोषों का नाश कर लिया, वही सच्चा देव है। सच्चे देव में राग-द्वेष नहीं होता। उन्होंने कहा कि जो आत्मा 18 दोषों से रहित होती है, वह वीतरागी और सब कुछ जानने वाला सर्वज्ञ कहलाता है। प्राणियों के कल्याण का उपदेश देने वाला हितोपदेषी कहलाता है। प्राणीमात्र के प्रति करुणा भाव ही सच्ची भक्ति होती है, जिससे स्वयं का कल्याण होने के साथ शांति व सदभाव बढ़ती है। मोक्ष की प्राप्ति आत्मा की शुद्ध अवस्था को प्राप्त करने और जन्म-मृत्यु के चक्कर से मुक्त होने की अवस्था है, जिसे जैन धर्म में विशुद्धि के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। इसका मार्ग आत्मज्ञान प्राप्त करना है। माताजी ने कहा कि मोक्ष पाने के लिए विवेक, वैराग्य और सत्कर्म जैसे साधनों का विकास आवश्यक है, जो व्यक्ति को कर्म बंधनों से मुक्त करते हैं। ऐसे में पुरुषार्थ से इन कर्मों का क्षय करके मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर श्रावक-श्राविकाओं ने माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# शहरी मास्टर प्लान 2047 में रही त्रुटियों में सुधार की मांग



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** शहर मास्टर प्लान प्रारूप 2047 में वार्ड नंबर 19 गुर्जर कॉलोनी को दर्शाने में रही कुछ त्रुटियों में सुधार किए जाने की मांग को लेकर कॉलोनीवासियों का गठित एक प्रतिनिधि मंडल भाजपा नेता वीरांगना कविता सामोता नेतृत्व में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा के निवास पहुंच मुलाकात की और अपनी समस्याओं की जानकारी दी। उन्होंने स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह को अपनी समस्याएं बताते हुए मास्टर प्लान 2047 में रही त्रुटियां का समाधान करने की उम्मीद जताई। इस पर यूडीएच मंत्री ने सकारात्मक रूप अपनाते हुए समस्याओं का जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में वार्ड नंबर 19 गुर्जर कॉलोनी नीमकाथाना संघर्ष समिति के अध्यक्ष रघुवीर, इंदाराम, मोहन सिंह, मूलचंद, हंसराज, मनीराम, फूलचंद, मोतीराम किशन, रामकुमार आदि की मौजूदगी रही।

# विकास व अंजली ने सरकारी विद्यालय में पढ़कर पाया मुकाम

महानगर संवाददाता





**लालसोट।** किसी भी क्षेत्र में सफलता का मुकाम पाने के लिए मेहनत और लगन की जरूरत होती है। अपने लक्ष्य को निर्धारित कर के लगातार उसके लिए प्रयास करने से ही सफलता की राह पर आगे बढ़ा जा सकता है। यह बात लालसोट के रामगढ़ पचवारा में सिसौदिया गांव के विकास मीना व अंजली मीना ने कही, जो कठोर मेहनत व दृढ़ संकल्प से सफलता के शिखर तक पहुंचे। चाचा प्रधानाचार्य कैलाश चंद मीना ने बताया कि विकास मीना पुत्र रामस्वरूप मीना का चयन रक्षा विभाग में ऑडिटर पद पर हुआ है, जो वर्तमान में पुणे में कार्यरत है। इसी प्रकार अंजली पुत्री प्रकाश मीना का चयन हाल ही में वरिष्ठ अध्यापक गणित संस्कृत शिक्षा विभाग में हुआ। विकास के पिता खेती किसानी व अंजली के पिता खेती किसानी के साथ टेन्ट हाउस की दुकान चलाते हैं। दोनों बच्चों के सरकारी सेवा में चयन होने पर गांव व परिवार में खुशी का माहौल है। इनके चाचा वर्तमान में राउमावि महारिया में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत है। उन्होंने बताया कि दोनों बच्चों ने दसवीं तक सरकारी विद्यालय में पढ़ाई की। वे शुरू से प्रतिभाशाली रहे। दोनों बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, चाचा, गुरुजनों व दादाजी के आदर्शों को दिया है।

## फौजी की पुत्री ने जरूतमंद बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



महानगर संवाददाता

**सीकर।** मातादीन हटवाल फौजी की पुत्री का जन्मदिन मनोविकास संस्थान में जरूतमंद बच्चों के साथ मनाया गया। भाजपा शहर उपाध्यक्ष अजय कुमार ढीकीया ने बताया कि हटवाल की पुत्री पाविनि वाल्मिकी का जन्मदिन दशरथ मनोविकास संस्थान हर्ष में बच्चों के साथ केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को भोजन कराया और बिस्किट, नमकीन व मिठाई के साथ दैनिक उपयोगी सामान व शिक्षण सामग्री का वितरण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पूजा चांवरिया, मैना देवी, रोशन कुमार, निखिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## शब्दाक्षर राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**नवलगढ़ (मसं)।** राजस्थान शब्दाक्षर राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था ईकाई के तत्वावधान में बंधे के बालाजी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दयाशंकर जांगिड़, राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथी नीरज कवि की उपस्थिति में देशभर के 95 साहित्यकारों व कवियों की उत्कृष्ट कविताओं का वाचन हुआ। कार्यक्रम में बुद्धिनाथ का संदेश, रवि प्रताप सिंह की जोशीली कविता व डॉ. दयाशंकर जांगिड़ के प्रबन्धन ने सबको आश्चर्य में डाल दिया। सभी कवियों ने शालीनता से शब्दाक्षर संस्था की सराहना की और झुंझुनूं व शेखावाटी के वीरों को कविता का अंश बनाया। टीम के मुख्य कार्यकर्ता पंकज शाह, अनिल बिरोलिया, सुहित पाडिया, मुकेश मारवाड़ी, रमाकान्त सोनी, मुरली मनोहर चोबदार की समर्पण सेवा व आदर सत्कार सबको मन भा गया। कवि हृदय चिकित्सक डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा व दिल्ली की महिला चिकित्सक डॉ. अंबिका मोदी भी आकर्षण के केंद्र रहे। नव नियुक्त राजस्थान ईकाई के अध्यक्ष सुरेश कुमार जांगिड़ के स्वागत गान व विदाई गीत ने सबको लुभाया। इस दौरान डॉ. दयाशंकर जांगिड़ को राष्ट्रीय संरक्षक बनाया गया।

# महिलाओं को सुरक्षा अधिकारों की प्रति किया जाएगा जागरूक



महानगर संवाददाता

**नीमकाथाना।** पुलिस थाना परिसर में शुक्रवार को प्रस्तावित सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़े के आयोजन को लेकर शहर कोतवाल विजेंद्र सिंह ने बैठक ली। उन्होंने बताया कि 1 से 15 नवंबर तक सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के तहत क्षेत्र के हर वार्ड व कॉलोनी में घर-घर जाकर महिलाओं को सुरक्षा अधिकारों की प्रति जागरूक किया जाएगा। थानाधिकारी व पुलिस निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने सुरक्षा साथियों के साथ ली गई बैठक में बताया कि संवाद पखवाड़ा के अंतर्गत महिला सुरक्षा अधिकारों से जुड़े सभी पहलू शामिल होंगे। सखियों को महिला अत्याचार से संबंधित कानून व उनके कर्तव्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्रवासी महिलाओं व बालिकाओं से बराबर संपर्क रखकर अधिकारों के प्रति जागरूकता पैदा की जाएगी। इसके साथ ही इस अभियान के अंतर्गत सोशल मीडिया अकाउंट फेसबुक व इंस्टाग्राम आदि पर भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों को सिटिजन एप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया और साइबर अपराध से संबंधित जागरूकता फैलाने महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए।

# 'पौधरोपण कर संरक्षण करना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि'

महानगर संवाददाता



**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित कृषि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. दिनेश कुमार यादव ने कहा कि इस वर्ष की थीम 'शहीदों को याद करें, वनों की रक्षा करें' है। उन्होंने बताया कि यह दिवस 1730 में हुए खेजड़ली नरसंहार से जुड़ा है, जब अमृता देवी बिश्नोई के नेतृत्व में 363 ग्रामीणों ने खेजड़ी वृक्षों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। डॉ. यादव ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए नितांत आवश्यक हैं, इसलिए अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनका संरक्षण करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पर्यावरण प्रेमी दिनेश कुमार रामी ने वनों के महत्व और खेजड़ी वृक्ष की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में खेजड़ी के पोच पौधे लगाए गए। एनएसएस प्रभारी डॉ. जितेंद्र कुमार गुप्ता, आचार्यगण डॉ. लालाराम, डॉ. तरुण कुमार व मंजू नेटवाल ने वनों के संरक्षण की उपयोगिता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सैनी महापंचायत के तहसील अध्यक्ष बने पार्षद बृजमोहन

महानगर संवाददाता



**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय स्थित सैनी महापंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक सैनी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से लालसोट तहसील में नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने पार्षद बृजमोहन सैनी को लालसोट तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि बृजमोहन सैनी के अनुभव और सक्रियता से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उनकी नियुक्ति से समाज के युवाओं को भी संगठनात्मक गतिविधियों में जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

## पाइप लाइन टूटने से पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

महानगर संवाददाता



**दत्तवास।** ग्राम पंचायत बड़ागांव के खाजपुरा गांव में बीसलपुर पेयजल योजना की पाइप लाइन 10 दिन से टूटी हुई है, जिसके चलते पानी व्यर्थ बह रहा है और ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण कमलेश पारीक ने बताया कि गांव के हैंडपम्प का पानी पीने योग्य नहीं है और पाइप-लाइन क्षतिग्रस्त होने से नलों में पानी आना बंद हो गया है। ऐसे में ग्रामीणों को दूरदराज स्थित ट्यूबवेलों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ है। ग्रामीणों ने बताया कि पाइप-लाइन को दुरुस्त करने के लिए जलदाय विभाग के कर्मचारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन विभाग की ओर से इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने पाइप लाइन की मरम्मत कर पेयजल आपूर्ति शीघ्र चालू कराने की मांग की है।

## शहीद भवानी सिंह की पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत बुर्जा की ढ़ाणी के गांव हरिपुरा में शहीद भवानी सिंह की पुण्यतिथि पर शहीद भवानी सिंह राउमावि के विद्यार्थी, स्टाफकर्मी, शहीद के परिजनों व ग्रामीणों ने शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्रामीणों ने बताया कि इस अवसर पर श्रीकृष्ण गोशाला अजीतगढ़ में शहीद की वीरांगना सुमन कंवर, पिता मालसिंह, पुत्र मानवेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह, हैप्पी सिंह, सुनील सिंह, विकास सिंह सहित अन्य परिजनों ने गौवंश को हरा चारा, गुड़ व दलिया खिलाया और 51 सौ रुपए का सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर गौशाला प्रबंधन की ओर से शहीद के परिजनों का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

# अवैध ब्लास्टिंग और ओवरलोड वाहनों से लोगों में रोष

## समस्या के शीघ्र समाधान के लिए उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

महानगर संवाददाता



**नीमकाथाना।** अवैध ब्लास्टिंग से दूर तक उछलते पत्थर और ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर कोई करवाई नहीं होने पर खोरा-भूदोली के आसपास के क्षेत्रवासियों में स्थानीय शासन व प्रशासन की निष्क्रियता पर नाराजगी है। अवैध ब्लास्टिंग कर खनन करने और रोजाना बड़े पैमाने पर अवैध ओवरलोड वाहनों के आवागमन से जान-माल की क्षति होने पर उपखंड स्तरीय जनसुनवाई शिविर में पहुंचे खोरा-भूदोली के आसपास के लोगों ने अपनी समस्या के निराकरण की मांग उठाई। उन्होंने अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अविलंब कठोर कार्रवाई करने मांग की। पीड़ित ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त लिखित परिवेदना उपखंड अधिकारी को देकर गुहार लगाई कि क्षेत्र में वर्षों से अवैध खनन चल रहा है।


यहां सुरक्षा को लेकर कोई तारबंदी नहीं होने के कारण आए-दिन ग्रामीणों के पालतू पशु मौत के शिकार हो रहे हैं। वहीं जब चाहे जब मनमर्जी से भारी ब्लास्टिंग की जा रही है, जिससे आबादी क्षेत्र के मकानों में दरारें आ गई हैं, जिससे कभी भी मकानों के गिरने का अंदेशा बना हुआ है। इसी प्रकार ओवरलोड वाहनों के सरपट दौड़ने से दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इन वाहनों से आए-दिन मुख्य सड़क पर छोटे-मोटे पत्थर गिरते रहने से अन्य वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। इस मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन व पुलिस को कई बार लिखित व मौखिक शिकायत की गई, लेकिन समस्या आज भी जैस की तस बनी हुई है। ज्ञापन देने वाले पीड़ित लोगों में रोहिताश कसाना, रमेश चंद, श्रीकांत, रणवीर, माकपा नेता गोपाल सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ग्रह गोचर : राशि परिवर्तन से पहले सूर्य करेंगे नक्षत्र परिवर्तन

## समाज और कॅरियर से जुड़े मामलों में दिखेगी प्रखरता

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ग्रहों के राजा सूर्य अपनी राशि यानी सिंह में गोचर कर रहे हैं। वह 17 सितंबर को देर रात कन्या राशि में प्रवेश करेंगे। उससे पहले सूर्य नक्षत्र परिवर्तन करेंगे। सूर्य 13 सितंबर को अपराह्न काल में उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में गोचर करेंगे। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र के स्वामी स्वयं सूर्य है। इसलिए सूर्य के अपनी राशि से अपने ही नक्षत्र में प्रवेश करने पर उनकी ऊर्जा और भी प्रबल हो जाएगी, जिससे समाज और करियर से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। कुछ राशियों पर भी विशेष रूप से इसका सकारात्मक असर दिखाई दे सकता है।



### इन राशियों पर नजर आएगा विशेष प्रभाव

**वृषभ राशि :** सूर्य का नक्षत्र परिवर्तन आपके लिए शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से किए गए कामों के लिए आपको बड़ा इनाम मिल सकता है। समाज में भी प्रभाव बढ़ेगा, जिससे लोगों पर आपकी बातों का असर अधिक होगा। इस समय बिजनेस करने वालों को खासतौर से अच्छा लाभ मिलेगा। अगर को धन की योजना अटकी हुई थी, तो आर्थिक मामलों में अब सुधार होगा। आप बचत में वृद्धि करने में सफल रहेंगे।

**कर्क राशि :** कर्क राशि वालों के लिए समय सकारात्मक परिणामों से भरा रहेगा। आपको कला के क्षेत्र में धन कमाने के मौके मिलेंगे। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के कई अवसर मिलेंगे। आत्मविश्वास बढ़ने से मन प्रसन्न रहने वाला है। सामाजिक क्षेत्र में नई जान-पहचान बनेगी। धन प्राप्ति के नए-नए स्त्रोत बन सकते हैं। सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन से कानूनी मामलों में राहत मिल सकती है। इसके अलावा निवेश या लेन-देन से भी लाभ मिलने की संभावना बनी रहेगी। यह समय आपकी इच्छाओं की पूर्ति करने वाला साबित होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों के अटके कार्यों को गति मिलेगी। आप अगर राजनीति में आना चाहते हैं, तो कई अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में लोगों के साथ तालमेल बनाकर काम करने से भी लाभ होगा और आपकी पहचान बढ़ेगी। धीरे-धीर आत्मविश्वास भी बढ़ता हुआ नजर आएगा। आपकी क्रिएटिविटी की सराहना होगी। विवाह के मार्ग में आ रही बाधाएं भी दूर होगी। जीवनसाथी के लिए नए कारोबार की शुरुआत भी आप कर सकते हैं। छात्रों को सरकारी नौकरी के क्षेत्र में नया अपडेट मिलेगा।

# विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति दिखा उत्साह

## 108 स्थानों पर शुरू हुए संस्कृत संभाषण शिविर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** संस्कृत भारती के तत्वावधान में जयपुर महानगर क्षेत्र के 108 स्थानों पर संस्कृत संभाषण शिविरों का शुभारंभ हुआ। 19 सितम्बर तक आयोजित होने वाले शिविरों में बच्चे, छात्र, अध्यापक, चिकित्सक एवं समाज के सभी वर्गों के लोग भाग ले रहे हैं। संस्कृत भारती के जयपुर महानगर मंत्री मनोज शर्मा ने बताया कि हमारे उज्जवल भविष्य के लिए संस्कृत अत्यन्त आवश्यक हैं। संस्कृत आधार का काम करेगी। संस्कृत में ज्ञान एवं विज्ञान का अनंत भण्डार हैं। संस्कृत हमारे हर क्षेत्र को पोषित एव संरक्षित करती है। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों में संस्कृत सीखने का उत्साह काफी अधिक दिखाई दे रहा हैं। इन शिविरों में संस्कृत को व्यावहारिक रूप से सरल माध्यम में सिखाई जा रही हैं।

### समापन समारोह 20 को

शिविरों का समापन 20 सितम्बर को होगा। सामूहिक समापन कार्यक्रम मानसरोवर के परिष्कार महाविद्यालय में होगा।

समापन समारोह का नाम भविष्य के लिए संस्कृत, भविष्याय संस्कृतम् रखा गया हैं। इस मौके पर संस्कृत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# परम्परा: पहले गोबर से बनती थी सांझी, अब रंग से सज रही हैं दीवारें

## छोटीकाशी के कुछ ही मंदिरों तक सिमटी कला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** ढूंढ़ाड़ की संस्कृति और लोक जीवन से जुड़ा 16 दिवसीय सांझी पर्व इस बार भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से लेकर सर्व पितृ अमावस्या तक चलने वाले इस पर्व का महत्व न केवल धार्मिक दृष्टि से है, बल्कि यह किशोरियों को जीवन मूल्य और पारिवारिक संस्कार सिखाने का माध्यम भी माना जाता है। बदलते समय में जहां कभी मिट्टी और गोबर से सांझी की आकृतियां बनाई जाती थीं, वहीं अब पक्की दीवारों पर रंगों से बन रही है। कागज और फ्लैक्स से बने पोस्टर लगाकर भी सांझी पूजन करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है।

श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि लोक मान्यताओं के अनुसार सांझी देवी पार्वती का ही रूप हैं, जो पितृपक्ष के दिनों में अपने मायके आती हैं। इन 16 दिनों तक अविवाहित बालिकाएं शाम ढलते ही घर या मोहल्ले के किसी खुले स्थान पर एकत्रित होती हैं। वे गोबर से दीवार पर आकृतियां बनाकर उन्हें फूलों और रंग-बिरंगी चमक-दमक से सजाती हैं। इसके बाद सामूहिक रूप से लोकगीत गाए जाते हैं और सांझी माता की आरती कर प्रसाद बांटा जाता है। गीतों में सांझी के मायके आने, उनकी विदाई और स्त्री जीवन से जुड़े अनेक संदर्भ सुनने को मिलते हैं।



समय के साथ परंपराओं में बदलाव स्वाभाविक है। पहले जहां कच्ची दीवारों पर गोबर से लीपकर सांझी बनाई जाती थी, वहीं आज पक्की दीवारों और आधुनिक घरों में इसकी जगह कागज या फ्लैक्स से बने पोस्टरों ने ले ली है। इन पोस्टरों पर सांझी की सुंदर आकृतियां छपी रहती हैं, जिन्हें बालिकाएं आसानी से दीवारों पर चिपकाकर पूजन कर लेती हैं। युवा पीढ़ी को जहां यह तरीका सरल और सुविधाजनक लगता है, वहीं बुजुर्गों का कहना है कि गोबर से बनने वाली पारंपरिक सांझी में मौलिकता और आत्मीयता थी। बावजूद इसके लोग मानते हैं कि स्वरूप चाहे बदले, लेकिन सांझी पर्व का महत्व और आस्था कायम है। रामगंज बाजार के लाड़लीजी मंदिर में श्राद्ध पक्ष में प्रतिदिन सांझी बनाई जा रही है। इसे पक्के रंगों से बनाया जाता है। प्रतिदिन इसका आकार बढ़ता जाता है। अमावस्या को सबसे बड़े आकार की सांझी बनेगी।

### ग्रामीण क्षेत्र में जीवित है परंपरा

ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी सांझी पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भले ही शहरीकरण और बदलते परिवेश ने इसकी परंपरा में कुछ परिवर्तन ला दिए हों, लेकिन बालिकाओं का उत्साह और आस्था आज भी सांझी पर्व को जीवित बनाए हुए है। यही कारण है कि यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि जयपुर की समृद्ध लोक संस्कृति का जीवंत उदाहरण भी है।

## श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति का वार्षिकोत्सव 19 का

# महापौर ने किया कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शास्त्री नगर स्थित खंडेलवाल कॉलेज में श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति की ओर से 19,20 व 21 सितम्बर को 33वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। संस्था के गणेश खंडेलवाल ने गढ़गणेश मन्दिर में जाकर निमंत्रण दिया। जयपुर नगर निगम हैरिटेज महापौर कुसुम यादव ने गुरुवार को कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम, संघ कार्यालय प्रमुख सुदामा एवं रमेश इसरानी भी उपस्थित रहे।

संस्था के मंत्री शंकर झालानी, दुर्गेश खंडेलवाल, अंकित खंडेलवाल, अनुज खंडेलवाल, योगेश खंडेलवाल, राजेश कट्टा, रोहित गोयल ने महापौर एवं सभी महानुभावों को महोत्सव में आने के लिए निमंत्रण दिया। कलश यात्रा संयोजक कैलाश गुप्ता एवं गिर्राज ने बताया कि 19 सितम्बर को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा बनी पार्क राधा दामोदर मन्दिर से रवाना होकर खंडेलवाल कॉलेज पहुंचेगी। कार्यक्रम संयोजक हरि किशन टोडवाल ने बताया कि 20 व 21 सितम्बर को खंडेलवाल कॉलेज में बाबा श्याम का गुणगान होगा एवं भजन संध्या होगी।

# साइबर जागरूकता हमारी सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीतापुरा स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में 'साइबर सुरक्षा' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता हेमलता ने कार्यशाला का नेतृत्व किया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को नवीनतम सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता ही वास्तविक सुरक्षा है। विद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर अंजू जयदीप ने भी अभिभावकों के साथ इस विषय पर बातचीत की और उनके विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए साथ ही साइबर सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर किया। प्राचार्या ने सभी को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

# 'डांडिया नाइट-2025' का पोस्टर विमोचन



महानगर संवाददाता

जयपुर। रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन की ओर से 12 अक्टूबर को ईपी सेंट्रल लॉन में डांडिया का आयोजन होगा। क्लब के चार्टर अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने गुरुवार को सचिवालय में डांडिया कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। दीयाकुमारी ने डांडिया कार्यक्रम की सफलता के लिए अग्रिम बधाई दी। क्लब अध्यक्ष संजय अग्रवाल व डांडिया के चेयरमैन अशोक जैन कोटलर ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शामिल होने की सहमति प्रदान की है।

# 'त्योहार : परम्परा भी, ट्रेंड भी' पर हुआ विशेष टॉक शो



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजापार्क स्थित पिंक कैफे में 'त्योहार : परम्परा भी, ट्रेंड भी (सीजन-1)' शीर्षक से एक विशेष टॉक शो का आयोजन किया गया।

शिल्पी फाउंडेशन की ओर से राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर और बदलते सामाजिक परिदृश्य पर चर्चा के उद्देश्य से इस शो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं में पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, आकाशवाणी की डायरेक्टर रेशमा खान, वरिष्ठ पत्रकार मणिमाला शर्मा, शिक्षाविद् स्नेहलता भारद्वाज, समाजसेवी रिजवान एजाजी, प्रो. डॉ. शालिनी माथुर, समाजसेवी हीरालाल सैनी और लेखिका आसमा नाज शामिल रहीं। इस अवसर पर मणिमाला शर्मा ने कहा कि कोई भी रीति-रिवाज जब तक हम स्वयं अपने जीवन में नहीं अपनाएंगे, तब तक नई पीढ़ी भी उसे नहीं सीख पाएगी। ज्योति खंडेलवाल ने कहा कि हमारे परिवार ढाई सौ साल से जयपुर में रह रहे हैं और इस पूरे समय से परंपरा व त्योहारों को रीति-रिवाजों के साथ निभा रहे हैं। रेशमा खान ने कहा कि त्योहारों की खूबसूरती धर्म से नहीं बल्कि उसे सेलिब्रेट करने के तरीके से है। डॉ. रतन शर्मा का कहना था, नई पीढ़ी अपने तरीके और ट्रेंड से त्योहार मनाना चाहती है और यही तरीका परंपरा से उन्हें जोड़ता है। शिल्पी फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य त्योहारों की परंपरा और आधुनिक ट्रेंड के बीच संतुलन पर विमर्श करना था ताकि नई पीढ़ी को सांस्कृतिक जुड़ाव का मार्ग मिले।

## पुण्य तिथि पर अर्पित किए शब्द सुमन

# करुणा, संवेदना की प्रतिमूर्ति ही नहीं 'अग्निरेखा' भी थीं महादेवी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** छायावादी काव्य की प्रमुख स्तंभ महादेवी वर्मा की पुण्यतिथि पर गुरुवार को विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। लेखकों-साहित्यकारों ने उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डाला। साहित्यकारों और लेखकों ने कहा कि महादेवी केवल करुणा, संवेदना और ममत्व की कवयित्री ही नहीं थीं, बल्कि वे अपने अंतस में 'अग्निरेखा' भी थीं। जेएलएन मार्ग स्थित एक कला दीर्घा में आयोजित संगोष्ठी में साहित्यकार दीनानाथ मिश्र ने कहा कि महादेवी की रचना आज खरीदेंगे हम ज्वाला उनके भीतर दहकती उस ज्वाला का प्रतीक है जो समाज के अनर्थ को भस्म करने के लिए तत्पर थी। जीवन के अंतिम दिनों में प्रकाशित 'अग्निरेखा' काव्य संग्रह ने उनके शिल्प को ही तोड़ दिया और यह सिद्ध किया कि समय आने पर कोमल स्वर को तीव्र स्वर में बदलना भी आवश्यक है।



साहित्यकार सुधांशु प्रभाकर ने कहा कि 1976 में प्रयागराज में आयोजित एक गोष्ठी में आपातकाल पर महादेवी वर्मा ने अभिव्यक्ति की आजादी पर खुलकर आवाज बुलंद की थी। उन्होंने कहा था जुबान पर पहरे हैं, कलम की अभिव्यक्ति छीन ली गई है। यह उनके भीतर की सिंहनी थी जो अन्याय के विरुद्ध गरज उठी थी। वहीं, साहित्यकार प्रखर सिंह ने महादेवी की चित्रकला को भी विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि 1935 में प्रयाग महिला विद्यापीठ में चित्रकला विभाग की स्थापना कर उन्होंने कला की नई धारा प्रवाहित की। 'वर्षा' और 'संध्या' जैसे उनके चित्र बंगाल चित्रकला से प्रभावित माने जाते हैं, जबकि प्रसिद्ध चित्र 'दीपक' टैगोर शैली की छाप लिए हुए है।

उल्लेखनीय है कि 26 मार्च 1907 को फर्रुखाबाद में जन्मीं और 11 सितंबर 1987 को प्रयागराज में दिवंगत हुईं महादेवी वर्मा भारतीय साहित्य में अद्वितीय स्थान रखती हैं। उनकी कविताओं में जहां शीतलता और करुणा का स्पर्श है, वहीं समय आने पर संघर्ष का बिगुल भी मुखर होता है। यही उनकी विराटता है जिसने उन्हें 'आधुनिक मीरा' और साथ ही 'अग्निरेखा' दोनों का स्वरूप प्रदान किया।

## शारदीय नवरात्र

# माता दुर्गा का आगमन हाथी पर, प्रस्थान पालकी में

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आश्विन माह के शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से प्रारंभ हो रही है। प्रथम दिन घट स्थापना के अवसर पर माता दुर्गा हाथी पर सवार होकर पधारेंगी। मान्यताओं के अनुसार हाथी पर माता का आगमन सुख, शांति, समृद्धि तथा वर्षा की प्रचुरता का प्रतीक है। नवरात्र का समापन 2 अक्टूबर को होगा। माता का प्रस्थान पालकी (डोली) से होगा। शास्त्रों के अनुसार पालकी पर विदाई जनकल्याण और संपन्नता का द्योतक है। किंतु साथ ही स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों एवं बीमारियों के प्रसार का भी संकेत देता है।

ज्योतिषाचार्य पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि धार्मिक परंपरा के अनुसार माता के आगमन और प्रस्थान के वाहन ही वर्षभर की परिस्थितियों के सूचक माने जाते हैं। इस बार नवरात्र में माता दुर्गा के हाथी पर आगमन और पालकी पर प्रस्थान से संकेत मिलते हैं कि समाज में सुख-शांति और सम्पन्नता बनी रहेगी, परंतु जन-स्वास्थ्य को लेकर सजग रहना आवश्यक होगा।

# नेपाल की होटल-धर्मशालाओं में कैद श्रद्धालु आगे की यात्रा पर रवाना

## घर वापसी के समाचार से परिजनों में खुशी, छटे चिंता के बादल

महानगर संवाददाता

जयपुर। भारत के पड़ोसी देश नेपाल में युवाओं के संगठन जेन-जेड के आंदोलन और हिंसा में जयपुर सहित प्रदेश के कई शहरों के फंसे श्रद्धालुओं को लेकर अब खुशी की खबर है। नेपाल में बदलते हालात और भारतीय दूतावास के प्रयासों से पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन के लिए नेपाल गए कुछ लोग जयपुर के लिए तो कई आगे की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। हालांकि अधिकांश लोग अभी भी वहीं फंसे हुए हैं। वहां हिंसा भड़कने के बाद अब होटल और धर्मशालाओं में कैद होकर रह गए हैं। हवाई सेवाएं रद्द होने से घर वापसी पर अभी भी संकट मंडरा रहा है। परिजन लगातार वाट्सएप कॉल और अन्य माध्यमों से कुशलक्षेम पूछ रहे हैं और सकुशल वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं। अब धीरे-धीरे स्थिति सामान्य होने से श्रद्धालुओं और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली है। जयपुर के सांगानेर से राम प्रसाद शर्मा परिवार के साथ नेपाल पहुंचे थे। नौ सितंबर को उनका पशुपतिनाथ दर्शन का कार्यक्रम था, लेकिन इसके पहले ही नेपाल में हिंसा भड़क गई। होटल प्रबंधन ने उन्हें बाहर न निकलने और खिड़की तक न खोलने की सख्त हिदायत दी। इसी बीच काठमांडू से वाराणसी की विमान सेवा भी रद्द हो गई। सीकर रोड निवासी गजानंद अग्रवाल ने बताया कि उनके मित्र के नेपाल में फंसने से पूरा परिवार चिंतित है। मित्र की दादी की तो समाचार सुनकर तबीयत भी खराब हो गई। उनके मित्र यश ने फोन पर बताया कि नेपाल की स्थिति बेहद खराब है। हर तरफ तोड़फोड़ और आगजनी हो रही थी। होटल से बाहर झांकने तक में डर लग रहा था। हालांकि दो दिन से स्थिति नियंत्रण में है। रेस्टोरेंट बंद होने से खाना नहीं मिल रहा। छोटे बच्चों को दूध नहीं मिल रहा। जो ढाबे खुले हैं वे कई गुणा राशि वसूल रहे हैं। आदर्श नगर निवासी सुरेश वर्मा अपने परिवार सहित गए हुए हैं। उनकी पुत्रवधू ने बताया कि नेपाल से लगातार संपर्क बनाए रखना कठिन हो गया है। जयपुर स्थित परिजन दिन-रात भगवान पशुपतिनाथ से सुरक्षित वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं।

### खाना खाकर निकले तभी बिगड़ गए हालात

राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि वे 30 अगस्त को घर से रवाना हुए थे। उनका ग्रुप मेहंदीपुर, गोवर्धन, ऋषिकेश में दर्शन के बाद गोरखपुर के रास्ते 7 सितंबर को नेपाल पहुंचा। सुबह उन्होंने पशुपति नाथ मंदिर में दर्शन किए। शाम को पूरा ग्रुप काठमांडू की नयाबस्ती स्थित सत्य साईं नाम के होटल आ गया था। रात को खाना खाने के बाद वह निकलने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन उसी रात से वहां माहौल खराब होने लगा। सुरक्षा के लिए होटल को पूरी तरह पैक कर दिया गया है। नारायण लाल के बेटे संदीप ने बताया कि हिंसा के चलते वहां इंटरनेट और कॉल नहीं लग पा रहा है। मंगलवार को तो सुबह बात हुई थी, लेकिन उसके बाद से बात नहीं हो पा रही है। जिस होटल में पूरा ग्रुप रुका है, वहां दूसरी मंजिल पर जाने पर इंटरनेट आता है। जाने से पहले यात्रियों ने एक वॉट्सऐप ग्रुप बनाया था, उसी के जरिए हमें खबर मिल रही है।

### भगवान से प्रार्थना में बीत रहा दिन

जयपुर में नेपाल में फंसे लोगों के परिवारजन बेहद चिंतित है। वे भगवान से यही प्रार्थना कर रहे हैं कि सब कुछ जल्दी से जल्दी ठीक हो जाए। गुरुवार को इनके परिजनों ने विभिन्न मंदिरों में ढोक लगाई। टोंक फाटक निवासी रामस्वरूप शर्मा, पत्नी श्रवणी देवी और भाई प्रहलाद शर्मा के साथ नेपाल में हैं। वे 30 अगस्त को जयपुर से यात्रा के लिए गए थे। उनके बेटे मनीष शर्मा ने बताया कि पिता को अस्थमा, बीपी की दिक्कत है। मंगलवार सुबह पिता से बहुत कम बात हो पाई थी। उनकी तबीयत खराब थी। परिवार के सभी लोगों को उनकी चिंता है। सब उनकी सकुशल वापसी के लिए सुबह-शाम भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं। गोनेर निवासी मंजू और उनके पति रामशरण काठमांडू के गुहेश्वरी इलाके में स्थित एक गेस्ट हाउस में फंसे हुए हैं। मंजू की बहन अनीता शर्मा ने बताया कि दो दिन पहले बात हुई थी। वे काफी डरे सहमे हुए थे। जगतपुरा के बडवाली ढाणी के नारायण लाल और उनके भाई मूलचंद शर्मा सहित 40 लोग धार्मिक यात्रा पर गए हुए हैं।

### गोनेर-वाटिका से गए लोग वापसी में अटके

गोनेर, तीतरिया, वाटिका, टोंक फाटक, टीकपुरा, सांगानेर समेत आस-पास के गांवों से करीब 500 लोग 10 बसों में तीन धाम की यात्रा पर गए हुए हैं। सभी यात्री 6-7 सितंबर की रात को ही नेपाल पहुंच गए थे। वहां मंदिरों में दर्शन के बाद होटलों में गए। उसी दिन हालात बिगड़ने शुरू हो गए। तीतरिया से गए कैलाश चंद जोशी, रामु लाल खोज, दामोधर प्रसाद जांगिड़, कैलाश जांगिड़ ने बताया कि 8 सितंबर को वहां से निकलने की कोशिश की थी, लेकिन काठमांडू हिंसा बढ़ गई। इसके बाद गुरुवार को भारतीय दूतावास के प्रयासों से सुरक्षित वापसी हो रही है।

# युवा पीढ़ी के कड़े विद्रोही तेवर

## नेपाल के बाद फ्रांस में शासन के खिलाफ शुरू हुई बगावत

**नेपाल** में युवा पीढ़ी का भड़का दावानल अभी शांत भी नहीं हुआ था कि सुदूर फ्रांस से भी युवाशक्ति के कमोबेश ऐसे ही विद्रोही तेवरों ने सत्ता प्रतिष्ठान को एक झटके में हिलाकर रख दिया है। जनभावनाओं को समय रहते नहीं पढ़ पाने की नेताओं की नासमझी के चलते अराजकता किस कदर बलवती हो जाती है, ताजा घटनाएं उसी का प्रत्यक्ष प्रमाण है। एशिया के अलग-अलग कोनों में, चाहे वह हिमालय की गोद में बसा नेपाल हो या फिर दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश इंडोनेशिया हो, यहां एक नई पीढ़ी अपनी आवाज बुलंद कर रही है। इस पीढ़ी को जेनरेशन-जेड यानी जेन-जी के नाम से जाना जाता है। 1995 से 2010 के बीच जन्मी पीढ़ी अब खुलकर सरकारों को चुनौती दे रही है। नेपाल से इंडोनेशिया, श्रीलंका से बांग्लादेश तक, एशिया के युवा असमानता और अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। यह दर्शाता है कि वे अन्याय को अपनी नियति के रूप में स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया बैन के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन हो या इंडोनेशिया में भ्रष्टाचार और नीतिगत असंतोष के खिलाफ प्रदर्शन, जेन-जी का गुस्सा अब केवल चिंगारी नहीं, बल्कि एक ऐसी आग बन चुका है जो सरकारों को हिलाकर रख दे रही है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की आजादी को मौलिक अधिकार के रूप में परिभाषित किया गया है, जो हर नागरिक को बिना किसी दबाव और




भेदभाव के अपनी राय एवं विचार व्यक्त करने की अनुमति देता है। इसमें बोलना, लिखना, कलाकारी और इंटरनेट का उपयोग करना जैसे विभिन्न रूप शामिल हैं। हालांकि, यह अधिकार असीमित नहीं है और दूसरों के अधिकारों का उल्लंघन करने, भेदभाव तथा हिंसा या नफरत को बढ़ावा देने जैसी गतिविधियों की सूरत में यह कानूनी तौर पर बंदिश के दायरे में आ सकता है। नेपाल में जो जन आक्रोश फूटा है, वह सोशल मीडिया पर पाबंदी और उससे अभिव्यक्ति की आजादी प्रभावित होने से ही प्रेरित है। वहां सड़कों पर लोगों के गुस्से की आग इस कदर भड़की कि इसकी लपटें प्रधानमंत्री आवास तथा राष्ट्रपति भवन और संसद भवन तक जा पहुंची। प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच हिंसक झड़पों में कई लोगों की जान भी चली गई। सवाल है कि आखिर नेपाल में ऐसे हालात क्यों बनने दिए गए! समय रहते प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर उन्हें विश्वास में लेने के प्रभावी प्रयास क्यों नहीं किए गए! बेशक जेन-जी प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों के बाद सरकार ने सोशल मीडिया बैन को तुरंत हटा लिया, लेकिन युवाओं का असंतोष कम नहीं हुआ। सेना ने हस्तक्षेप कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। नेपाल के युवा अपनी सरकार से नाराज हैं, जो उनकी समस्याओं से कटी हुई प्रतीत होती है। सोशल मीडिया उनके लिए महत्वपूर्ण है, खासकर उस देश में जहां हर चार में से एक व्यक्ति राष्ट्रीय गरीबी रेखा से नीचे रहता है। ये प्लेटफॉर्म प्रवासियों से धन प्राप्त करने और अपनों से जुड़े रहने का जरिया हैं। फिलहाल नेपाल के युवाओं ने सरकार को उखाड़ फेंका है। अब वहां एक नए सवेरे की उम्मीद है। अंतरिम सरकार के नेतृत्व के लिए समूह जिन नामों पर विचार कर रहा है, उनमें पूर्व प्रधान न्यायाधीश सुशीला कार्की, काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह और बिजली बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कुलमन घीसिंग के नाम शामिल हैं। कार्की नेपाल के उच्चतम न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश के रूप में सेवाएं देने वाली एकमात्र महिला हैं। सबसे बड़े मुस्लिम देश इंडोनेशिया में भी हालात अलग नहीं हैं। अगस्त के अंत में, सांसदों को मिलने वाले भारी-भरकम आवास भत्तों के खिलाफ जनता सड़कों पर उतर आई। ये भत्ते न्यूनतम मासिक वेतन से लगभग 10 गुना थे। बढ़ती जीवन लागत से जूझ रही जनता के लिए यह भत्ते अस्वीकार्य थे। एक मोटरसाइकिल टैक्सी चालक की पुलिस वाहन से कुचलकर हुई मौत ने आग में घी डालने का काम किया। प्रदर्शनकारियों ने शीर्ष सांसदों के घरों में लूटपाट की, कारों को आग लगाई और सरकारी इमारतों को नुकसान पहुंचाया। यह दशकों में सबसे हिंसक प्रदर्शनों में से एक था। बढ़ते दबाव के बीच राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भत्तों को वापस लिया और अधिक जवाबदेही का वादा किया। इस सप्ताह, देश के जाने माने वित्त मंत्री मुल्यानी इंद्रावती को हटा दिया गया, जिसे जनता के गुस्से को शांत करने की कोशिश माना जा रहा है। हालांकि ये प्रदर्शन देशों में हुए, लेकिन इनके पीछे साझा शिकायतें हैं। इंडोनेशिया की आधी आबादी 30 साल से कम उम्र की है, जबकि नेपाल में यह आंकड़ा 56फीसदी है। दोनों देशों में बेरोजगारी और बढ़ती आय असमानता युवाओं के लिए बड़ी समस्या है। ये प्रदर्शन दर्शाते हैं कि युवाओं की एकजुट कार्रवाई सरकारों को पीछे हटने पर मजबूर कर सकती है। बांग्लादेश इसका जीता-जागता उदाहरण है। 2024 में, छात्रों के नेतृत्व में हुए एक आंदोलन ने देश की सबसे लंबे समय तक सत्ता में रहीं शेख हसीना को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इस हिंसा में सैकड़ों लोग मारे गए और कई घायल हुए। इसी तरह श्रीलंका का अनुभव एक सबक है। यहां 2022 में, युवा-नेतृत्व वाले 'अरागलया' (संघर्ष) आंदोलन ने राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया। उनकी अक्षम सरकार के तहत देश ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना किया, जिसमें विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण ईंधन आयात रुक गया, लंबी पेट्रोल लाइनें लगीं और 13 घंटे की बिजली कटौती हुई। मजबूरन राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा। आर्थिक तंगहाली की कगार पर आ पहुंचे नेपाल की मौजूदा स्थिति को अच्छा नहीं कहा जा सकता है। अतः वहां बेपटरी हुए हालात जितनी जल्दी ठीक स्थितियां सामान्य होगी तभी सुधारात्मक उपाय फलीभूत हो पाएंगे। इसके लिए युवाओं को पहल करनी होगी तब जाकर वे अपने अनुकूल शासन स्थापित कर पाएंगे।

> **1995 से 2010 के बीच जन्मी पीढ़ी अब खुलकर सरकारों को चुनौती दे रही है। नेपाल से इंडोनेशिया, श्रीलंका से बांग्लादेश तक, एशिया के युवा असमानता और अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। यह दर्शाता है कि वे अन्याय को अपनी नियति के रूप में स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया बैन के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन हो या इंडोनेशिया में भ्रष्टाचार और नीतिगत असंतोष के खिलाफ प्रदर्शन, जेन-जी का गुस्सा अब केवल चिंगारी नहीं, बल्कि दावानल बन चुका है। वहां बेपटरी हुए हालात जितनी जल्दी ठीक होंगे तभी सुधारात्मक उपाय फलीभूत हो पाएंगे। इसके लिए युवाओं को पहल करनी होगी तब जाकर वे अपने अनुकूल शासन स्थापित कर पाएंगे।**

# महंत अवैद्यनाथ जी महाराज : राष्ट्रसंत की राष्ट्र आराधना का सनातन पथ

प्रणय विक्रम सिंह




**समाज** के आकाश में जब-जब अंधकार के बादल गहराए, जब अन्याय और असमानता की आंधियां जनमानस को झकझोरने लगीं, और जब सनातन संस्कृति की सरिता पर संक्रमण की छाया छाने लगी, तब कोई संत दीप बनकर दिशा दिखाने आता है, ज्योति बनकर जनपथ को आलोकित करता है। राष्ट्रसंत, ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज वही दिव्य दीप थे, जो स्वयं जलकर भी युगों तक समूचे समाज को उजियारा देते रहे। वे उस दीपशिखा की तरह थे, जो तमस को तपाकर प्रकाश में बदल देती है। उस पावन गंगा-धारा की तरह, जो ऊंच-नीच की शिलाओं को चीरकर समरसता का समतल रचती है। और उस वज्र-संकल्प जैसे, जो राममंदिर आंदोलन के रण में आस्था को विजय का वरण कराता है। हिमालय की उपत्यकाओं में 1921 में जन्मे कृपाल सिंह बिष्ट ने समय की धाराओं को चीरते हुए गोरक्षपीठ के महंत अवैद्यनाथ का रूप धारण किया। गुरु महंत दिग्विजयनाथ से मिली विरासत केवल मठ की परंपरा नहीं, बल्कि धर्म, समाज और राष्ट्र की दिशा दिखाने का दायित्व था। अवैद्यनाथ ने इस पावन ध्वज को न केवल संभाला, बल्कि उसे आकाश की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। वे तपस्वी भी थे और तर्कशक्ति से परिपूर्ण योद्धा भी। समाज के सेवक भी थे और राष्ट्रधर्म के संगठक भी।

**सामाजिक समरसता के साधक : भेदभाव के विरुद्ध भव्य पुकार**

महंत अवैद्यनाथ ने गोरक्षपीठ को केवल साधना और उपासना का केंद्र नहीं रहने दिया, बल्कि उसे सेवा, संस्कार और समरसता का सशक्त सेतु बना दिया। मीनाक्षीपुरम में हुए सामूहिक धर्मांतरण ने उनके अंतर्मन को गहराई तक उद्वेलित किया। यह आघात केवल आस्था पर आक्रमण नहीं था, बल्कि समाज की संवेदना पर असमानता का असहनीय आघात था। उसी क्षण उन्होंने प्रण किया कि भेदभाव की दीवार ढहाना और भाईचारे की बुनियाद गढ़ना ही उनकी तपस्या होगी।

उन्होंने समाज को यह स्मरण कराया कि सनातन की मूल आत्मा ही समरसता है। वह संस्कृति, जो प्राणीमात्र से प्रेम का संदेश देती है, और वह जीवन-पद्धति, जो नर-सेवा को नारायण-सेवा के समतुल्य मानती है, उसमें छुआछूत और ऊंच-नीच का कोई स्थान नहीं हो सकता। इसी दृष्टि से आरंभ हुआ सहभोज का समरस अभियान। वे स्वयं दलित बस्तियों में पहुंचे, संतों और आचार्यों को साथ लेकर वंचित समाज के बीच बैठे, और थालियों में प्रेम परोसकर समानता का संदेश दिया। काशी में डोमराजा के घर संत-महात्माओं के संग भोजन करना केवल परंपरा को चुनौती देना नहीं था, बल्कि यह शताब्दियों से जमी विषमता पर वज्राघात और समानता की संजीवनी, समरसता की सरस्वती का सजीव उद्घोष था। गोरखपुर और पूर्वांचल के गांवों में जब उन्होंने सहभोज किया, तो वह भोजन नहीं रहा, वह बंधुत्व का बिगुल और भाईचारे का ब्रह्मनाद बन गया। वे बार-बार स्मरण कराते थे कि 'श्रीराम ने शबरी के बेर स्वीकारे, निषादराज को गले लगाया और जटायु का संस्कार किया, यही है समरस समाज का सनातन संदेश।'

उनकी दृष्टि में दुर्गा की आठ भुजाएं केवल दैवीय आयुध नहीं थीं, बल्कि समाज के चारों वर्णों की संयुक्त शक्ति का प्रतीक थीं। वे कहा करते थे कि 'जब वर्ण मिलेंगे, वर्ग संगठित होंगे और समाज एक सूत्र में बंधेगा, तभी वह दुर्गा-शक्ति की भांति दुर्जेय और अजेय बनेगा।'

इस प्रकार महंत अवैद्यनाथ का प्रत्येक कार्य भेदभाव के विरुद्ध भव्य पुकार, प्रत्येक अभियान समरसता का सशक्त संदेश और प्रत्येक संकल्प समानता के संग्राम का साक्षी था।

**छुआछूत की जड़ें जलाकर, समरसता का दीप जलाया।**
**भेद मिटाकर, भक्ति मिलाकर,बंधुत्व का बिगुल बजाया॥**
**नर-सेवा में नारायण देखा,प्राणी-मात्र में परमात्मा पाया।**
**महंत अवैद्यनाथ ने जीवनभर,सनातन का संदेश सुनाया॥**

**राम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत : आस्था के अरुणोदय**

महंत दिग्विजयनाथ से मिली परंपरा को महंत अवैद्यनाथ ने संकल्प की सरिता और संघर्ष की सरस्वती में रूपांतरित कर दिया। यह केवल विरासत का निर्वाह नहीं था, बल्कि उसे जन-जन की चेतना और राष्ट्र की धड़कन में बदल देने का संकल्प था। उनका योगदान संगठनात्मक कौशल से कहीं आगे, समाज की आत्मा को जाग्रत करने का अभियान था। 1984 में जब श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति का गठन हुआ, तो महंत अवैद्यनाथ सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। उद्घाटन सभा में उनका उद्घोष गूंजा 'राम केवल अयोध्या के राजा नहीं, वे भारत की आत्मा हैं। जब तक जन्मभूमि बंधनमुक्त नहीं होगी, तब तक यह आत्मा चैन से नहीं बैठ सकती।' उनकी पुकार पर शैव और वैष्णव, संत और महात्मा, धर्माचार्य और तपस्वी सभी एक मंच पर संगठित हुए। यह दृश्य ऐसा था, मानो विभिन्न नदियां मिलकर गंगा का रूप ले रही हों। 1986 में जब अदालत के आदेश से रामलला का ताला खुला, तो यह केवल एक ताले का खुलना नहीं था, बल्कि शताब्दियों से जकड़ी आस्था का कपाट खुलना था। महंतश्री ने उसी समय घोषणा की 'आज अयोध्या में केवल द्वार नहीं खुले हैं, आज हिंदू समाज की आत्मा के बंधन टूटे हैं।' उनका स्वर उस क्षण आस्था का आलोक बनकर पूरे राष्ट्र में फैल गया।9 नवंबर, 1989 को शिलान्यास का शुभक्षण आया। महंत अवैद्यनाथ जी ने पहली शिला रखने का सम्मान अनुसूचित जाति के साधक कामेश्वर चौपाल को दिया। यह केवल शिलान्यास नहीं, बल्कि समरसता का शंखनाद था। उन्होंने घोषणा की 'राममंदिर जाति-भेद का नहीं, समरसता और समर्पण का प्रतीक होगा। यह शिला हिंदू समाज की एकता की नींव बनेगी।' उस दिन की शिला ईंट नहीं, एकता की आधारशिला थी। पत्थर नहीं, परस्पर प्रेम का प्रतीक थी। 1990 की कारसेवा में अयोध्या को सैनिक छावनी में बदलकर जब मुलायम सिंह यादव ने कहा कि 'यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता' तो उस परिंदे के पंखों में प्राण-शक्ति फूंकने वाले महंत अवैद्यनाथ जी ही थे। जब पुलिस की गोलियां कारसेवकों पर बरसीं, तब भी महंतश्री का संकल्प अडिग रहा। 30 अक्टूबर, 1991 को कारसेवकों को श्रद्धांजलि देते हुए उनका उद्घोष गूंजा कि 'राम मंदिर किसी की दया से नहीं, हिंदुओं के शौर्य से बनेगा।' उनके इस वचन ने आंदोलन को अमराग्नि की ज्वाला में बदल दिया। और फिर 6 दिसंबर, 1992 का दिन आया। जब विवादित ढांचा गिरा, तो यह केवल पत्थरों का ढेर नहीं टूटा, बल्कि युगों का बोझ ढहकर गिर पड़ा। भारत की आत्मा ने शताब्दियों बाद स्वाभिमान की सांस ली। उस क्षण का अग्रदूत भी यही गोरक्षपीठ और उसके महंतश्री थे। महंत अवैद्यनाथ ने उस ऐतिहासिक क्षण पर कहा कि 'आज अन्याय का प्रतीक टूटा है। कल इसी भूमि पर न्याय का मंदिर खड़ा होगा। रामलला का भव्य मंदिर बनकर रहेगा। यह इतिहास की नहीं, आस्था की प्रतिज्ञा है।' महंत अवैद्यनाथ जी का यह संघर्ष केवल ईंट और पत्थर का नहीं था। यह आस्था का आंदोलन था, समरसता का संग्राम था, सनातन का स्वाभिमान था। उनके शब्दों में 'राममंदिर का निर्माण केवल अयोध्या का नहीं, भारत की आत्मा का पुनर्जन्म है।'

अवैद्यनाथ अडिग रहे, टूटी ताले की रोक। राममंदिर की ज्योति से,जगमग भारत लोक।।

**शिक्षा में संस्कार : बीज से वटवृक्ष तक**

महंत दिग्विजयनाथ ने जिस महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद का बीज रोपा था, उसे महंत अवैद्यनाथ ने अपने परिश्रम, दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प से वटवृक्ष में परिणत कर दिया। उनके लिए शिक्षा केवल रोजगार प्राप्त करने का साधन नहीं थी, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की आधारशिला थी। वे मानते थे कि पुस्तकों में बंद ज्ञान अधूरा है, जब तक उसमें भारतीयता का भाव, राष्ट्रवाद की चेतना और संस्कारों की सुगंध न मिले। इसीलिए उन्होंने शिक्षा को केवल कक्षा और पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर उसमें सेवा, अनुशासन और संस्कृति का समावेश किया। आज उनके प्रयत्नों का परिणाम है कि गोरक्षपीठ से संचालित पांच दर्जन से अधिक विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी और चिकित्सा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश की शिक्षा का मेरुदंड बने हुए हैं। इन संस्थानों से हर वर्ष हजारों छात्र- छात्राएं केवल डिग्रियां लेकर नहीं निकलते, बल्कि जीवन-मूल्यों, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना लेकर आगे बढ़ते हैं। इन संस्थानों में शिक्षा का वातावरण केवल आधुनिक विषयों का अध्यापन नहीं करता, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा से भी जोड़ता है। तकनीकी और चिकित्सा महाविद्यालयों में जहां विज्ञान और शोध की साधना होती है, वहीं प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में प्रार्थना, योग, अनुशासन और राष्ट्रगान से बच्चों के भीतर 'नैतिकता और राष्ट्रीयता' का बीजारोपण किया जाता है। ग्रामीण परिवेश से आए हजारों विद्यार्थियों ने यहां से शिक्षा पाकर प्रशासन, सेना, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ाया है। इसी तरह गोरखपुर का महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज उत्तर भारत की उस शिक्षा-धारा के प्रतीक हैं, जहां आधुनिक विज्ञान और भारतीय संस्कार का संगम होता है। महंत अवैद्यनाथ का यह प्रयास केवल संस्थानों की संख्या बढ़ाने का नहीं था, बल्कि शिक्षा को 'संस्कार और समर्पण की संजीवनी' बनाने का था। उनके लिए शिक्षा वही है, जो विद्या के साथ विनय और ज्ञान के साथ सेवा भी सिखाए।

**राजनीति में साधुता : सत्ता नहीं, साधना का संकल्प**

महंत अवैद्यनाथ जी का राजनीति में प्रवेश सत्ता की सीढ़ियां चढ़ने के लिए नहीं था, बल्कि समाज को समरस और राष्ट्र को सशक्त करने के लिए था। वे मानते थे कि साधुता यदि समाज तक न पहुंचे और समाज-सुधार राजनीति में न बहे, तो धर्म अधूरा रह जाता है। उनकी राजनीति का लक्ष्य सिंहासन नहीं, सेवा थी। कुर्सी नहीं, कर्तव्य था। और शासन नहीं, शुचिता थी। इसीलिए वे कहते थे 'राजनीति यदि समाज-सुधार का साधन न बने, तो वह केवल स्वार्थ का साधन रह जाती है।' उन्होंने पांच बार उत्तर प्रदेश विधानसभा और चार बार लोकसभा में जनता का प्रतिनिधित्व किया। लेकिन उनका स्वर हमेशा सत्ता के गलियारों की गूंज से परे, जनसाधारण की वेदना का व्याख्यान रहा। वे संसद और विधानमंडल की बहसों में केवल क्षेत्रीय प्रश्न नहीं उठाते थे, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और समाज-सुधार का स्वर मुखर करते थे। अखिल भारतीय हिंदू महासभा में उपाध्यक्ष और महासचिव के रूप में उनका योगदान विशेष उल्लेखनीय रहा। उन्होंने संगठन को केवल राजनीतिक मंच नहीं रहने दिया, बल्कि उसे एक राष्ट्रधर्मी आंदोलन का रूप दिया। उनके नेतृत्व में महासभा ने शिक्षा के पुनर्जागरण, सांस्कृतिक स्वाभिमान और राष्ट्रीय अखंडता को अपनी प्राथमिकताओं का केंद्र बनाया।

उनकी राजनीति में साधुता का संतुलन और संघर्ष की सजगता का अनूठा संगम था। वे न कभी स्वार्थ के लिए झुके, न कभी दबाव के लिए रुके। वे राजनीति को तपस्या मानते थे, जिसमें ईमानदारी धूप की तरह तपाती है और जनता का विश्वास गंगाजल की तरह पवित्र करता है। उनकी छवि केवल संत-नेता की नहीं थी, बल्कि 'संत-सैनिक' की थी, जो लोकसभा के मंच पर भी उसी साहस से बोलते थे, जिस साहस से समाज की जटिलताओं का सामना करते थे।

महंत अवैद्यनाथ ने सिद्ध कर दिया कि संत राजनीति को भी साधना बना सकता है। उन्होंने गोरक्षपीठ की परंपरा को संसद और विधानमंडल तक पहुंचाकर यह दिखा दिया कि जब नेतृत्व में सत्य, तप और सेवा हो, तो सत्ता भी साधना का साधन बन जाती है।

**शिष्य निर्माण : योगी के रूप में युग-उपहार**

यही आंदोलन, यही जनजागरण, यही संघर्ष वह भूमि थी जहां नियति ने नया इतिहास गढ़ा। महंत अवैद्यनाथ का सबसे बड़ा योगदान केवल अपने युग का नेतृत्व करना नहीं था, बल्कि आने वाले युग का नेतृत्व गढ़ना था। उन्होंने समझ लिया था कि संस्था, समाज और राष्ट्र का वैभव केवल वर्तमान पर निर्भर नहीं करता, उसका भविष्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

इसी दूरदृष्टि से उन्होंने अजय सिंह बिष्ट को अपना शिष्य बनाया। यह शिष्यत्व केवल धार्मिक संस्कार तक सीमित नहीं था, बल्कि उसमें सामाजिक सेवा की संवेदना और राजनीतिक नेतृत्व की सजगता भी थी। महंत अवैद्यनाथ जी ने उन्हें तप और त्याग की शिक्षा दी, संघर्ष और समरसता की साधना कराई, और साथ ही समाज व राष्ट्र के व्यापक नेतृत्व के लिए तैयार किया। आज वही शिष्य योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। वे गुरु के आदर्शों को केवल मठ की परंपरा में नहीं, बल्कि शासन और समाज की नीतियों में साकार कर रहे हैं। कानून-व्यवस्था से लेकर शिक्षा, संस्कृति और विकास की योजनाओं में गुरु का मार्गदर्शन उनकी कार्यशैली में स्पष्ट दिखाई देता है। यह गुरु-शिष्य परंपरा का एक अद्वितीय उदाहरण है, जहां गुरु ने केवल शिष्य को नहीं गढ़ा, बल्कि आने वाले समय के लिए संपूर्ण युग का उपहार दिया।

महंत अवैद्यनाथ जी का ब्रह्मलीन होना कोई सामान्य घटना नहीं था, यह तो मानो एक संत की इच्छा-मृत्यु थी। उनके शिष्य योगी आदित्यनाथ के शब्दों में 'मेरे गुरुदेव की इच्छा थी कि वे अपने गुरु महंत दिग्विजयनाथ जी की पुण्यतिथि पर ही मंदिर में ब्रह्मलीन हों और हुआ भी वही।'

योगी आदित्यनाथ जी ने अपने पूज्य गुरु जी के कान में कहा कि 'आप मंदिर में आ चुके हैं।' और बड़े महाराज जी के चेहरे पर संतुष्टि की आभा झलक आई। आश्विन कृष्ण चतुर्थी (12 सितंबर, 2014) को गोरखनाथ मंदिर में गुरु की स्मृति के दिन ही उन्होंने अंतिम श्वास ली। विस्मृत करने वाली बात है कि 2001 में कैंसर से घिरे होने पर भी वे चौदह वर्षों तक जीवित रहे। यह केवल चिकित्सा का परिणाम नहीं, बल्कि साधना की सिद्धि और इच्छाशक्ति का चमत्कार था। राम मंदिर आंदोलन को निर्णायक मोड़ देने वाले इस 'राष्ट्रसंत' को स्मरण करते हुए अशोक सिंघल ने कहा था कि 'वह श्रीराम जन्मभूमि के प्राण थे। उनमें सबको साथ लेकर चलने की विलक्षण प्रतिभा थी।' जब महंत अवैद्यनाथ ने अपने नश्वर शरीर का परित्याग किया, तो यह केवल एक संत का अवसान नहीं था, यह एक युग का विराम था। उनकी आंखें भव्य राम मंदिर देखने की प्रतीक्षा में थीं।

नियति ने यह स्वप्न उनके शिष्य योगी आदित्यनाथ के माध्यम से साकार किया। 2017 में योगी आदित्य नाथ मुख्यमंत्री बने और उनके ही कार्यकाल में अयोध्या की धरती पर श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण आरंभ हुआ। यह उस गुरु के अधूरे स्वप्न की पूर्ति थी, जिसने अपना जीवन राम के नाम, समाज के काम और राष्ट्र के उत्थान में अर्पित कर दिया था। महंत अवैद्यनाथ का जीवन साधु की साधना, सैनिक के साहस और समाज सुधारक की संवेदना की त्रिवेणी था। वे उस दीपक की तरह थे, जो स्वयं जलकर भी समाज को आलोकित करता रहा।

उन्होंने अस्पृश्यता की दीवारें तोड़ीं, दलितों और वंचितों के घर सहभोज कर सामाजिक समरसता की राह दिखाई। उन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन को केवल आस्था का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अस्मिता का आंदोलन बनाया। उनकी स्मृति हमें यह सिखाती है कि संत का संकल्प समाज की दिशा बदल सकता है। त्याग की तपिश राष्ट्र की आत्मा को गरिमा देती है।

और शिष्य का निर्माण ही गुरु की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। उनकी विरासत आज उनके शिष्य योगी आदित्यनाथ के माध्यम से आगे बढ़ रही है। जहां धर्म-साधना और राज्य-साधना एकाकार होकर समाज और राष्ट्र के कल्याण का पथ प्रशस्त कर रही है। राष्ट्रसंत, ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज समूचे राष्ट्र के सनातनियों के लिए आस्था का आलोक, समाज के समरस स्तंभ और सेवा के संकल्प बनकर युग-युगांतर तक स्मरणीय रहेंगे।

# राशिफल

**आज दिनांक 12 सितंबर, 2025, शुक्रवार, विक्रम संवत् 2082, आश्विन माह कृष्ण पक्ष पंचमी, भरणी नक्षत्र, तैतिल करण, व्याघात योग, राहुकालः सुबह 10:51 से 12.23 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:16 बजे, सूर्यास्त सायं 6:29 बजे, चंद्रोदय रात 9:48 बजे, चंद्रास्त सुबह 11:54 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:58 बजे से 12:47 बजे, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:40 से 5:28 बजे तक, चंद्रमा मेष राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। करियर में नए अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। धन से जुड़े मामलों में लाभ होगा। आपको किसी काम में सफल होने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले जातकों को अच्छी खबर मिल सकती है।




आज धैर्य और संतुलन बनाए रखें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। दांपत्य जीवन में मिठास आएगी। खर्चे थोड़े बढ़ सकते हैं, सावधानी रखें। मान-सम्मान बढ़ेगा। दिन के अंत में पैसों के लेन-देन से बचें। शादीशुदा लोगों की जिंदगी में खुशियां रहेंगी।




कामकाज में सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। नए अवसर हाथ लग सकते हैं। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। सुख-सुविधाओं से जुड़ी चीजों में पैसे खर्च हो सकते हैं। जिससे आर्थिक बजट गड़बड़ा सकता है। व्यापारियों को मनचाहा लाभ होगा।




घर-परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। पैसों से जुड़ा कोई अटका काम पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। दिन की शुरुआत में नौकरी पेशा लोगों पर काम का दवाब रहेगा। इस दौरान आपको सफल होने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।




आज आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। नौकरी और कारोबार में उन्नति के संकेत हैं। सामाजिक मान-सम्मान मिलेगा। प्रेम जीवन अच्छा रहेगा। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव भी हो सकता है। जिसके कारण आपका आर्थिक बजट बिगड़ सकता है। इस दौरान आप संतान की किसी बात से परेशान रहेंगे।




आपकी मेहनत का फल आज मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा का योग बन रहा है। शारीरिक व मानसिक रूप से परेशान हो सकते हैं। इस दौरान आपको मनचाही सफलता हासिल होगी। रुके हुए कार्य पूरे होंगे।




आज संतुलन बनाकर चलना होगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी लेकिन परिश्रम अधिक करना पड़ेगा। रिश्तों में विश्वास बढ़ेगा। आपके आय के साधन में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मन चाहा लाभ होगा। परिश्रम का पूरा फल मिलेगा।




आज भाग्य आपका साथ देगा। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। सेहत बेहतर रहेगी। किसी काम में लापरवाही करने से बचना चाहिए। नौकरी पेशा करने वाले जातकों को गुप्त शत्रुओं से बचना चाहिए।




विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन शुभ है। धन से जुड़ा लाभ मिल सकता है। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेगा। कुछ छात्रों का मन पढ़ाई से भटक सकता है। परिवार के सदस्यों के बीच मतभेद हो सकते हैं।




काम का दबाव रहेगा लेकिन आप धैर्य से सब संभाल लेंगे। आर्थिक लाभ के संकेत हैं। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी पेशा करने वाले जातकों को नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं। सुख-सुविधा से जुड़ी किसी चीज में पैसे खर्च हो सकते हैं।




दिन उतार-चढ़ाव भरा साबित हो सकता है। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। करियर में तरक्की की संभावना है। किसी शुभ कार्य में शामिल हो सकते हैं। आज दिन की शुरुआत में कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।




परिवार और मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। पैसों के मामलों में लाभ होगा। धार्मिक यात्रा का योग बन रहा है। ऑफिस में प्रमोशन मिल सकता है। दोपहर के समय गुप्त शत्रुओं से बचकर रहने की जरूरत है। इस दौरान आपको कुछ बड़े खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। समय और धन दोनों को सोच-समझकर खर्च करें।

# गुरु का स्थान

प्रेरक प्रसंग

**एक** राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ।

गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परंतु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिए।

राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरुजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनों से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूं पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है..

गुरुवर कृपा करके आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिए, राजा ने विनती की। गुरुजी ने कहा- राजन बात बहुत छोटी है परंतु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परंतु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।

गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परंतु आप स्वयं ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था। कल से अगर आप मुझे ऊंचे आसन पर बैठाएं और स्वयं नीचे बैठें तो कोई कारण नहीं कि आप शिक्षा प्राप्त न कर पाएं। राजा की समझ में सारी बात आ गई और उसने तुरंत अपनी गलती को स्वीकारा और गुरुवर से उच्च शिक्षा प्राप्त की।

# सुडोकु 2027

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 8 | | 9 | | | 4 |
| | 7 | | 3 | 4 | | | 2 | |
| | 3 | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | 2 | | | |
| | | 1 | 4 | | | | | |
| | 9 | | | | 8 | 4 | | 1 |
| | 4 | | 7 | | | 5 | | 8 |
| | | 5 | 9 | | | | | 3 |

**संकेत**: आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

**सुडोकु 2026 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 6 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 |
| 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 | 2 | 1 |
| 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 |

विस्थापित भारतीय कल्याण समिति के बैनर तले विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारियों का जैसलमेर दौरा

# 'धार्मिक उत्पीड़न से परेशान होकर पाक से आए परिवारों का रखेंगे ध्यान'

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में विस्थापित भारतीय कल्याण समिति के बैनर तले विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय पदाधिकारियों का जैसलमेर प्रवास रहा, जिसमें उन्होंने जैसलमेर में विस्थापितों की समस्याओं को देखा और उनके समाधान के लिए कार्य करने की योजना बनाई। केंद्रीय पदाधिकारियों के साथ क्षेत्रीय व प्रांत के पदाधिकारियों का भी प्रवास रहा।

उन्होंने विस्थापितों की बस्ती दर्शन का कार्यक्रम रखा। उसके पश्चात विस्थापितों की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण योजना बनाई गई। विहिप के जिला मंत्री लालूसिंह सोढ़ा ने बताया कि पाक विस्थापितों की समस्याओं के समाधान की दृष्टि से ही विस्थापित भारतीय कल्याण समिति का निर्माण किया गया है, इसके तहत विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का प्रवास रहा। माहेश्वरी वृद्धाश्रम में विस्थापितों का कार्यक्रम रखा गया था।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विहिप मिलिंद परांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विहिप डॉ. मोहन मगनानी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री विहिप कोटेश्वर शर्मा, क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम, प्रांताध्यक्ष डॉ. राम गोइल, प्रांत मंत्री परमेश्वर जोशी, प्रांत संगठन मंत्री राजेश पटेल व जिलाध्यक्ष विहिप जैसलमेर नटवर व्यास मंचासीन रहे। जिन्होंने भारतमाता व राम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिलिंद परांडे ने कहा कि पाकिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न सहन करके जो परिवार आए हैं, उन सबका विश्व हिंदू परिषद परिवार के सदस्यों की तरह



ध्यान रखेंगे। हिंदू की सुरक्षा करना ही विश्व हिंदू परिषद का कार्य है, विश्व में कहीं पर भी कोई हिंदू है तो उनकी सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए विहिप प्रयासरत है। विस्थापितों के वीजा, नागरिकता, आधार, मूलभूत सुविधाएं इन सभी समस्याओं के लिए सरकार से भी बातचीत करके तत्काल समाधान के लिए विहिप कटिबद्ध है।

### बस्तियों का दौरा कर सुनी विस्थापितों की समस्याएं

पदाधिकारियों ने सबसे पहले नरसिंह नगर ओड बस्ती में जाकर बस्ती दर्शन कार्यक्रम किया। यहां विस्थापितों ने स्वागत किया और बस्ती की समस्याओं व सरकारी सहायता के लिए आ रही समस्याओं के बारे में बताया। इसके बाद पदाधिकारियों ने भ्रमण करके बस्ती को देखा।

एकलव्य बस्ती व मूलसागर बस्ती में लोगों के बीच में जाकर उनकी समस्याओं को करीब से देखा। बस्ती दर्शन के पश्चात विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस व सेवा भारती के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए योजना बनाई गई, जिसमें एक टोली बनाकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। जिला, राज्य व केंद्र से संबंधित समस्याओं की अलग-अलग श्रेणियां बनाकर कार्य करने के लिए विभाजित किया गया।

### बच्चों की पढ़ाई, रोजगार व सुरक्षा में किया जाएगा सहयोग

इस दौरान संजय दयाल व विनोद डांगरा को विस्थापित भारतीय कल्याण समिति की जिम्मेदारी सौंपी गई। यलालूसिंह सोढ़ा ने कहा कि यहां आने के बाद बच्चों की पढ़ाई, रोजगार व सुरक्षा के लिए भी पूर्ण सहयोग किया जाएगा। कोई भी विस्थापित हिंदू कष्ट में नहीं हो इसकी पूर्ण निगरानी रखी जाएगी। जो विस्थापित यहां आ गए है, लेकिन उनके परिवार में आधे सदस्य अभी भी पाक में है तो उनके लिए भी पूर्ण प्रयास किए जाएंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. मोहन मगनानी ने कहा कि विश्व में कहीं भी कोई हिंदू है तो वह भारत को ही अपना अंतिम आश्रय मानता है। भारत में आकर हर हिंदू अपने परिवार में आया ऐसा मानते है।

## रोटरी क्लब का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 14 को

महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज की ओर से सितम्बर माह में जन सेवा के अनेक कार्यक्रम चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में आयोजित किए जाएंगे। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि 14 सितम्बर को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, इसका प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन दीनदयाल सतीजा, को-चैयरमेन रोटेरियन सागर मल शर्मा व रोटेरियन मुकेश व्यास को बनाया गया है।

वहीं 21 सितम्बर को 464 वां निशुल्क पाक्षिक होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें जयपुर से डॉ. एसएल चौधरी द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जाएगा और रोगियों को क्लब द्वारा 14 दिनों की दवा निशुल्क दी जाएगी। 28 सितम्बर को भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर स्मृति प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दो ग्रुप में सिर्फ महिलाओं व युवतियों के लिए आयोजित होने वाली इस निशुल्क प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा और पहले तीन स्थानों पर रहने वाली प्रतिभागियों को क्लब द्वारा स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के प्रोजेक्ट चेयरमैन पूर्व सहप्रान्तपाल रोटेरियन संजीव फ्रैंकलिन, को-चैयरमेन रोटेरियन गिरिराज कयाल व रोटेरियन शांति लाल सोनी नियुक्त किए गए है।

# ऑनलाइन गिरदावरी में बाड़मेर के किसानों ने बनाया कीर्तिमान

## प्रदेश में 1.11 करोड़ से ज्यादा खसरों का डिजिटल क्रॉप सर्वे पूर्ण

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** राजस्थान ने खरीफ गिरदावरी संवत 2082 में डिजिटल तकनीक और जनभागीदारी से अभूतपूर्व उपलब्धि अर्जित की है। इस बार गिरदावरी केवल सरकारी कार्य नहीं रही, बल्कि यह किसानों, सर्वेयर व पटवारियों का साझा अभियान बन गया है।



डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत अब तक 42 हजार से अधिक ग्रामों के लक्ष्य की 32 फीसदी उपलब्धि अर्जित करते हुए राज्य में अब तक 1 करोड़ से अधिक खसरों की फोटोयुक्त व लोकेशन आधारित गिरदावरी की जा चुकी है। राज किसान गिरदावरी एप के माध्यम से विगत एक अगस्त को राज्य भर में आरंभ हुए ऑनलाइन अभियान के तहत अब तक अकेले किसानों के स्तर से 10 लाख से अधिक खसरों की गिरदावरी की जा चुकी है। जो किसानों की ओर से एप के आधार पर अब तक की गई गिरदावरी का कीर्तिमान है।

गूगल प्ले स्टोर पर राज किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कर कोई भी किसान अपने मोबाइल फोन पर स्वयं गिरदावरी कर सकता है। इधर, जिला कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि बाड़मेर जिले में 11 सितंबर तक 69.63 फीसदी गिरदावरी का कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि किसानों की ओर से 20 फीसदी गिरदावरी के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 15.30 फीसदी उपलब्धि हासिल की जा चुकी है। कृषक स्तर से ऑनलाइन गिरदावरी का बढ़ता आंकड़ा आपका खसरा, आपकी गिरदावरी, आपका अधिकार के ध्येय वाक्य को चरितार्थ कर रहा है। खरीफ संवत 2082 के तहत डीसीएस कार्य 15 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। सभी ग्रामों में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवा, पटवार सहायक अथवा ग्राम प्रतिहारी, कृषक मित्र, कृषि सखी, ई-मित्र संचालक व ग्राम के युवाओं को भी गिरदावरी कार्य से जोड़ा जा रहा है।

### प्राइवेट सर्वेयर निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

पटवारी स्तर पर चयनित प्राइवेट सर्वेयर गिरदावरी कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गत रबी गिरदावरी के दौरान लगभग 40 हजार सर्वेयर नियुक्त किए गए थे। खरीफ 2082 में प्राइवेट सर्वेयर के सहयोग से राजस्थान में गुणवत्तापूर्ण व सटीक गिरदावरी कार्य किया जा रहा है। यह केवल आंकड़ों की कहानी नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के किसानों की मेहनत, भागीदारी व विश्वास की गाथा है। राजस्थान राज्य खरीफ गिरदावरी 2025 को लेकर अब पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बनने जा रहा है।

## जन्मदिन पर एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने की अपील



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत सेठ गजाधर उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) और आरजीआई के तत्वावधान में रुडीप के अधिशाषी अभियन्ता नूतन प्रकाश सैनी व कनिष्ठ अभियन्ता संजू पूनिया के निर्देशानुसार पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 छायादार व फलदार पौधे लगाए गए।

सीएमएससी के विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध रखने और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कैंप ईकाई के सहायक सामुदायिक विकास विशेषज्ञ भींव सिंह सैनी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जन्म दिवस के दिन एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, ताकि हर व्यक्ति अपने जीवन के खास दिन को प्रकृति से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी निभा सके।

संवेदक फर्म के प्रोजेक्ट अधिकारी विशाल पुंडीर ने बताया कि पेड़ हमारे पर्यावरण के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक कल्याण के लिए बहुत उपयोगी है। सोशल सेफगार्ड जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि पेड़ पर्यावरण के चक्र को बनाए रखने में सहायक होते हैं। प्रिंसिपल रणवीर सिंह महला ने बच्चों को बताया कि पेड़ धरती के तापमान को नियंत्रित करने का काम भी करते हैं। कार्यक्रम में सीएमएससी के पंकज खंडेलवाल, एसओटी टीम के प्रमोद कुमार सैनी, सुमेर सिंह, संवेदक फर्म के शिबू मंडल ने अपनी सहभागिता निभाई।

## स्वर्णकार समाज के सम्मान समारोह को लेकर बैठक 15 को

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** स्वर्णकार समाज सेवा समिति झुंझुनूं का वार्षिक सम्मान समारोह 28 सितंबर को आयोजित होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर 15 सितंबर को शाम 5 बजे नेपालियों के मंदिर के पास बैठक का आयोजन किया जाएगा।

समिति सचिव विश्वनाथ सोनी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शिवकुमार तूनगर करेंगे। उन्होंने बताया कि समाज के वे प्रतिभाशाली विद्यार्थी, जिन्होंने गत वर्ष से अब तक 10वीं, 12वीं, स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाओं में 80 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह समाज के वे प्रतिभाशाली युवा जिन्होंने वकालत, सीए, इंजीनियरिंग, डॉक्टरी जैसी उच्च डिग्रियां प्राप्त की है और समाज के वरिष्ठजनों को भी सम्मान दिया जाएगा। इसके अलावा समाज के भामाशाहों व कर्मठ कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित करने का प्रस्ताव है, इस पर बैठक में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में 5 अक्टूबर से दो दिवसीय सीतसर बालाजी मेला व भीमसर धाम के दर्शनार्थियों के लिए सेवा शिविर लगाने पर भी चर्चा की जाएगी।

## 'हर वर्ग के समाजजनों को एक जाजम पर बैठाने का प्राथमिकता से होगा काम'

### अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर मंड्रेलिया को दी बधाई

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** चिड़ावा पूर्वी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष व अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के पद पर मनोनीत होने के बाद युवा व्यवसायी सुनिल मंड्रेलिया को सर्वसमाज की ओर से बधाई मिल रही है। इसी क्रम में पुरानी तहसील रोड पर अशोक गोयल की अगुवाई में मंड्रेलिया का स्वागत किया गया।



इस मौके पर मंड्रेलिया ने एक बार फिर अग्रवाल समाज के उत्थान का संकल्प दोहराया और कहा कि समाज को सिरमौर बनाए रखने के लिए टीम भावना के साथ काम होगा। हर वर्ग के समाजजनों को एक जाजम पर बैठाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

इस मौके पर अमित सूरजगढ़िया, पूर्व पार्षद कन्हैयालाल शर्मा, अशोक छविप्रकाश, पंकज गोयल, सोनू मंड्रेलिया, रामचंद्र शर्मा, विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा, राजवीर सांगवान, वरिष्ठ पार्षद राजेंद्रपाल कोच, उमाशंकर वशिष्ठ, किशोरीलाल बसावतिया, कुलदीप चौहान आदि मौजूद थे।

इधर, मंड्रेलिया की नियुक्ति पर बधाई देने वालों का भी तांता लगा हुआ है। विधायक श्रवण कुमार, आईजी राजेंद्र गोयल, रिटायर्ड डीआईजी जेसी शर्मा, एएसपी डॉ. तेजपाल सिंह, रिटायर्ड एएसपी वीरेंद्र मीणा, एएसपी लक्ष्मीनारायण सैनी, सीआई विजय सिंह, संजय नूनियां, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व राजस्थान ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल, मेडिकल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर डालमिया आदि लोगों ने बधाई दी है।

## नगर पालिका और पंचायत चुनावों में मजबूती से जुटकर कांग्रेस को जिताने का आह्वान

### कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का किया भव्य स्वागत

महानगर संवाददाता

**चाकसू।** चाकसू बाइपास पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लल्लूलाल कुमावत के नेतृत्व में चाकसू विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जयपुर से कोटा जाते समय साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में चाकसू ब्लॉक, माधोराजपुरा ब्लॉक व चाकसू नगर के वरिष्ठ नेता व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित होकर आगामी नगर पालिका व पंचायत चुनाव में मजबूती से जुटकर कांग्रेस को जिताने व संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

स्वागत कार्यक्रम में प्रकाशचंद बैरवा पूर्व विधायक चाकसू, गंगाराम मीणा पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, रामलाल चौधरी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, सतीश सैनी जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, केदार शर्मा पूर्व जिला परिषद सदस्य, रामलाल मीणा मीणा समाज तहसील अध्यक्ष, रानी चौधरी पूर्व सीआर, जयकिशन नारोलिया पूर्व चेयरमैन नगर पालिका, रघुनाथ कुमावत माधोराजपुरा, लक्ष्मीनारायण मीणा शिक्षक प्रकोष्ठ, जयदेव गुर्जर युवा कांग्रेस, तैयब आलम एडवोकेट नगर संगठन महासचिव, विष्णु शर्मा विधानसभा अध्यक्ष सेवादल सहित कांग्रेस व यूथ कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### नगर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की घोषणा

चाकसू। कांग्रेस प्रदेशाअध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री ललित तुनवाल ने नगर कांग्रेस कमेटी चाकसू की कार्यकारिणी की घोषणा की। नवनियुक्त कार्यकारिणी को चाकसू विधानसभा के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। वहीं चारों विधानसभा के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी के लहर दौड़ गई। नगर अध्यक्ष लल्लू लाल कुमावत ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व व प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश महामंत्री, चाकसू विधानसभा प्रभारी रविंद्र बरोदा का आभार व्यक्त किया और नवनियुक्त कार्यकारिणी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

## शहर चलो अभियान के प्री-कैंप में दिखा लोगों का उत्साह



महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे राज्य के नगर निकायों में शहर चलो अभियान चलाया जाएगा। इसी तैयारी के तहत गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शहर व राजकीय माध्यमिक विद्यालय नं 4 रैगर मोहल्ला में प्री-कैंप का आयोजन किया गया। नगर परिषद आयुक्त डॉ. बनवारी लाल मीना ने बताया कि इस प्री-कैंप में आमजन बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे और विभिन्न प्रकार के आवेदन जमा करवाए।

प्री-कैंप में कुल 28 आवेदन जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन, 8 सफाई शाखा के, 8 भूमि शाखा के, 9 निर्माण शाखा के, 6 स्ट्रीट लाइट के, 13 मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना के, 6 प्रधानमंत्री आवास योजना के, 7 खाद्य सुरक्षा के, 3 ईडब्ल्यूएस के व 3 जन आधार के आवेदन प्राप्त हुए।

इस अभियान की तैयारी और लोगों की समस्याओं को चिन्हित कर उनके आवेदन प्राप्त करने के लिए नगर परिषद सवाई माधोपुर में अलग-अलग स्थानों पर प्री-कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। आयुक्त ने बताया कि प्री-कैंप में प्राप्त सभी आवेदन संबंधित विभागों को भेजकर जल्द ही उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके और शहर की व्यवस्था बेहतर हो।

## राष्ट्रीय लोक अदालत कल

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र के न्यायालयों में 13 सितम्बर को इस वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर की सचिव समीक्षा गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जिले में कुल 10 बैंचों का गठन किया गया है। जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर पर चार, गंगापुर सिटी में दो और बौंली, खण्डार, बामनवास व चौथ का बरवाड़ा में एक-एक बैंच के माध्यम से प्री-लिटीगेशन स्तर के राजीनामा योग्य प्रकरणों व न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझाईश के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा।

विचार-विमर्श | जिला स्तरीय बैंकिंग समीक्षा व परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन

# 'वित्तीय समावेशन व बीमा योजनाओं में दिलाएं अधिकतम लाभ'

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** जिला कलेक्टर कानाराम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैंकिंग समीक्षा समिति व परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया सहित जिले के बैंक अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, मुद्रा योजना, स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना, पीएमईजीपी, एनयूएलएम, एनआरएलएम, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, एससी/एसटी पीओपी, बीआरयूपीवाई व स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय पोषण सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए बैंक अधिकारियों को आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से वित्तीय समावेशन शिविरों में बीमा योजनाओं पर फोकस कर आमजन को जागरूक करने और अटल पेंशन योजना, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने पर बल दिया गया।

उन्होंने कहा कि ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया सरल और समयबद्ध बनाकर किसानों, युवाओं और पशुपालकों को आर्थिक संबल




प्रदान किया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही प्रत्येक बैंक अधिकारी को प्रतिदिन पेंडिंग प्रवादों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने, दस्तावेज अपलोड करने और मौके पर जाकर समाधान कर आमजन की संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल से प्राप्त शिकायतों का भी समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

बैठक में वार्षिक साख योजना, ऋण-जमा अनुपात, स्वयं सहायता समूहों को ऋण, जन सुरक्षा शिविरों, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील

बैठक में जिला कलेक्टर ने वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 4463 करोड़ रुपए के वार्षिक साख योजना लक्ष्य के सापेक्ष दूसरी तिमाही तक 35.71 फीसदी ऋण वितरण की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिए कि गरीब, कमजोर, अनुसूचित जाति/जनजाति और महिला वर्ग को प्राथमिकता देते हुए पात्रता अनुसार अधिकाधिक ऋण उपलब्ध करवाया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। सभी लंबित आवेदनों का शीघ्र एवं न्यायसंगत निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने सभी बैंक अधिकारियों से समर्पित भाव से कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की और पारदर्शिता व दक्षता बढ़ाने के लिए समन्वय स्थापित कर कार्य करने का आह्वान किया।

# साड़ी फंसने से मशीन के रोलर में खींचती चली गई महिला, मौत

## इसी फैक्ट्री में पति का भी कटा था हाथ, परिजनों व फैक्ट्री मालिक के बीच मुआवजे पर बनी सहमति

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** डबोक थाना क्षेत्र में कुमार मिनरल्स नाम की फैक्ट्री में महिला मजदूर की मौत हो गई। महिला की साड़ी मशीन के रोलर में आने से वह खींचती चली गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस फैक्ट्री में ही काम करते हुए महिला के पति का भी हाथ कटा था। थानाधिकारी हुकम सिंह ने बताया कि गुडली स्थित रीको इंडस्ट्रियल एरिया में मिनरल्स फैक्ट्री है, इसमें सॉप स्टोन का पाउडर बनाने का काम होता है। यहां काम के दौरान महिला कमला मीणा निवासी प्रतापगढ़ की मौत हुई है। परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग की। दोनों पक्षों के बीच 11 लाख रुपए के मुआवजे पर सहमति बनी। वहीं फैक्ट्री रातभर चलने की अनुमति है या नहीं, इसकी जांच की जाएगी। थानाधिकारी ने बताया कि महिला कमला मीणा निवासी प्रतापगढ़ फैक्ट्री में काम कर रही थी। इस दौरान उसकी साड़ी मशीन के रोलर में आ गई।



महिला साड़ी के साथ रोलर में खिंचती चली गई और उसके पेट का हिस्सा कट गया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

### इसी फैक्ट्री में काम करते थे पति-पत्नी

### पति को दिया गया मुआवजा वेतन में से काटा

कर्मचारी यूनियन के नेता पुष्कर जोशी ने बताया कि महिला कमला और उसका पति मानसिंह मीणा दोनों इसी फैक्ट्री में काम करते है। दो साल पहले महिला के पति का भी काम करते वक्त हाथ कट गया था। उसे मुआवजे तौर पर करीब 25 हजार रुपए फैक्ट्री की तरफ से दिए गए थे। जब वो काम पर वापस लौटा तो उसकी सैलरी में से मुआवजे की राशि हर महीने किश्त में काट ली गई थी। यूनियन नेता ने कहा कि मृतक के दो छोटे बच्चे हैं, ऐसे में परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

### मुआवजा के रूप में 11 लाख देना हुआ तय

ग्रामीणों कहना है कि मृतक महिला का पति एक हाथ से अक्षम है। छोटा बेटा एक साल का है। आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हैं। पत्नी की मौत के बाद पति के जिम्मे पूरे परिवार की जिम्मेदारी है। ऐसे में 50 लाख रुपए का मुआवजा मिलना चाहिए। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में फैक्ट्री मालिक और ग्रामीणों की वार्ता जारी है। इसके बाद फैक्ट्री मालिकों और परिवार के बीच वार्ता हुई। परिवार को 11 लाख रुपए देना तय हुआ। इसके बाद धरना खत्म हुआ।

# गैंग के साथ बंदूक की नोक पर 60 लाख लूटने वाला डकैत धरा

## चार राज्यों में छिपकर काटी फरारी, 10 हजार रुपए का घोषित था इनाम

द्दमहानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने दस हजार रुपए के इनामी डकैत को गिरफ्तार किया है। उसने गैंग के साथ मिलकर बंदूक की नोक पर 60 लाख रुपए लूटे थे। पुलिस से बचने के लिए वह चार राज्यों में छिपकर फरारी काट रहा था। पुलिस पूर्व में डकैती में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेसी भेज चुकी है। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि इनामी बदमाश सचिन मीणा निवासी बसवा दौसा को अरेस्ट किया गया है। डकैती के मामले में फरार बदमाश सचिन मीणा पर 10 हजार रुपए का इनाम रखा गया था। मुरलीपुरा के विकास नगर निवासी चन्द्रशेखर ने डकैती का मामला दर्ज करवाया था। आरटीजीएस के बहाने रुपए इकट्ठा करवाकर उसे गैंग के सरगना तिलक लोहिया ने बुलाया। मास्टर माइंड तिलक ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर पिस्तौल के दम पर 60 लाख रुपए का बैग लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने मास्टर माइंड



तिलक लोहिया को दिल्ली के आया नगर बस स्टैड से धर-दबोचा। इसके कब्जे से 44 लाख रुपए बरामद किए गए। डकैती में शामिल बदमाश तिलक, अजयदान व अर्चना सिंह को भी पुलिस ने धर-दबोचा। मामले में बदमाश सचिन मीणा फरार चल रहा था। पुलिस की ओर से 10 हजार रुपए इनाम घोषित कर उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। एसएचओ मुरलीपुरा वीरेंद्र कुरील की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दौसा में दबिश देकर इनामी डकैत सचिन मीणा को धर-दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली व उत्तर प्रदेश में छिपकर फरारी काटना बताया है।

# आपसी रंजिश में लाठियों से पीटकर चचेरे भाई की हत्या

## दो गाड़ियों में आए हमलावरों ने कैंपर को टक्कर मारकर रोका, फिर किया हमला



महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** रामदेवरा थाना इलाके के एका ग्राम पंचायत की कासम खान की ढाणी में गुरुवार सुबह आपसी रंजिश में चचेरे भाइयों ने लाठियों से पीट-पीटकर युवक की हत्या कर दी। युवक अपनी कैंपर गाड़ी से खेती के लिए मजदूर लेने जा रहा था। घर से 100 मीटर दूर दो गाड़ियों में आए उसके चचेरे भाइयों ने कैंपर को टक्कर मारकर रोका, फिर युवक पर लाठियों से हमला कर दिया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पोकरण जिला हॉस्पिटल के बाहर बैठे हैं। उनका कहना है कि जब तक गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक पोस्टमॉर्टम नहीं करने देंगे। रामदेवरा थानाधिकारी महादेव गोदारा ने बताया कि आपसी रंजिश में अनीश उर्फ मंजूर खान पुत्र उस्मान खान पर उसके ही चाचा शेर मोहम्मद के बेटे और अन्य लोगों ने हमला कर दिया। मारपीट में अनीश गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। शव को पोकरण अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना की सूचना के बाद पोकरण डिप्टी भवानी सिंह, पोकरण थानाधिकारी छतर सिंह भी हॉस्पिटल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। अनीश के पिता ने मामले की रिपोर्ट दी है।

### चार-पांच दिन पहले चाचा से हो गई थी हाथापाई

अनीश के चचेरे भाई आसिफ ने बताया कि 4-5 महीने पहले दूसरे चाचा शेर मोहम्मद के परिवार के लोगों ने हमारे पक्ष के एक लड़के के साथ मारपीट की थी, तभी से यह विवाद चल रहा है। तीन दिन पहले समझौते के लिए चाचा शेर मोहम्मद को बुलाया था। इस दौरान अनीश और चाचा के बीच हाथापाई हो गई। जाते समय चाचा ने कहा कि अब जो करना है, कर लेना। आसिफ ने बताया कि तीन दिन से चाचा के पक्ष के लोग गाड़ियां भरकर आ रहे थे। हम घर में ही थे। हमने गुरुवार सुबह पुलिस को कॉल किया तो पुलिस ने कहा कि आप पहले एफआईआर दो। हमने पुलिस को बताया था कि ये लोग हमें बाहर नहीं आने देंगे। इस पर पुलिस ने कहा कि आपको कोई नहीं रोकेगा।

### परिजन बचाने दौड़े तो आरोपियों ने फेंके पत्थर

चचेरे भाई आसिफ ने बताया कि जब अनीश गाड़ी से किसी मजदूर को लेने जा रहा था, तब उसकी गाड़ी को टक्कर मारकर रोका। अनीश को गाड़ी से बाहर निकालकर लाठियों से पीटा। अनीश को बचाने के लिए परिवार के आरिफ सतार व आसिफ बचाने के लिए दौड़े तो आरोपियों ने उन पर पत्थर फेंके। हमले में अनीश की मौत हो गई। अनीश की शादी नहीं हुई थी। माता-पिता खेती करते हैं। पिता उस्मान खान ने बताया कि हमला करने वाले लोग दो कैंपर में आए थे, इनमें शेर मोहम्मद का बेटा अरशद, नजीब पुत्र सदीक खां, मुजीब पुत्र भाई खान, मुजीब का बेटा अतीक, मठार पुत्र कमाल खान व फिरोज पुत्र मोहम्मद समेत 20 लोग शामिल थे।

# नगर परिषद के 5 अधिकारी व कर्मचारी रिश्वत लेते पकड़े

- बकाया भुगतान के लिए मांगे थे 3.10 लाख रुपए, कमिश्नर की भूमिका संदिग्ध



महानगर संवाददाता


**धौलपुर।** भरतपुर एएसपी एसीबी अमित सिंह के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने धौलपुर नगर परिषद में छापामार कार्रवाई की। टीम ने नगर परिषद में 3 लाख 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पांच अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रैप किया है। रिश्वत की राशि नगर परिषद कमिश्नर अशोक शर्मा, एईएन प्रिया झा व कैशियर भरत ने मांगी थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी अमित सिंह ने बताया कि पिछले साल नगर परिषद में एक ठेकेदार ने अपनी पत्नी को ठेका दिलवाया था, जिसका 13 लाख रुपए का भुगतान बकाया था। बकाया बिल का भुगतान करने की एवज में कमिश्नर अशोक शर्मा ने 2 लाख रुपए, एईएन प्रिया झा ने 70 हजार रुपए और कैशियर भरत ने 50 हजार रुपए की रिश्वत राशि मांगी थी, जिसमें एईएन प्रिया झा की ओर से मांगी गई 70 हजार रुपए की रिश्वत राशि का सौदा 60 हजार रुपए में तय हुआ। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुरुवार को रिश्वत राशि मांगने वाले सभी लोगों को रंगे हुए पैसे दिलवाए गए, जिसमें कमिश्नर ने अपने पैसे बाबू नीरज व ड्राइवर देवेंद्र को दिलवा दिए, जबकि एईएन प्रिया झा ने संविदा पर कार्यरत कर्मचारी हरेंद्र को रिश्वत की राशि दिलवा दी। वहीं कैशियर भरत ने खुद पैसे ले लिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों एईएन प्रिया झा, क्लर्क नीरज, ड्राइवर देवेंद्र, कैशियर भरत व संविदाकर्मी हरेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

### कमिश्नर के पैसे लेकर भागे क्लर्क और ड्राइवर

वहीं कमिश्नर अशोक शर्मा की भूमिका संदिग्ध है, जिनके लिए रिश्वत राशि मांगी गई थी। उन्होंने बताया कि कमिश्नर के दौसा स्थित आवास पर दौसा एसीबी की टीम छापामार कार्रवाई कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कमिश्नर अशोक शर्मा ने रिश्वत के 2 लाख रुपए क्लर्क नीरज व ड्राइवर देवेंद्र को दिलवाए थे, जो पैसे लेकर गाड़ी से फ्लाईओवर की ओर भागने लगे, जिनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया। क्लर्क और ड्राइवर ने कमिश्नर के लिए रिश्वत ली थी। जिसके चलते कमिश्नर की भूमिका संदिग्ध है।

# खुली जेल से आजीवन कारावास की सजा काट रहा कैदी फरार

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** सांगानेर खुली जेल से आजीवन कारावास की सजा काट एक कैदी फरार हो गया। सुबह कैदियों की गिनती के दौरान उसके फरार होने का पता चला। मालपुरा गेट थाने में जेल प्रशासन की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस फरार कैदी की तलाश में जुटी है। हैड कांस्टेबल धोली बाई ने बताया कि डॉ. संपूर्णानंद बंदी खुला शिविर सांगानेर के जेल प्रहरी हेमराज वैष्णव ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि फरार कैदी फूलचन्द खेतड़ी झुंझुनूं का रहने वाला है। वह सांगानेर खुली जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा है। सुबह कैदी फूलचन्द रॉल-कॉल के समय गिनती करने पर मौजूद नहीं था। इस पर उसे उसके आवास और आस-पास तलाश किया, लेकिन वह गायब मिला। उसका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ मिला। रात के अंधेरे में कैदी के फरार होने की सूचना जेल अफसरों को दी गई। जेल प्रशासन की ओर फरार कैदी की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं लग सका। इसके बाद मालपुरा गेट थाने में फरार कैदी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया। खुली जेल में रहने वाले कैदियों को दिन के समय बाहर काम पर जाने दिया जाता है। शाम होते ही वह सब वापस जेल में लौट आते हैं। खुली जेल में रहने वाले कैदी सामान्य कैदियों की तुलना में अलग होते है। इन कैदियों का आचरण व अनुशासन अच्छा होता है। इसलिए उन्हें खुली जेलों में रखा जाता है। जेल में वही कैदी रहते हैं, जो खुद जेल नियमों का अच्छे से पालन करते हैं।

# कैफे में धोखे से नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर युवती से रेप

महानगर संवाददाता

जयपुर। आदर्श नगर थाना इलाके में एक दोस्त के युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने कैफे में मिलने बुलाकर धोखे से युवती को नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाई और अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस पर पीड़ित युवती ने आदर्श नगर थाने में आरोपी प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसआई मुकेश कुमार कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि रामगंज की रहने वाली 28 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि जुलाई-2022 में उसकी मुलाकात हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर मिलना-जुलना शुरू कर दिया। आरोप है कि राजापार्क स्थित एक कैफे में आरोपी ने उसे मिलने के बहाने बुलाया। कैफे में मिलने जाने पर धोखे से कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ रेप कर अश्लील वीडियो बना लिए। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। ब्लैकमेल करने के साथ ही उसने शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर पिछले तीन साल तक देहशोषण करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी ने मना कर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। धोखे का एहसास होने पर पीड़ित युवती ने आदर्श नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।



# एफएसएल रिपोर्ट नेगेटिव आने पर चौकीदार को मिली जमानत

## मादक पदार्थ की फैक्ट्री से किया था गिरफ्तार, मास्टरमाइंड अभी भी फरार

महानगर संवाददाता

**जोधपुर।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) जोधपुर की टीम ने पिछले साल बाड़मेर में एक फैक्ट्री से मादक पदार्थ जब्त किया था। मौके से फैक्ट्री की चौकीदारी करने वालों को पकड़ा गया था। अब हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए चौकीदार कालू सिंह की जमानत मंजूर कर दी है। जस्टिस चंद्र शेखर शर्मा ने आदेश में कहा कि एफएसएल रिपोर्ट नेगेटिव आने और मुख्य आरोपियों के फरार होने की स्थिति में जमानत का फायदा दिया जाना उचित है। बता दें कि डीआरआई ने कालू सिंह पुत्र सोन सिंह निवासी मिथिड़िया तला बाड़मेर को एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी बनाया था। तब से वह न्यायिक अभिरक्षा में ही था। अब जमानत मंजूर हुई है। वहीं मुख्य आरोपी मनोहर व जगदीश अभी फरार हैं। मामला सितंबर 2024 का है। डीआरआई टीम बाड़मेर में एक फैक्ट्री पर दबिश देने पहुंची थी। टीम को फैक्ट्री में ताला लगा मिला था। कुछ देर बाद एक व्यक्ति कालू सिंह राठौड़ वहां पहुंचा था। उसने टीम को बताया कि यह फैक्ट्री अर्जुन सिंह की है और मनोहर बिश्नोई ने किराए पर ले रखा है। उसे केवल इस जगह की देखभाल करने के लिए नौकरी पर रखा गया है। परिसर की चाबी भी मनोहर बिश्नोई और उसके सहयोगी जगदीश बिश्नोई के पास रहना बताया। इसके बाद टीम ने ताला तोड़कर मादक पदार्थ से संबंधित काफी सामग्री बरामद की थी। मामले में जब्त सामान की जांच की गई, जिसकी एफएसएल रिपोर्ट नेगेटिव आई। फैक्ट्री से जब्त पदार्थ की मादक पदार्थ होने पुष्टि नहीं हुई। कोर्ट ने इस तथ्य को महत्वपूर्ण माना कि देखरेख के लिए नौकरी पर रखे गए व्यक्ति को मादक पदार्थ या मादक पदार्थ बनाने के सामान के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उस जगह की केवल देखरेख के लिए कालू सिंह को नौकरी पर रखा गया था। मौका रिपोर्ट में भी यह तथ्य आया कि परिसर पर ताला लगा हुआ था। जस्टिस चंद्र शेखर शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि इस मामले में कालूसिंह को जमानत पर तत्काल रिहा कर दिया जाए।

# एरिया डोमिनेशन के तहत 132 बदमाशों को दबोचा, 5 वाहन जब्त



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर वेस्ट पुलिस की ओर से बदमाशों के 298 ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस की 47 टीमों ने छापेमारी कर 132 क्रिमिनल्स को अरेस्ट किया है। पुलिस की कार्रवाई एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के तहत की गई। डीसीपी वेस्ट हनुमान प्रसाद ने बताया कि वांछित क्रिमिनल्स और एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के तहत जयपुर वेस्ट जिले में छापामार कार्रवाई की गई। एडिशनल डीसीपी आलोक सिंघल के नेतृत्व में पूरा ऑपरेशन चलाया गया, इसमें सभी एसीपी व थानाधिकारी अपने-अपने पुलिस जाब्ते के साथ मौजूद रहे। पुलिस की बनाई गई 47 टीमों ने बदमाशों के 298 ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की ओर से 141 हिस्ट्रीशीटर को चैक करने के साथ ही आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने 132 क्रिमिनल्स को अरेस्ट किया, जिसमें 19 स्टेंडिंग वारंटी व अन्य वारंटी भी शामिल हैं। एमबी एक्ट के तहत 5 वाहनों को जब्त किया गया है। ऑपरेशन के दौरान आबकारी, आर्म्स, एनडीपीएस व जुआ एक्ट के तहत कुल 23 प्रकरण दर्ज किए गए।

# ट्रेन में आया अटैक, नर्सिंग छात्रा ने सीपीआर देकर बचाई जान

महानगर संवाददाता



**नागौर।** मकराना से परबतसर जा रही ट्रेन में एक युवक को हार्ट अटैक आ गया। इसी दौरान कोच में सफर कर रही नर्सिंग की छात्रा ने सीपीआर देकर उसकी जान बचा ली। ट्रेन में सफर करते हुए अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी थी। छात्रा अपना नर्सिंग का एग्जाम देकर अपने घर परबतसर लौट रही थी। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार एम्स रायपुर से बीएससी नर्सिंग की छात्रा प्राची व्यास नर्सिंग का एग्जाम देकर घर लौट रही थी। इस दौरान उसी ट्रेन में सफर कर रहे ओमप्रकाश नायक निवासी सांचौर को हार्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परबतसर की प्राची व्यास ने समझदारी दिखाते हुए सीपीआर देकर जान बचा ली। प्राची ने उपचार मिलने तक लगातार ओमप्रकाश की पल्स भी चेक करती रही। प्राची ने 20 मिनट तक उसे सीपीआर दी। इस दौरान कोच में करीब 40 लोग सवार थे। प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को परबतसर स्टेशन आने के बाद अस्पताल में जांच के लिए लाया गया। परबतसर निवासी प्राची व्यास बीएससी नर्सिंग की छात्रा है और एम्स रायपुर से अपनी पढ़ाई पूरी कर चुकी है।

# गांजा-स्मैक बेचती तीन महिला तस्कर पकड़ी, 39 हजार जब्त

महानगर संवाददाता

**सीकर।** जिला विशेष शाखा व दांतारामगढ़ पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाली महिला गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने तीन महिला तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जिनसे एक किलो गांजा और 2.2 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने उनसे 39 हजार कैश भी जब्त किया है। इनके खिलाफ तस्करी के पहले से कई मामले दर्ज हैं। आरोपी महिलाएं सांसियों का मोहल्ला रामगढ़ में छिपकर गांजा व स्मैक की तस्करी कर रही थी। लगातार निगरानी के बाद पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर 937 ग्राम गांजा, 2.2 ग्राम स्मैक बरामद की है। आरोपी महिलाओं की पहचान धन्नो देवी, संतरा देवी, संतोष देवी के रूप में हुई है। पकड़ी गईं तीनों आरोपी महिलाएं दांतारामगढ़ सीकर की रहने वाली हैं। इनके खिलाफ पहले भी दांतारामगढ़ थाने में कई केस दर्ज थे, लेकिन ये बड़ी ही चालाकी से कारोबार चला रही थी। पुलिस ने अब तीन अलग-अलग मामले दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है।

# आवारा श्वान ने एक किमी के दायरे में चार जनों पर किया हमला

## घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल, ग्रामीणों ने प्रशासन से की जल्द पकड़ने की मांग

महानगर संवाददाता

**उदयपुर।** नयागांव उपखंड क्षेत्र के पहाड़ा व करावाड़ा ग्राम पंचायत में आवारा श्वान ने एक किलोमीटर के दायरे में 4 लोगों पर हमला कर उन्हें काट लिया, जिनमें एक 3 साल का बच्चा भी शामिल है। बच्चे के होंठ को श्वान ने बुरी तरह नोच डाला, जिससे उसकी हालत गंभीर है। वहीं 11वीं कक्षा के एक छात्र पर भी श्वान ने हमला कर दिया। श्वान ने छात्र के हाथ व पैर पर काट लिया।

श्वान के हमले में घायल हुए सभी लोगों को पहाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज किया और उन्हें एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। श्वान के हमले से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आवारा श्वान को पकड़ने की मांग की है। पहाड़ा पीएचसी के चिकित्साधिकारी रवि कुमार ने बताया कि श्वान ने सबसे पहले रितिका को काटा, जिसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने उसे बचाया। इसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मुख्य गेट के पास कक्षा 11वीं के छात्र आनंद डामोर पर हमला कर दिया, जिसे टीचरों व विद्यार्थियों ने मिलकर बचाया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पहाड़ा अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद पहाड़ा से करीब एक किलोमीटर दूर करावाड़ा पंचायत में भी श्वान ने 2 लोगों को काटा। करावाड़ा माताजी मंदिर के पास श्वान ने बुजुर्ग महिला देवी को काट लिया, जबकि कुछ ही देर बाद उसी गांव में श्वान ने तीन वर्षीय ब्रज के पैर में काट लिया, उसके होंठ को भी नुकसान पहुंचाया। इन दोनों का भी उपचार पहाड़ा में ही किया गया।





### हमले में घायलों को लगाए एंटी-रेबीज इंजेक्शन

पहाड़ा पीएचसी के चिकित्साधिकारी रवि कुमार ने बताया कि पीएचसी पर श्वान के काटने से घायल हुए सभी चार लोगों का उपचार किया गया और उन्हें एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द आवारा श्वान को पकड़ने की मांग की है। कक्षा 11वीं के छात्र आनंद डामोर ने कहा कि जब वह पहाड़ा स्कूल पहुंचा तो गेट पर एक श्वान ने उस पर हमला कर दिया और उसे काट लिया। आनंद ने शोर मचाया, इसके बाद स्कूल का स्टाफ और अन्य छात्र उसकी मदद के लिए आए और उसे बचाया। इसके बाद पहले पहाड़ा स्कूल में उपचार कराया गया और फिर बेहतर इलाज के लिए गुजरात ले जाया गया।

### श्वानों को पकड़ने के लिए कोई संसाधन नहीं

पहाड़ा सरपंच बिंदू गरासिया ने बताया कि श्वान ने स्कूली बच्चों पर हमला किया और इसके बाद उसने करावाड़ा में भी लोगों पर हमला कर उन्हें काटा। सरपंच ने बताया कि उनकी पंचायत में श्वानों पकड़ने के लिए कोई संसाधन उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के बारे में 181 राजस्थान सम्पर्क पर शिकायत दर्ज कराई गई है।

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter



# ब्रजभाषा महिला साहित्यकार सम्मेलन में भक्ति भाव पर हुई चर्चा

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग और कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ब्रजभाषा महिला साहित्यकार सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि आईएएस डॉ. कृष्ण कांत पाठक ने भक्ति के विविध भावों को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि व्यास पीठ प्रमुख डॉ. संजय गोस्वामी, बीज वक्ता प्रसिद्ध साहित्यकार आचार्य ज्योति प्रकाश दुबे रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने कहा कि भक्ति आंदोलन ने जनमानस को गहराई से प्रभावित किया और सामाजिक चेतना को आध्यात्मिक दिशा दी। संगोष्ठी की सह-संयोजक डॉ. धर्मा यादव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सहायक आचार्य श्रुति पाण्डेय ने गीता श्लोक वाचन किया। संगोष्ठी संयोजक एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. शीताभ शर्मा ने संगोष्ठी विषय व सत्रों की रूपरेखा से अवगत करवाया। वहीं, अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने कृष्ण के जीवन की चुनौतियों और उनकी नेतृत्व क्षमता की बात की। प्रथम चर्चा सत्र की अध्यक्षता डॉ. कृष्ण चंद्र गोस्वामी ने की। इस सत्र में वक्ता के रूप में बनारस से डॉ. विद्योत्तमा मिश्र, महाराष्ट्र से डॉ. सुनीति आचार्य और दिल्ली से डॉ. नृत्य गोपाल शर्मा ने ब्रजभाषा साहित्य में कृष्ण भक्ति संप्रदाय और ब्रजभाषा साहित्य विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। दूसरे चर्चा सत्र में अध्यक्ष बैंगलोर से डॉ. मैथिली प्रकाश राव, वनस्थली विद्यापीठ से वक्ता डॉ. अन्नपूर्णा शुक्ला एवं आकाशवाणी दिल्ली से चंद्रवती शर्मा ने कृष्ण भक्ति संप्रदाय के अंतः अनुशासनिक संदर्भ विषय पर चर्चा की। दोनों सत्रों में 12 पत्रवाचन किए गए।

इसमें चित्तौड़गढ़ से आए सहायक आचार्य डॉ. श्याम सुंदर पारीक और आगरा से शोध छात्रा यामिनी कौशिक को सर्वश्रेष्ठ पत्रवाचन के लिए सम्मानित किया गया। सह-संयोजक डॉ. मोहिता चतुर्वेदी शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सत्र संचालन डॉ. विष्णु प्रिया टेमाणी एवं चारुल शर्मा ने किया।

# एसआई भर्ती पेपर लीक प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ की ओर से एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में भर्ती रद्द करने के संबंध में एकलपीठ की ओर से दिए आदेश पर रोक लगाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की गई है। एसएलपी पर सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

एसएलपी में अधिवक्ता ऋषभ संचेती ने कहा कि हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगाते हुए चयनित अभ्यर्थियों को फील्ड ट्रेनिंग कराने की छूट दी है। जबकि फील्ड ट्रेनिंग में कुछ हद तक ट्रेनी एसआई को स्वतंत्र निर्णय और काम करने की छूट दी जाती है। इसके अलावा एकलपीठ ने जिन रिपोर्ट्स के आधार पर भर्ती को रद्द करने योग्य माना था, खंडपीठ ने उन रिपोर्ट्स को अप्रमाणित मान लिया। जबकि सुप्रीम कोर्ट राफेल केस में तय कर चुका है कि दस्तावेज किसी भी माध्यम से मिला हो, यदि वह सही है तो कोर्ट उसे नजरअंदाज नहीं कर सकती। वहीं यदि दागियों को ट्रेनिंग दी जाएगी तो इससे आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास कम होगा। वहीं दूसरी ओर खंडपीठ के अपीलार्थी अमर सिंह व विक्रम पंवार की ओर से मामले में सुप्रीम कोर्ट में कैविएट पेश की गई है।

# शहरी सेवा शिविर से आमजन की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान : भजनलाल शर्मा




महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर शहरी सेवा शिविर के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी शहरी क्षेत्रों में आमजन तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शहरी सेवा शिविर का आयोजन करने जा रही है। 15 सितम्बर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत शहरों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के साथ ही शिविर में जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर शहर-कस्बे में इसका व्यापक असर दिखाई दे, इसके लिए अभियान में सभी अधिकारी गंभीरता एवं सेवाभाव के साथ कार्य करें।

## शिविर से संबंधित समग्र मार्गदर्शिका करें तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना और उनसे जुड़े प्रकरणों का मौके पर ही समाधान करना है। इसके लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक विशेष पोर्टल भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविर के संबंध में विभाग द्वारा समग्र जानकारी की मार्गदर्शिका भी तैयार की जाए।

## शहर होंगे स्वच्छ और सुव्यवस्थित

उल्लेखनीय है कि अभियान के दौरान शहरों में व्यापक स्तर पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नालियों, सीवर लाइन, फेरो कवर और मैनहोल की मरम्मत की जाएगी एवं प्रमुख चौराहों, पार्कों, सामुदायिक केंद्रों और सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यकरण होगा। इसी तरह सड़कों की मरम्मत, सीसी और डामर सड़क पर पेचवर्क का कार्य किया जाएगा।

## नागरिकों को उपलब्ध होंगी त्वरित सेवाएं

शिविर के तहत जन्म-मृत्यु और विवाह पंजीयन, फायर एन.ओ.सी., ट्रेड लाइसेंस, साइनज लाइसेंस, सीवर कनेक्शन, ओएफसी एवं मोबाइल टावर एन.ओ.सी., ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र, अनुमोदित योजनाओं के पट्टे, उपविभाजन-पुनर्गठन, भू-उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, लीज होल्ड से फ्री होल्ड पट्टे जारी करना तथा यूडी टैक्स जमा करवाने की सुगम व्यवस्था की जाएगी।

### सरकार ने गठित की उच्च स्तरीय परियोजना मॉनिटरिंग इकाई

# खनन क्षेत्रों में विशेषज्ञों की तय की जाएगी भागीदारी : रविकांत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेश में खनिज से जुड़े सभी पहलुओं के योजनाबद्ध क्रियान्वयन, समन्वय, प्रबंधन, प्रभावी मॉनिटरिंग आदि सहित माइनिंग सेक्टर में देश दुनिया में हो रहे नवाचार और नवीनतम तकनीक और उसके प्रदेश में उपयोग सहित विभिन्न बिंदुओं के संबंध में विभाग द्वारा उच्च स्तरीय परियोजना मॉनिटरिंग इकाई (पीएमयू) का गठन किया गया है।

खान एवं भू-विज्ञान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने बताया कि प्रदेश में क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक खनिजों के साथ ही प्रधान व अप्रधान खनिजों के विपुल भंडारों को देखते हुए पीएमयू के गठन से खनिज क्षेत्र को और अधिक गतिशील बनाया जाएगा। इससे खानें शीघ्र परिचलन में आने के साथ ही निवेश एवं रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पीएमयू के गठन के साथ ही खनन क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों को 7 सेक्टरों में चिह्नित किया गया है। इसके लिए विभाग के वरिष्ठ व विशेषज्ञ अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय महेश माथुर को नोडल अधिकारी व अधीक्षण अभियंता सतर्कता जयपुर प्रताप मीणा को सह प्रभारी बनाया गया है।

एक्सप्लोरेशन व ऑक्शन का प्रभारी आरएसएमईटी के सीईओ आलोक जैन को बनाया गया है। उनकी टीम प्रदेश ड्डमें कोमोडिटी, मिनरल ग्रेड, खनन के प्रकार सहित विभिन्न बिंदुओं पर कार्य करेगी। इसी तरह ऑक्शन किए गए माइनर और मिनरल ब्लॉकों को अतिशीघ्र परिचालन में लाने के लिए संबंधित स्टेक होल्डर्स व खनन विभाग सहित संबंधित विभागों से समन्वय बनाते हुए आवश्यक अनुमतियां दिलाने में सहयोग के साथ ही शीघ्र परिचालन में लाने का कार्य करेगी। इस दल का प्रभारी अधीक्षण अभियंता सतर्कता जयपुर प्रताप मीणा को बनाया गया है।



## रुकेगी छीजत, बढ़ेगा राजस्व

टी. रविकांत ने बताया कि विभाग का जोर खनन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाने और राजस्व में किसी भी तरह की छीजत को रोकना भी है। इसके लिए वित्तीय सलाहकार गिरीश कछारा को प्रभारी बनाते हुए मॉनिटरिंग सहित सभी आवश्यक जिम्मेदारियां दी गई हैं। डीएमएफटी के कार्य को गति देने और राशि के बेहतर उपयोग की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी अधीक्षण भू-वैज्ञानिक सुनील कुमार को दी गई है। इस दल द्वारा डीएमएफटी फंड के अन्य प्रदेशों में उपयोग को लेकर अध्ययन सहित योजना, क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग का फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा।

## श्रेष्ठ कार्य करने वाली खानों को करेंगे प्रोत्साहित

प्रमुख शासन ने बताया कि अधीक्षण खनिज अभियंता जयपुर एनएस शक्तावत को सस्टेनेबल माइनिंग, ऑटोमेशन और तकनीक सेक्टर का प्रभारी बनाया गया है। इनका दल श्रेष्ठ कार्य करने वाली खानों को प्रोत्साहित करने, स्टार रैंकिंग, बंद व कार्य नहीं कर रही खानों में इको टूरिज्म की संभावनाओं और क्रियान्वयन, डम्प ओवरवर्डन आदि के रिसाइक्लिंग व उपयोग के साथ ही विभागीय सिस्टम को नई तकनीक से जोड़ने और पेपरलेस करने की दिशा में कार्य करेगा।

## खनिज क्षेत्र में शोध एवं विकास को मिलेगा बढ़ावा

टी रविकांत ने बताया कि खनिज क्षेत्र में शोध एवं विकास को बढ़ावा देने, अधिकारियों के रि-ओरिएंटेशन, खनन क्षेत्र से जुड़े स्टेक होल्डर्स व विभाग के बीच साझा मंच उपलब्ध कराने, देश-दुनिया में तकनीक में आ रहे बदलाव से रूबरू कराने सहित इस तरह के कार्यों के लिए कॉन्क्लेव, सेमिनार, संगोष्ठियां, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा व आयोजन का कार्य किया जाएगा। इस दल का प्रभारी अधीक्षण खनिज अभियंता अजमेर जय गुरुबख्सानी को एवं सहप्रभारी अधीक्षण भू-वैज्ञानिक संजय सक्सेना को बनाया गया है। पीएमयू ने भी कार्य शुरू कर दिया है।

# युवाओं के लिए प्रेरणा बनी गोनेर की अनुकृति

महानगर संवाददाता




**जयपुर।** गोनेर की अनुकृति व्यास आज देश की जानी-मानी कंटेंट क्रिएटर और दिव्यांगजन इन्फ्लुएंसर के रूप में युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 11 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं। वे लगातार लाइफस्टाइल, फैशन और ब्यूटी से जुड़ा कंटेंट शेयर करती हैं। अनुक्रिति ने मिस इंडिया एबिलिटी टॉप z @mmwindia का खिताब जीता है और अब तक 200 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड प्रमोशन्स कर चुकी हैं। इसके साथ ही वे कोरियन ब्यूटी कोरिया ब्रांड की एम्बेसडर भी हैं। सबसे खास बात यह है कि अनुकृति अपना हर काम (मेकअप, फैशन और कंटेंट क्रिएशन) स्वयं करती हैं। अपनी इस आत्मनिर्भरता और मेहनत से वे हजारों लोगों को मोटिवेट कर रही हैं कि हौसला और जुनून हो तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता।

# धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

महानगर संवाददाता



**जयपुर।** स्वेज फार्म, रामनगर विस्तार स्थित भीमेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर विकास समिति की ओर से आयोजित श्रीमद्भगवद् कथा महोत्सव में के चौथे दिन गुरुवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आचार्य नरेन्द्रकृष्ण गौड़ महाराज ने रामकथा और कृष्ण जन्म कथा के प्रसंग सुनाए तो सभी भक्तगण नृत्य करने लगे। इस अवसर पर टॉफी, चॉकलेट, फल और कपड़ों की बधाइयां बांटी गई। इस अवसर पर पंडित सुरेंद्र शर्मा, रामकिशन सैनी, बाबू लाल सैनी, एडवोकेट दीपक शर्मा, भंवर सिंह, दक्ष शर्मा, रजत शर्मा सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित रहे। समिति के महामंत्री और कार्यक्रम के यजमान वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को राम-कृष्ण की विविध लीलाएं सुनाई जाएंगी।

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज सेमिनार 21 को

**जयपुर (मसं)।** रोटरी क्लब जयपुर अशोक के तत्वावधान में रोटरी जिला 3056 पब्लिक इमेज सेमिनार का आयोजन 21 सितम्बर को होटल क्लार्क्स आमेर में होगा। सेमिनार में रोटरी प्रांत के 300 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी पब्लिक इमेज जोनल कोऑर्डिनेटर सुभाष कुलकर्णी करेंगे। आयोजन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रज्ञा मेहता एवं डीएलएफ अजय काला प्रमुख मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे।

अन्य प्रमुख वक्ताओं में पीडीजी प्रदुमन पाटनी, पीडीजी बलवंत चिराना, जगदीप सिंह, पीडीजी निर्मल कुनावत, पीडीजी डॉ. राखी गुप्ता, डीजीई अरुण बगड़िया, विक्रम शर्मा शामिल होंगे। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य है कि स्वैच्छिक संगठनों के प्रति सद्भाव की छवि को जनमानस तक और प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रिंट, सोशल और डिजिटल मीडिया में आ रहे बदलावों के अनुरूप नई रणनीतियाँ और उपाय तय किए जाएं। कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। सेमिनार में राजस्थान के विभिन्न शहरों से आए प्रतिनिधियों के समक्ष प्लास्टिक उपयोग के उन्मूलन पर एक एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे।

# जयपुर में न्यायिक कार्य का बहिष्कार करेंगे अधिवक्ता

**जयपुर (महानगर संवाददाता)।** दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन, जयपुर के अधिवक्ता शुक्रवार को एक दिन के लिए न्यायिक कार्य बहिष्कार करेंगे। यह बहिष्कार केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन लाल मेघवाल के उच्च न्यायालय की वर्चुअल बैंच की स्थापना के वक्तव्य के विरोध में किया जाएगा।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत ने बताया कि अधिवक्ताओं ने स्वैच्छिक रूप से न्यायिक कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस दौरान राजस्व और न्यायिक न्यायालयों में उपस्थित नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई की प्रस्तावित बीकानेर यात्रा के दौरान बीकानेर में राजस्थान उच्च न्यायालय की सर्किट बैंच की स्थापना के बारे में जारी वक्तव्य को मद्देनजर बार एसोसियेशन के सभी सदस्य अधिवक्ताओं में रोष है। इसी संदर्भ में ये निर्णय लिया गया है।

# चयनित होने के बावजूद नियुक्ति नहीं देने पर मांगा जवाब

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम कोटा की सफाई कर्मचारी भर्ती-2012 में एक ही परिवार से तीन सदस्यों के चयनित होने पर उनमें से केवल एक को ही नियुक्ति देने पर प्रमुख स्वायत्त सचिव, विभाग के आयुक्त और नगर निगम कोटा-दक्षिण से जवाब मांगा है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि चयनित होने के बाद भी याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति से वंचित क्यों किया गया है। जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने यह आदेश सीता चौहान व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता योगेश टेलर ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने साल 2012 की सफाई कर्मचारी भर्ती में भाग लिया था। इसमें याचिकाकर्ताओं के परिवार के तीन सदस्यों का चयन हुआ, लेकिन नियुक्ति एक सदस्य को ही दी गई। मामले में हाईकोर्ट ने 11 फरवरी 2025 को याचिकाकर्ताओं को संबंधित पक्षकारों के समक्ष प्रतिवेदन देने और अधिकारियों को प्रतिवेदन का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। जिस पर नगर निगम कोटा-दक्षिण ने 9 जुलाई 2025 को याचिकाकर्ताओं का प्रतिवेदन अस्वीकार कर दिया और खाली पदों का हवाला देकर उन्हें कार्यग्रहण नहीं कराते हुए कहा कि एक परिवार से एक ही व्यक्ति को नियुक्ति दी जाएगी। इसे याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में पुनः चुनौती दी।

# न्युवोको ने शुरू किया 'मेरा भरोसा जीरो एम आईडब्ल्यूसी' अभियान

महानगर संवाददाता

**मुम्बई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने अपना 'मेरा भरोसा न्युवोको जीरो एम' अभियान शुरू किया है, जिसके तहत मॉडर्न बिल्डिंग मटेरियल्स (एमबीएम) बिजनेस के अपने प्रमुख उत्पाद न्युवोको जीरो एम आईडब्ल्यूसी+ के लिए 300 डीलरों को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है। न्युवोको का एमबीएम बिजनेस इसके 360-डिग्री कंस्ट्रक्शन इकोसिस्टम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो हाई-परफॉर्मेंस फिनिशिंग सॉल्यूशंस प्रदान करता है। तेजी से बढ़ते बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए, एमबीएम में जीरो एम ब्रांड के तहत कंस्ट्रक्शन कैमिकल्स, मल्टीपर्पज बॉन्डिंग और वॉटरप्रूफिंग एजेंट्स, वॉल पुट्टी, टाइल और स्टोन एडहेसिव, टाइल ग्राउट, रेडी-मिक्स ड्राई प्लास्टर, ब्लॉक जॉइनिंग मोर्टार, ड्राई बैग कंक्रीट और कवर ब्लॉक्स शामिल हैं। मार्केटिंग हैड चिराग शाह ने कहा कि मेरा भरोसा न्युवोको जीरो एम+ अभियान के माध्यम से, हम अपने बिजनेस के सच्चे नायकों अपने डीलरों का जश्न मना रहे हैं। न्युवोको में, हम जानते हैं कि भरोसा जमीनी स्तर पर बनता है और सच्ची विश्वसनीयता उन लोगों से आती है जो हर दिन हमारे ग्राहकों की सेवा करते हैं।

# वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन



## देवगांव ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को दी बैंक योजनाओं की जानकारी

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बैंक ऑफ इण्डिया ने देवगांव पंचायत में वित्तीय समावेशन एवं संतृप्ति अभियान शिविर का आयोजन किया।

शिविर में वित्तीय सेवा विभाग के उप सचिव धीरज भास्कर, महाप्रबन्धक एवं संयोजक, एसएलबीसी राजस्थान एम. अनिल, आयोजना विभाग के संयुक्त सचिव सी.पी. मंडावरिया, उप महाप्रबन्धक एसएलबीसी राजकुमार मीना, आरबीआई से अक्षय गुंबर और मैडम चेतना गोयल, राजेश जैन अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक ऑफ इण्डिया के न्यू दिल्ली कार्यालय से उप महाप्रबन्धक अजय, राज्य प्रमुख एवं उप महाप्रबन्धक राजेश कुमार सिंह, सहायक महाप्रबन्धक सुनील कुमार वर्मा एवं राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर, देवगांव पंचायत के आस-पास संचालित सभी बैंकों और सभी बैंकों के बीसी ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और री-केवाईसी की सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में जन सुरक्षा योजनाओं के आवेदन एकत्रित किए गए और ग्राहकों के री-केवाईसी किए गए।

धीरज भास्कर ने जन सुरक्षा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और वित्तीय सेवाओं के निरंतर सुचारू वितरण को सुनिश्चित करने के लिए समय पर री-केवाईसी की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होने व्यक्तिगत रूप से ग्रामीणों के साथ बातचीत की और उनकी शिकायतों का भी समाधान किया। सीपी मंडावरिया ने भी ग्रामीणो को साइबर धोखाधड़ी से बचने के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की। एम. अनिल ने भी ग्राहकों को संतृप्ति शिविरों और री-केवाईसी के महत्व के बारे में जानकारी दी।

### नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 को

# अब आसान होगी जयपुर से नवी मुंबई की यात्रा

महानगर संवाददाता

**जयपुर/मुंबई।** नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन इस महीने के अंत तक हो जाएगा। जिससे जयपुर से नवी मुंबई की यात्रा और भी सुलभ हो जाएगी, जो की मुंबई के विमानन सेवा को नया आकार देने वाला है। यात्री-अनुकूल दोहरे हवाई अड्डे के मॉडल, अत्याधुनिक टर्मिनलों और वैश्विक स्तर की सुविधाओं के साथ, यह सुविधा क्षमता, सुविधा और कनेक्टिविटी के मामले में नए मानक स्थापित करती है, जो दुबई, लंदन और न्यूयॉर्क जैसे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डों को टक्कर देती है।

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई, सितंबर के अंत में उल्वे और पनवेल के पास, नवी मुंबई में रणनीतिक रूप से स्थित नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के उद्घाटन के साथ विमानन के क्षेत्र में एक नए युग में प्रवेश कर रही है। अब, मुंबई दुबई के डीएक्सबी-डीडब्ल्यूसी, लंदन के हीथ्रो-गैटविक और न्यूयॉर्क के जेएफके-नेवार्क जैसे दोहरे हवाई अड्डों के मॉडल के लिए पूरी तरह तैयार है।

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (सीएसएमआईए) वर्षों से, मुंबई को भारत और बाकी दुनिया से जोड़ता रहा है, जहां सालाना 5 करोड़ से ज्यादा यात्री आते हैं, मुंबई एयरपोर्ट पर बढ़ते एयर ट्रैफिक के चलते मुंबई को एक दूसरे अंतर्राष्ट्रीय केंद्र की तत्काल आवश्यकता थी। जिससे मुंबई एयरपोर्ट का यात्राभर सुलभ हो जाएगा। नवी मुंबई के पहले चरण में टर्मिनल 1 की शुरुआत की गई है, जो सालाना 2 करोड़ यात्रियों को संभालने के लिए बनाया गया है और इसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों सेवाएं शामिल हैं। कमल से प्रेरित इसका डिजाइन, एक भव्य छत संरचना, प्रचुर प्राकृतिक प्रकाश और टिकाऊ निर्माण प्रथाओं को दर्शाता है। यह वास्तुशिल्प चमत्कार सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक महत्वाकांक्षा का एक प्रतीकात्मक मिश्रण है।



## टर्मिनल के अंदर ये सुविधाएं होंगी उपलब्ध

स्वचालित कियोस्क और बायोमेट्रिक सत्यापन से सुसज्जित अगली पीढ़ी के चेक-इन क्षेत्र। विश्वस्तरीय बैगेज क्लेम सिस्टम, जिसे दुनिया में सबसे तेज़ बताया गया है। विशाल प्रतीक्षालय और सिंगल-लेन मार्ग और उन्नत स्कैनिंग के साथ स्मार्ट सुरक्षा लाइनें। बड़े मास्टरप्लान में 2032 तक चार टर्मिनल बनाने की परिकल्पना की गई है, जो सामूहिक रूप से प्रति वर्ष 9 करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होंगे। इन सुविधाओं में लचीला गेट प्रबंधन, स्वचालित बोर्डिंग और निर्बाध डिजिटल प्रोसेसिंग शामिल होगी, जिससे व्यस्ततम यातायात के दौरान भी यात्रा सुगम हो सकेगी।

## यात्री, कार्गो और विमानन पारिस्थितिकी तंत्र

हवाई अड्डा यात्रियों को सर्वप्रथम अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। टर्मिनल के अंदरूनी हिस्से में खुलापन, सहज मार्ग-निर्धारण, कला प्रतिष्ठान और हरियाली पर ज़ोर दिया गया है। कई मंजिलों पर बने लाउंज रनवे के दृश्य प्रदान करेंगे, जबकि डाइनिंग कोर्ट में मुंबई के प्रसिद्ध स्ट्रीट फूड के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय व्यंजन भी मिलेंगे। मुफ्त वाई-फाई, फैमिली लाउंज, बिजनेस पॉड्स और डिजिटल नेविगेशन टूल जैसी सुविधाएं कॉर्पोरेट यात्रियों से लेकर पर्यटकों और पहली बार हवाई यात्रा करने वालों तक, हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करेंगी।




# कार्तिक आर्यन और श्रीलीला से लेकर व्योम और साची तक

## बॉलीवुड की नई ऑन-स्क्रीन जोड़ियां, जिन्हें देखने का है इंतजार

**बॉलीवुड** हमेशा से ही केमिस्ट्री पर टिका रहा है। वह जोश, वह आकर्षण जो दो कलाकारों के बीच कहानी को अविस्मरणीय बना देता है। जहां कई आइकॉनिक जोड़ियों ने समय की पहचान बनाई है, वहीं अब नई पीढ़ी की ताज़ा जोड़ियां पर्दे पर नई ऊर्जा लेकर आने वाली हैं। आइए जानते हैं उन रोमांचक जोड़ियों के बारे में, जिन्हें दर्शक बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं।

### कार्तिक आर्यन और श्रीलीला




यंग जनरेशन के सबसे लोकप्रिय सितारों में से एक कार्तिक आर्यन पहली बार श्रीलीला के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। यह जोड़ी अनुराग बासु की अनटाइटल्ड म्यूजिकल लव स्टोरी में दिखाई देगी। कार्तिक का आकर्षण और श्रीलीला की चंचलता मिलकर रोमांस और एंटरटेनमेंट का बेहतरीन मेल पेश करेंगे।

### हर्षवर्धन राने और सोनम बाजवा



हर्षवर्धन राने की दमदार इंटेंसिटी और सोनम बाजवा की शालीनता व जोश का मेल इस जोड़ी को खास बनाता है। अपनी अलग पहचान के लिए मशहूर यह जोड़ी मिलाप जावेरी की रोमांचक कहानी एक दीवाने की दीवानियत में नजर आएगी, जो इस दिवाली सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर ने पहले ही दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।

### आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना



आयुष्मान खुराना अपनी सहज अभिनय शैली और दमदार परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं। वे रश्मिका मंदाना के साथ थामा में स्क्रीन साझा करेंगे, जो मैडॉक फिल्म्स की रोमांटिक ड्रामा फिल्म है और इस दिवाली रिलीज होगी। दोनों की जोड़ी में ताजगी, अपनापन और सार्वभौमिक अपील है। रोमांटिक कहानियों के लिए बिल्कुल सही मेल।

### व्योम और साची



नई पीढ़ी के प्रतिभाशाली कलाकारों में व्योम और साची एक चर्चित जोड़ी बनते जा रहे हैं। मन्नु क्या करेगा? में उनकी जोड़ी दर्शकों की उत्सुकता का केंद्र है। उनकी कच्ची प्रतिभा, युवाओं की ऊर्जा और बेबाक उपस्थिति उन्हें भारतीय सिनेमा की नई कहानियों का चेहरा बनाती है। ट्रेलर, गाने और उनकी सार्वजनिक उपस्थिति ने दर्शकों का ध्यान खींच लिया है और फिल्म इस शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।




# सोनाक्षी सिन्हा ने बॉलीवुड में पूरे किए 15 साल

## जहीर इकबाल ने खास अंदाज में मनाया जश्न

**अभिनेत्री** सोनाक्षी सिन्हा की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दबंग' को लगभग 15 साल पूरे हो गए हैं। सोनाक्षी ने इसी फिल्म से अपना डेब्यू किया था। ऐसे में इंडस्ट्री में अभिनेत्री के भी 15 साल पूरे हो गए। इस खुशी के मौके पर अभिनेत्री और उनके पति और अभिनेता जहीर इकबाल ने सोशल मीडिया पर फिल्म का मशहूर डायलॉग रिक्रिएट किया।

वीडियो में जहीर और सोनाक्षी फिल्म दबंग के मशहूर डायलॉग 'थप्पड़ से डर नहीं लगता' को मजेदार अंदाज में दोहराते नजर आए। वीडियो में इस डायलॉग के बीटीएस (बिहाइंड द सीन) भी दिखाए गए। सोनाक्षी ने वीडियो को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर कैप्शन में लिखा और बस ऐसे ही... 15 साल हो गए। इसी के साथ ही अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से जुड़े कुछ सीन और तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि पांडे जी, रज्जो और दबंग दुनिया को 15 साल पूरे हो चुके हैं। इसी के साथ ही अभिनेता जहीर सोनाक्षी के इंडस्ट्री में 15 साल पूरे होने की खुशी में उनको डिनर डेट पर ले गए, जिसकी तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की।

तस्वीरों में सोनाक्षी एक डेजर्ट के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। टेबल पर 'हैप्पी 15 इयर्स' लिखा हुआ है। जहीर ने कैप्शन में लिखा कि 15 साल तक धमाल मचाने की बधाई मेरी जान! मुझे तुम पर गर्व है। ये तो बस शुरुआत है। फिल्म 'दबंग' की बात करें तो इसमें सलमान खान, अरबाज खान और विनोद खन्ना के साथ सोनाक्षी ने 'रज्जो' का किरदार निभाया था। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होने से पहले ही सोनाक्षी को लेकर दर्शकों में उत्साह था। उन्होंने अपनी पहली ही फिल्म में शानदार अभिनय से सभी का दिल जीत लिया और आलोचकों से भी खूब तारीफ बटोरी। इसके बाद सोनाक्षी ने 'लूटेरा', 'राउडी राठौर', 'कलंक', 'दहाड़' जैसी फिल्मों में अपनी अभिनय की छाप छोड़ी। हाल ही में संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' में उनके किरदार को भी खूब सराहा गया। सोनाक्षी के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो वह जल्द ही सुधीर बाबू संग सुपरनेचुरल एक्शन थ्रिलर फिल्म जटाधारा में नजर आएंगी। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है।

# डायना पेंटी ने बताया, 'डू यू वाना पार्टनर' शो में उन्हें क्या सबसे ज्यादा भाया

**वेब सीरीज** 'डू यू वाना पार्टनर' बहुत जल्द ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। इसमें डायना पेंटी, तमन्ना भाटिया, श्वेता तिवारी, जावेद जाफरी, नकुल मेहता, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंह जैसे सितारे हैं। 'डू यू वाना पार्टनर' की रिलीज से पहले डायना पेंटी ने आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने सीरीज की खासियत के बारे में बताया। डायना ने यह भी रिवील किया कि उन्होंने इस सीरीज को क्यों चुना। अभिनेत्री ने बताया कि इसकी स्क्रिप्ट को सुनने के बाद काफी आकर्षित हुईं। डायना पेंटी ने आईएएनएस से कहा, 'दोनों लड़कियों की दोस्ती ने मुझे अपनी ओर आकर्षित किया। मेरे मन में पहला ख्याल यही आया कि मैं रियल लाइफ में ऐसा करती। मुझे लगा कि यह बहुत ही खूबसूरती से लिखा गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बहुत ही वास्तविक है। मैं भी अपनी सबसे अच्छी दोस्त के साथ ऐसे ही बातचीत करती या बस वे चीजें करती, जो इसमें लिखी थीं। कुछ भी बढ़ा-चढ़ाकर नहीं लिखा गया था। बस बहुत ही रोजमर्रा की और बहुत ही वास्तविक कहानी, जिस तरह से वे साथ घूमती हैं, साथ में पार्टी करती हैं। उन्होंने साथ मिलकर एक व्यवसाय शुरू किया है, उनकी कठिनाइयां, झगड़े, बहस, सब कुछ बिल्कुल स्वाभाविक था और हमारी दोस्ती में जो हम देखते हैं, उसके बिल्कुल अनुरूप था। 'डू यू वाना पार्टनर' में दो सहेलियों की कहानी है, जो खुद का अल्कोहल ब्रांड लॉन्च करने के लिए पार्टनर बन जाती हैं। डायना ने आगे कहा, 'यह मेरे लिए एक ताजगी भरी बात थी क्योंकि मुझे नहीं लगता, मेरा मतलब है कम से कम मुझे तो ऐसा नहीं लगता, मैं हाल ही में किसी ऐसे शो या फिल्म के बारे में नहीं सोच सकती, जिसमें दो लड़कियां हैं, दो लड़कियों की दोस्ती शो या फिल्म का मुख्य पहलू हो। यह तथ्य कि दोनों लड़कियां ऐसे युग में यह नया बिजनेस शुरू कर रही हैं, जहां स्टार्टअप ही सब कुछ है। पिछले कुछ समय में स्टार्टअप कल्चर बहुत तेजी से बढ़ा है। इसलिए यही सब बातें थीं, जिन्होंने मुझे वास्तव में इस स्क्रिप्ट की ओर आकर्षित किया।



# कुब्रा सैत को 'राइज एंड फॉल' में उपमा ने रुलाया





**अपनी** दमदार एक्टिंग और अनूठे चुनावों से दर्शकों के दिलों में जगह बनाने वाली अभिनेत्री कुब्रा सैत अब एक नए सफर पर निकल पड़ी हैं। उन्होंने टीवी के रियलिटी शो राइज एंड फॉल में भाग लिया है, जिसे आशीत ग्रोवर होस्ट कर रहे हैं। इस शो में प्रतियोगियों को ऐसी चरम परिस्थितियों में डाला जाता है जो वास्तविक दुनिया में धन और सत्ता की असमानताओं को दर्शाती हैं और उन्हें ऐसी परिस्थितियों में ढलने पर मजबूर करती हैं, जिनकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। फिलहाल 'राइज एंड फॉल' में नजर आ रही कुब्रा ने इंस्टाग्राम पर एक रील साझा की है, जिसमें उन्होंने अपने पहले के जीवन में विदेशी व्यंजनों का आनंद लेने और वर्तमान में साधारण व सीमित भोजन पर निर्भर रहने के बीच का अंतर दिखाया। इनमें से एक डिश, उपमा, उनके लिए भावनात्मक रूप से बेहद कठिन अनुभव बन गया।

रील में कुब्रा कहती हैं, 'उपमा को देखकर रोना शायद आपको बेवकूफी भरी बात लगे, लेकिन मुझे सच में यह पसंद नहीं है। दरअसल मुझे बचपन से ही उपमा नापसंद है, और अब जब मुझे इसे नियमित रूप से खाना पड़ रहा है तो मुझे रोना आ रहा है।' गौरतलब है कि कुब्रा ने उपमा को 'कंक्रीट' जैसा बताते हुए अपने वीडियो के कैप्शन में लिखा है 'देखिए, इसी चीज़ ने मुझे रुला दिया। उपमा। सुल्तान, रेडी, और सिटी ऑफ लाइफ जैसी फिल्मों में काम कर चुकी कुब्रा सैत ने वर्षों में खुद को एक बहुआयामी कलाकार के रूप में स्थापित किया है, लेकिन नेटफ्लिक्स की सेक्रेड गेम्स में कुकू की भूमिका ने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई। हाल ही में वह अजय देवगन के साथ सन ऑफ सरदार 2 में नजर आईं कुब्रा जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज द ट्रायल के दूसरे सीजन में सना की भूमिका में भी लौटने वाली हैं।

# करिश्मा तन्ना ने 'स्कूप' की शूटिंग के पहले दिन को किया याद



**अभिनेत्री** करिश्मा तन्ना ने अपनी सुपरहिट वेब सीरीज 'स्कूप' के सेट से पुरानी यादों को बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर सेट से कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'नॉस्टैल्जिया! 'स्कूप' के सेट पर पहला दिन... ऐसा लगता है जैसे कल की बात हो। घबराहट, उत्साह, बार-बार रिहर्सल और मन में एक आवाज जो कह रही थी, %यह कुछ खास होने वाला है।% यह सफर कितना शानदार रहा। पहले दिन की बेचैनी से लेकर उन यादों तक, जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेंगी। इस अध्याय, इसमें शामिल लोगों और साथ में बनाए गए जादू के लिए हमेशा आभारी रहूंगी। इसी के साथ ही अभिनेत्री ने डायरेक्टर हंसल मेहता, नेटफ्लिक्स और पूरी टीम को धन्यवाद दिया। यह सीरीज साल 2023 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। सच्ची घटना पर आधारित यह सीरीज पत्रकार जिग्ना वोरा की किताब %बिहाइंड बार्स इन बायकुला: माई डेज इन प्रिजन% पर आधारित है। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित इस सीरीज में करिश्मा तन्ना ने पत्रकार जागृति पाठक की भूमिका निभाई है, जिन पर पत्रकार ज्योतिर्मयी डे की हत्या में शामिल होने का आरोप लगा था, लेकिन बाद में उन्हें बरी कर दिया गया। यह सीरीज मीडिया के काम करने के तरीके, पुलिस और अंडरवर्ल्ड के गठजोड़ और मीडिया में व्यवसाय के दखल जैसे मुद्दों को दर्शाती है। इस सीरीज ने करिश्मा को गंभीर और कहानी-केंद्रित किरदारों की दुनिया में एक नई पहचान दिलाई। दर्शकों और समीक्षकों ने उनकी एक्टिंग की जमकर तारीफ की थी।

करिश्मा तन्ना छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने साल 2001 में टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से अपने कॅरियर की शुरुआत की। वह 'बाल वीर', 'नागिन 3', और 'कयामत की रात' जैसे टीवी सीरियल्स में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने कई फिल्में भी की हैं, जिनमें 'दोस्ती: फ्रेंड्स फॉरएवर', 'ग्रैंड मस्ती', और 'संजू' जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके अलावा, वह ओटीटी पर भी किस्मत आजमा चुकी हैं। उन्होंने वेब सीरीज 'करले तू भी मोहब्बत' और 'स्कूप' में भी काम किया है। वह रियलिटी शो 'बिग बॉस 7' की रनर-अप रहीं। उन्होंने 'झलक दिखला जा' और 'खतरों के खिलाड़ी' जैसे रियलिटी शो भी किए। वह 'खतरों के खिलाड़ी 10' की विजेता भी रही हैं।



# 'ज्यादा बोलोगे बबुआ तो...' अक्षरा सिंह का कड़क अंदाज, फैंस ने पूछा, 'आप इतनी स्ट्रॉन्ग कैसे हो?'

**भोजपुरी** सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी दमदार एक्टिंग, सुरीली आवाज और स्टाइलिश लुक से वह लाखों दिलों पर राज करती हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने खास अंदाज में तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती रहती हैं। अक्षरा ने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसने उनके चाहने वालों का दिल जीत लिया। इस फोटो में उनका लुक और उनके कैप्शन ने लोगों का खूब ध्यान खींचा। इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीरों में अक्षरा सिंह बेहद कूल और कैजुअल लुक में नजर आ रही है। उन्होंने ब्लू कलर की एक लूज टी-शर्ट पहन रखी है, जिस पर 'मॉन्ट्रियल 95 एथलेटिक्स लीग' लिखा हुआ है। इसके साथ उन्होंने ब्लैक कलर की फिट लेगिंग्स और ब्लू कलर के मोजे पहने हैं। सिर पर उन्होंने न्यूयॉर्क यांकीज की कैप लगाई हुई है, जो उनके पूरे लुक को एक अलग ही स्टाइल दे रही है। अक्षरा ने इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ज्यादा बोलोगे बबुआ तो,' और इसके आगे उन्होंने फ्लेक्स्ड बाइसेप्स के इमोजी का इस्तेमाल किया।

उन्होंने कैप्शन के जरिए मस्तीभरे लेकिन चेतावनी वाले अंदाज में कहा कि जो ज्यादा बोलेगा, उसे जवाब भी मिलेगा। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर फैंस काफी प्रति या दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'आप तो जिम में भी हीरोइन लग रही हो!' दूसरे फैन ने लिखा, 'कड़क लग रही हो आज तो!' कई फैंस ने हार्ट और फायर इमोजी भेजकर अपने दिल की बात बयां की। वहीं, कुछ ने मासूमियत से पूछा, 'आप इतनी स्ट्रॉन्ग कैसे हो?' इससे पहले अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो रील पोस्ट की थी, जिसमें वह बॉबी देओल और प्रीति जिंटा की फिल्म 'सोल्जर' का गाना 'मेरे ख्वाबों में' पर लिप्सिंक करती दिखी। उन्होंने अपने वैनिटी वैन में मिरर के सामने खड़े होकर इस रील को बनाया। गाने के बोल के साथ-साथ वह डांस करती दिखी।

## अर्बन-को ऑपरेटिव बैंक का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित



# सहकारिता से ही बनेगी सशक्त राष्ट्र की राह : बागडे

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आर्थिक रूप से सुदृढ़ लोगों को सहकारिता से जोड़ने के लिए सहकारिता क्षेत्र के शहरी बैंक को समाज को आर्थिक रूप से सशक्त करने को अपना ध्येय बनाना होगा। गरीब, जरूरतमंद को मुख्य धारा में लाने के उद्देश्य से सहकारी बैंक कार्य करेंगे तभी, सही मायने में सबका साथ सबका विकास को हम साकार कर पाएंगे और राष्ट्र और प्रदेश के विकास में तेजी आएगी।

यह बात राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गुरुवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में सहकार भारती एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के राष्ट्रीय अधिवेशन में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के व्यवसायी देशभर में आर्थिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने शहरी सहकारी बैंकों के जरिए अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभान्वित किए जाने पर भी विशेष रूप से जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि कॉपरेटिव बैंक ना केवल हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि यह लाखों लोगों को, उनके परिवारों के लिए आजीविका का एक मजबूत स्रोत भी है। उन्होंने कहा कि सहकार में अपने लिए नहीं, बल्कि सबके विकास की सोच होनी चाहिए। डेनमार्क में सहकारिता से कृषि और डेयरी का जो विकास हुआ है, वह प्रेरित करने वाला है। उन्होंने सहकारिता में भारत के तेजी से आगे बढ़ने की चर्चा करते हुए कहा कि दुग्ध उत्पादन में विश्वभर में हमारा देश पहले स्थान पर है। सहकारिता को प्रभावी गति देने से इस क्षेत्र के माध्यम से हम सर्वांगीण विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने सहकारिता के इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि हमारे यहां सबसे पहले सयाजीराव गायकवाड़ जी ने बड़ोदा में एक अर्ध-सहकारी कारखाना स्थापित किया था। इसके बाद विखे पाटिल और धनंजयराव गाडगिळ ने 1949 में प्रवरा सहकारी चीनी कारखाना की स्थापना की।

### 'सहकारिता से सभी का विकास संभव'

राज्यपाल ने कहा कि सहकारिता से सभी का समान आर्थिक विकास, रोजगार जनन और सामूहिक विकास संभव है। उन्होंने राजस्थान में अधिकाधिक सहकारी बैंक स्थापित करने पर जोर दिया। साथ ही राजस्थान में सरस की सहकारी गतिविधियों की सराहना करते हुए डेयरी के साथ अन्य उत्पादों का भी सहकारिता की सोच से प्रभावी विपणन करने का आह्वान किया।

### राज्यपाल ने कुलगुरु प्रो. प्रजापति का त्याग पत्र स्वीकार किया

जयपुर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलगुरु प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा कुलगुरु पद से दिए गए त्याग पत्र को स्वीकार किया है। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल को प्रो. प्रजापति ने त्याग पत्र स्वीकार करने और कार्यमुक्त करने का निवेदन किया था।

## तीन ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** रेलवे प्रशासन की ओर से अतिरिक्त यात्रीभार के मद्देनजर 3 ट्रेनों में कोचों की संख्या में अस्थाई बढ़ोतरी की जाएगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 04827/04828 भगत की कोठी (जोधपुर) बांद्रा टर्मिनस, भगत की कोठी (जोधपुर) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में भगत की कोठी (जोधपुर) से 27 सितंबर को एवं बांद्रा टर्मिनस से 28 सितंबर को 3 थर्ड एसी व 2 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09721/09722 जयपुर-उदयपुर सिटी-जयपुर ट्रेन में जयपुर से 14 से 30 सितंबर तक एवं उदयपुर सिटी से 15 सितंबर से एक अक्टूबर तक 1 थर्ड एसी व 1 साधारण श्रेणी कोच तथा गाड़ी संख्या 20987/20988 उदयपुर सिटी-असारवा-उदयपुर सिटी ट्रेन में उदयपुर सिटी से 14 से 30 सितंबर तक एवं असारवा से 15 सितंबर से एक अक्टूबर तक 1 थर्ड एसी व 1 साधारण श्रेणी कोच लगाया जाएगा।

## एजीटीएफ और प्रतापगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

# प्रतापगढ़ में पकड़ी 50 करोड़ कीमत की एमडी ड्रग फैक्ट्री


**17.4 किलो एमडी पाउडर और 70 किलो केमिकल व उपकरण जब्त**

- **25 हजार का इनामी मोस्ट वांटेड तस्कर जम्मू लाला गिरफ्तार**
- **हाल ही आरोपी की एक करोड़ की संपत्ति भी हुई थी फ्रीज**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने प्रतापगढ़ जिले के थाना पीपलखूंट और डीएसटी के सहयोग से एमडी ड्रग बनाने की अवैध फैक्ट्री का खुलासा किया है। मौके से 25 हजार रुपए के इनामी मोस्ट वांटेड आरोपी जमशेद उर्फ जम्मू लाला निवासी देवल्दी को गिरफ्तार कर फैक्ट्री से भारी मात्रा में एमडी पाउडर, केमिकल पदार्थ, एमडी ड्रग बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए हैं। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 करोड़ रुपए आंकी गई है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन के निर्देशन और उपमहानिरीक्षक पुलिस दीपक भार्गव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशा राम चौधरी, सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। टीम का नेतृत्व प्रतापगढ़ जिला एसपी बी. आदित्य ने किया। उल्लेखनीय है कि एजीटीएफ की कई टीमें इनामी बदमाशों, गैंगस्टर, तस्करों इत्यादि के बारें में आसूचनाएं एकत्रित कर लगातार धरपकड़ की कार्रवाई कर रही हैं। यह कार्रवाई भी इसी का एक हिस्सा है।



### टीम को मिले थे इनपुट

टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल महावीर सिंह और कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार को आरोपी के बारे में इनपुट मिले थे। इस सूचना पर इन्होंने रैकी कर पुष्टि की, जिसमे टांडा बड़ा, सरहद बोरी मोजल के ईश्वर मीणा के झोपड़े में इनामी तस्कर जमशेद उर्फ जम्मू लाला द्वारा एमडी ड्रग बनाने की जानकारी मिली। बाद में छापा मारा गया। फैक्ट्री से पुलिस ने आरोपी जमशेद उर्फ जम्मू लाला पुत्र फकीरगुल पठान (33) निवासी देवल्दी थाना अरनोद को गिरफ्तार कर करीब 50 करोड़ रुपए कीमत का 17.4 किलोग्राम एमडी पाउडर, 70 किलो ग्राम से अधिक केमिकल पदार्थ, एमडी ड्रग बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया।

### पहले भी जब्त की थी 40 करोड़ की एमडी

यह मामला 16 दिसंबर 2024 का है, जब एजीटीएफ और थाना अरनोद पुलिस ने देवल्दी गांव में छापा मारा था। यहां से पुलिस ने 40 करोड़ रुपए कीमत के 11.450 किलोग्राम लिक्विड एमडीएमए, 14.770 किलोग्राम अन्य लिक्विड केमिकल, 4.900 किलोग्राम केमिकल और 2.500 किलोग्राम सफेद पाउडर सहित एमडी बनाने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण जब्त किए थे। इस मामले में आरोपी याकूब पुत्र फकीरगुल, जमशेद उर्फ जम्मू लाला और साहिल पुत्र सलीम निवासी देवल्दी थाना अरनोद प्रतापगढ़ फरार हो गए थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए एसपी प्रतापगढ़ ने 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

### पुलिस ने हाल ही फ्रीज की थी अवैध संपत्ति

जांच में पुलिस को पता चला कि मुख्य आरोपी याकूब खां मादक पदार्थों की तस्करी से अवैध संपत्ति अर्जित कर रहा था। वित्तीय जांच में सामने आया कि उसने वर्ष 2024 में अपनी पत्नी बखमीना बी के नाम पर मध्य प्रदेश के जावरा स्थित हुसैन टेकरी क्षेत्र में एक होटल, लॉज खरीदा था। जिसकी बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ रुपए है। इसके बाद प्रतापगढ़ पुलिस ने सक्षम प्राधिकारी भारत सरकार के निर्देश पर एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68एफ(1) के तहत इस संपत्ति को 28 अगस्त को फ्रीज कर दिया।

### संयुक्त टीम की अहम भूमिका

संयुक्त कार्रवाई में एजीटीएफ के हेड कांस्टेबल महावीर सिंह, कांस्टेबल नरेंद्र पाटीदार की विशेष भूमिका रही। वहीं प्रतापगढ़ डीएसटी के प्रभारी उपनिरीक्षक रविंद्र पाटीदार सहित टीम के सदस्यों उपनिरीक्षक पन्नालाल, एएसआई प्रताप सिंह, कांस्टेबल विनोद, नरेंद्र सिंह, पंकज, रमेश चंद, हेमेंद्र सिंह, संदीप, रमेश चंद व अरविंद सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसएचओ पीपलखूंट नरेश पाटीदार और उनकी टीम भी इस कार्रवाई का हिस्सा रही।

## मुख्य सचिव ने किया राजस्थान को देशभर में रोल मॉडल बनाने का आह्वान

# नए आपराधिक कानूनों की क्रियान्विति में गंभीरता से किया जाए कार्य : पंत



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि नए आपराधिक कानून देश की न्यायिक प्रक्रिया को और सुदृढ़ बनाने के साथ आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप राज्य में इन कानूनों के क्रियान्वयन के लिए गंभीरता से कार्य हो और प्रदेश को देशभर में रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाए।

पंत गुरुवार को शासन सचिवालय में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि अनुसंधान अधिकारियों को नए कानूनों के प्रावधानों की स्पष्ट जानकारी हो, इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही आमजन को भी नए कानूनों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाए जाए। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में गवाहों के इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से साक्ष्य लेने, एफआईआर दर्ज करने और सम्मन जारी करने जैसे प्रावधान किए गए हैं, जिनसे न्यायिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी तथा अनावश्यक समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम की स्थापना, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण, पुलिस स्टेशनों पर हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा, पर्याप्त मानव संसाधनों की नियुक्ति तथा आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### 'नियमित समीक्षा बैठकें करें जिलास्तरीय अधिकारी'

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि नए कानूनों के तहत अनुसंधान एवं प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इसके लिए जिलास्तरीय अधिकारियों को नियमित रूप से समीक्षा बैठकें करनी चाहिए और क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का समय पर समाधान करना चाहिए। उन्होंने विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कानूनों की बेहतर और प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर ए सावंत, शासन सचिव वित्त (व्यय) नवीन जैन, शासन सचिव सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अर्चना सिंह सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2025 की उत्तर कुंजी जारी

## 18 सितंबर तक दर्ज करा सकेंगे आपत्ति

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से गत 17 अगस्त को आयोजित पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के मास्टर प्रश्न पत्र तथा इनकी प्रारंभिक उत्तर कुंजियां बोर्ड की वेबसाइट www.rssb.rajasthan.gov.in पर जारी कर दी गई हैं।

बोर्ड सचिव डॉ. बी.सी. बधाल ने बताया कि परीक्षार्थी किसी प्रश्न अथवा उत्तर के संबंध में अपनी आपत्ति निर्धारित शुल्क के साथ 16 सितंबर रात्रि 12 बजे से 18 सितंबर रात्रि 12 बजे से पहले तक बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकते हैं। परीक्षा में ऑफलाइन आवेदन कर सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी 16 सितंबर सुबह 10 बजे से 18 सितंबर शाम 6 बजे तक व्यक्तिशः उपस्थित होकर बोर्ड कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आपत्ति जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा में अलग-अलग सेट के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए गए थे। परीक्षार्थी के प्रश्न पत्र में किसी प्रश्न के उत्तर के दिए गए विकल्पों का क्रम भी अपलोड किए गए मास्टर प्रश्न पत्र के प्रश्न के उत्तर के विकल्पों में भिन्न क्रम में हो सकता है। इसलिए परीक्षार्थियों से अपेक्षा है कि वे बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किए गए मास्टर प्रश्न पत्र की प्रश्न संख्या व उत्तर के विकल्पों के क्रम के आधार पर ही आपत्तियां दर्ज कराएं।

### प्रत्येक आपत्ति का शुल्क 100 रुपए निर्धारित

डॉ. बधाल ने कहा कि बोर्ड द्वारा प्रत्येक आपत्ति का शुल्क 100 रुपए निर्धारित किया गया है। परीक्षार्थी द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन आपत्ति के लिंक पर जाकर अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से आपत्ति दर्ज करवाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में परीक्षार्थी विस्तृत जानकारी बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

## प्रवासी राजस्थानी दिवस पर देश-विदेश में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# प्रदेश में निवेश और सहयोग को मिलेगा बल

## दस दिसंबर को होगा आयोजन

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 10 दिसंबर को प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न राज्यों और विश्वभर में फैले राजस्थानी प्रवासी समुदाय की उपलब्धियों का उत्सव मनाने और उनकी राज्य के विकास में सतत सहभागिता के लिए साझा मंच प्रदान करने की यह एक ऐतिहासिक पहल है। इस आयोजन के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। उनकी विशेषज्ञता का उपयोग राज्य के विकास में हो सकेगा। साथ ही उनके द्वारा प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, उद्योग और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में दिए गए सहयोग को जानने और समझने का अवसर मिलेगा।

प्रवासी राजस्थानी दिवस के अवसर पर हैदराबाद, सूरत और कोलकाता आदि शहरों के साथ-साथ संयुक्त अरब अमीरात (दुबई और अबूधाबी) में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रवासी राजस्थानी सम्मेलनों, रोड शो की एक श्रृंखला आयोजित होगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रवासी समुदाय की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित होगी। इसके अलावा प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रवासी सदस्यों द्वारा संचालित विषयगत सत्रों का आयोजन भी किया जाएगा। निवेश, नवाचार और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लक्ष्य के साथ इन्हें नीति निर्माताओं और हितधारकों से जोड़ने के लिए विशेष रूपरेखाएं विकसित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आयोजन के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को प्रत्येक क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और अन्य राज्यों व देशों में कार्यरत राजस्थानी मूल के अधिकारियों के साथ मजबूत संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।



### उपलब्धियों के लिए मिलेगा पुरस्कार

प्रदेश के साथ प्रवासी राजस्थानियों के भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करने के लिए आयोजन के दौरान एक लघु फिल्म 'पंच गौरव' दिखाई जाएगी, जिसमें राजस्थान के जिलों की विरासत और गौरव पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके अतिरिक्त, सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रवासी राजस्थानियों को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रवासी राजस्थानी सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

### प्रवासी राजस्थानी दिवस के बारे में

राजस्थान सरकार द्वारा 10 दिसंबर को मनाया जाने वाला प्रवासी राजस्थानी दिवस अपने वैश्विक प्रवासी समुदाय से जुड़ने की प्रमुख पहल है। प्रवासी संपर्क के लिए राज्य के नोडल विभाग, राजस्थान फाउंडेशन के नेतृत्व में, इस आयोजन का उद्देश्य प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाकर उनकी साझा पहचान का जश्न मनाना है। इससे ना केवल विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार के साथ सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे, बल्कि प्रवासी राजस्थानियों के साथ सांस्कृतिक संबंध भी मजबूत होंगे।

# प्रदेशभर में 17 से लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रदेशभर में ग्रामीण सेवा शिविरों का आयोजन 17 सितंबर से होगा। पूर्व में 18 सितंबर से आयोजित होने वाले गांव चलो अभियान का नाम अब 'ग्रामीण सेवा शिविर' किया गया है, जो एक दिन पूर्व 17 सितंबर से प्रारंभ होगा।

पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि अभियान के प्रथम सप्ताह में लगने वाले शिविर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार (17, 18, 19 एवं 20 सितंबर) को प्रत्येक दिवस 2 ग्राम पंचायतों में आयोजित होने हैं। शेष अभियान के शिविर सप्ताह के प्रत्येक गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को प्रत्येक दिवस 2 ग्राम पंचायतों में लगेंगे। उन्होंने बताया कि सभी पंचायत समितियों की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित होने तक अभियान की अवधि रहेगी। पंचायतीराज मंत्री ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन एवं स्वीकृतियां, स्वास्थ्य शिविर, स्वामित्व योजना के तहत पट्टो के लिए आवेदन, स्वीकृतियां एवं वितरण, दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव के तहत 10 हजार और गांव में बीपीएल परिवारों का सर्वे, बिजली तारों एवं खंभों इत्यादि में सुधार, स्वच्छता और पौधरोपण आदि जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे।


## ऑनलाइन गिरदावरी में किसानों की भागीदारी से राजस्थान रच रहा इतिहास, खरीफ गिरदावरी संवत 2082 में डिजिटल तकनीक और जनभागीदारी से अर्जित की अभूतपूर्व उपलब्धि

# राज्य में 1.11 करोड़ से ज्यादा खसरों का डिजिटल क्रॉप सर्वे पूर्ण

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान ने खरीफ गिरदावरी संवत 2082 में डिजिटल तकनीक और जनभागीदारी से अभूतपूर्व उपलब्धि अर्जित की है। इस बार गिरदावरी केवल सरकारी कार्य नहीं है, बल्कि यह किसानों, सर्वेयर और पटवारियों का साझा अभियान बन गया है। डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) के तहत अब तक 42 हजार से अधिक ग्रामों के लक्ष्य की कुल 32 फीसदी उपलब्धि अर्जित करते हुए राज्य में अब तक एक करोड़ से अधिक खसरों की फोटोयुक्त व लोकेशन आधारित गिरदावरी (डीसीएस) की जा चुकी है।

राजकिसान गिरदावरी एप के माध्यम से गत एक अगस्त को राज्यभर में आरंभ हुए ऑनलाइन अभियान के तहत अब तक अकेले किसानों के स्तर से 10 लाख से अधिक खसरों की गिरदावरी की जा चुकी है, जो किसानों द्वारा एप के आधार पर अब तक की गई गिरदावरी का कीर्तिमान है। गूगल प्लेस्टोर से राजकिसान गिरदावरी एप डाउनलोड कर कोई भी किसान अपने मोबाइल पर स्वयं गिरदावरी कर सकता है। यह केवल आंकड़ों की कहानी नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के किसानों की मेहनत, भागीदारी और विश्वास की गाथा है। राजस्थान राज्य खरीफ गिरदावरी 2025 को लेकर अब पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायी उदाहरण बनने जा रहा है।




### कई जिलों में 60 फीसदी से अधिक गिरदावरी

राज्य के सीकर, नागौर, चूरू एवं डीडवाना-कुचामन जिलों में 60 फीसदी से अधिक गिरदावरी की जा चुकी है। इसी प्रकार बाड़मेर, जोधपुर, नागौर, फलोदी तथा सवाईमाधोपुर जिलों में किसानों द्वारा स्वयं गिरदावरी का उत्कृष्ट कार्य किया गया हैं। कृषक स्तर से ऑनलाइन गिरदावरी का बढ़ता आंकड़ा आपका खसरा, आपकी गिरदावरी, आपका अधिकार के ध्येय वाक्य को चरितार्थ कर रहा है।

### 15 अक्टूबर तक होगा कार्य

खरीफ संवत 2082 के तहत डीसीएस कार्य 15 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। सभी गांवों में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त युवा, पटवार सहायक अथवा ग्राम प्रतिहारी, कृषक मित्र, कृषि सखी, ई-मित्र संचालक और ग्राम के युवाओं को भी गिरदावरी कार्य से जोड़ा जा रहा है। पटवारी स्तर पर चयनित प्राइवेट सर्वेयर भी गिरदावरी कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गत रबी गिरदावरी के दौरान लगभग 40 हजार सर्वेयर नियुक्त किए गए थे। खरीफ 2082 में भी प्राइवेट सर्वेयर के सहयोग से राजस्थान में गुणवत्तापूर्ण व सटीक गिरदावरी कार्य किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25